राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

लखनऊ, शनिवार, 20 अप्रैल 2024
वर्ष 05, अंक 200, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

कोप में लगा 25 के वी पावर का ट्रांसफार्मर जला गांव के लोग रोशनी को तरसे....02

ईरानी कब्जे से लौटी महिला बोली- वहां अच्छा बर्ताव हुआ ...12

# अब नैनो यूरिया प्लस का उत्पादन करेगी इफको

● यह सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता और दक्षता को भी बढ़ाएगा जिससे किसान की आय दोगुनी में मदद करेगी। डा. अवस्थी।

● केंद्र सरकार ने दी हरी झंडी।

स्वतंत्र प्रभात

ब्यूरो चीफ। दया शंकर त्रिपाठी।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता की इफको ने पूरी दुनिया अभूतपूर्व उर्वरक क्रांति किया है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की समावेशी विकासशील दूरदृष्टि के समर्थन से ही संभव हो सकी। सहकारिता आंदोलन में नयी गति और प्राण डाल देने, वाले नीति पुरुष, सहकारिता एवं गृहमंत्री अमित शाह के प्रोत्साहन से ही आसमानी रफ्तार पकड़ने में अग्रसर है। इफ़को का उत्पाद 'नैनो यूरिया', भारत सरकार द्वारा अनुमोदित वह पहला उर्वरक है जिसने पूरी दुनिया में कृषि क्रांति को नया मुहावरा दिया। यह एक क्रांतिकारी कृषि आदान है, जो पौधों को नाइट्रोजन प्रदान करता है। यह किसानों के लिए स्मार्ट कृषि में सहयोगी और जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने का स्थायी विकल्प है।

इफ़को ने जून 2021 में दुनिया का पहला नैनो यूरिया उर्वरक शुरू किया था। यह भारत सरकार द्वारा अनुमोदित पहला नैनो उर्वरक है और फ़र्टिलाइज़र कंट्रोल आर्डर ( एफ़सीओ ) में शामिल किया गया था । इस नैनो यूरिया में नाइट्रोजन 4 प्रतिशत था। अब इसे पांच गुना बढ़ाकर 20 फीसदी करके इसका नाम भी बदला गया है। नाइट्रोजन की बढ़ी मात्रा के बाद इसे नैनो यूरिया प्लस 20 प्रतिशत नाम दिया गया है।

इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड ने दुनिया में पहली बार लिक्विड नैनो यूरिया तैयार किया है। इससे फसलों की पैदावार बढ़ेगी और किसानों की आमदनी बढ़ सकेगी। इफको और केंद्र सरकार अब कृषि में नैनो खाद के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है। इसका कारण है बोरी वाली खाद पर दी जाने वाली सब्सिडी। सरकार पर खाद की सब्सिडी का हजारों करोड़ का कर्ज प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। इससे उबरने के लिए अब नैनो यूरिया को बाजार में लाया गया । यही नहीं पर्यावरण के लिहाज से भी नैनो खाद को बेहतर माना जा रहा है। हालांकि किसानों का रुझान अभी भी बोरी वाली दानेदार खाद पर अधिक है। इसे कम करने के लिए अब नैनो यूरिया प्लस 20 प्रतिशत उत्पाद तैयार किया गया है। नैनो यूरिया का निर्यात प्रधानमंत्री के 'सहकार से समृद्धि' और आत्मिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इफको ने देशभर में नैनो उर्वरक के इस्तेमाल को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया। इफको ने अपने इस अभियान के तहत 2,500 कृषि-ड्रोन खरीद की एवं नमो ड्रोन दीदी कार्यक्रम के तहत ग्रामीण महिलाओं को ड्रोन चलाने के लिए प्रशिक्षित किया। इसका श्रेय प्रयोगधर्मिता और नित नये अन्वेषणों के ऊर्जा स्रोत, कर्मयोगी, इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी को भी है। यह उन्हीं के प्रयासों का नतीजा है कि दुनिया भर की सहकारी संस्थाओं में आज इफको शीर्ष पर है।

सरकार ने अगले तीन वर्षों के लिए देश में सहकारी इफको द्वारा निर्मित किए जाने वाले एक नए उत्पाद 'नैनो यूरिया प्लस' उर्वरक के विनिर्देशों को अधिसूचित किया है। नैनो यूरिया प्लस नैनो यूरिया का एक नया संस्करण है जो महत्वपूर्ण विकास चरणों में फसल की नाइट्रोजन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए है। गजट अधिसूचना के अनुसार, सरकार ने 16 प्रतिशत नाइट्रोजन के साथ








भारत का राजपत्र
The Gazette of India



तरल रूप में नैनो यूरिया प्लस को मंजूरी दे दी है। इसमें कहा गया है कि इस उत्पाद का निर्माण सहकारी प्रमुख इफको द्वारा तीन साल की अवधि के लिए किया जाएगा।

इफको का नैनो यूरिया प्लस नैनो यूरिया का एक उन्नत फॉर्मूलेशन है जिसमें महत्वपूर्ण विकास चरणों में फसल की नाइट्रोजन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पोषण को फिर से परिभाषित किया गया है। इसका उपयोग मिट्टी के स्वास्थ्य, किसान की लाभप्रदता और टिकाऊ पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए पारंपरिक यूरिया और अन्य नाइट्रोजनयुक्त उर्वरकों के स्थान पर किया जाता है। इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा है कि यह सूक्ष्म पोषक तत्वों की उपलब्धता और दक्षता को भी बढ़ाता है। उन्होंने कहा, यह एक क्लोरोफिल चार्जर है, पैदावार बढ़ाता है और जलवायु-स्मार्ट खेती में मदद करता है। इफको प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने बताया कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण





मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नैनो यूरिया प्लस को तीन साल अधिसूचित किया गया है। जिसके तहत इफको नैनो यूरिया प्लस के उत्पादन को मंजूरी मिल गई है।

नैनो यूरिया प्लस की कीमत में कोई बृद्धि नहीं की जाएगी तथा यह 225 रुपये की दर से 500 मिली बोतलों में उपलब्ध होगा। नैनो यूरिया प्लस पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना पौधो के विकास में सहायता करेगा। इसका उद्देश्य देश के किसानों को लाभ पहुंचाना तथा आत्मनिर्भर भारत व आत्मनिर्भर कृषि को बढ़ावा देना। इफको फूलपुर इकाई में शीघ्र ही नैनो प्लस का उत्पादन अन्य इकाइयों के साथ शुरू हो जाएगा।

# कस्बा मनकापुर में विद्युत विभाग की लापरवाही कहे या बद इंतजामी दोनों बातें सटीक बैठ रही

● विकासखंड मुख्यालय के गेट पर ही जमीन से करीब 2 फीट ऊंचाई पर मनकापुर उतरौला मुख्य मार्ग से सटकर रखा गया ट्रांसफार्मर खुलेआम आम राह गीरो के मौत को दावत दे रहा है

स्वतंत्र प्रभात







**गोंडा।** जनपद गोंडा के कस्बा मनकापुर में विद्युत विभाग की लापरवाही कहे या बद इंतजामी दोनों बातें सटीक बैठ रही हैं। लगातार कई वर्षों से विकासखंड मुख्यालय के गेट पर ही जमीन से करीब 2 फीट ऊंचाई पर मनकापुर उतरौला मुख्य मार्ग से सटकर रखा गया ट्रांसफार्मर खुलेआम आम राह गीरो के मौत को दावत दे रहा है। इसके साथ ही कस्बा सहित मनकापुर उतरौला मुख्य मार्ग पर रोड के ऊपर से 11000 बोल्ट की लाइन के तार को बगैर सपोर्ट जाल के इस तरफ से उसे तरफ विभाग द्वारा मनमानी करते हुए खींचकर अपने दायित्वों की तो इस श्री कर ली गई है। जिससे हाई वोल्टेज तारों के नीचे रोड क्रास कराते समय बिना जाल के लगे इन तारों से आम राह गीरो के सर पर खतरा मंडराता नजर आ रहा है।

गर्मी और लू के थपेड़ों से बढ़ रही तपिश के कारण बिजली की बड़ी मांग से तार कब कहां कट कर गिर जाए कुछ नहीं कहा जा सकता है।लेकिन विभाग इन सब बातों को नजरअंदाज करते हुए अपने दायित्वों की इतिश्री करके आम जनमानस की जान को जोखिम में डाल रहा है। तथा आए दिन जनपद में विद्युत तारों से हो रही आगजनी जैसी बड़ी घटनाओं को भी देखकर विद्युत विभाग की आंखें नहीं खुल रही है। जिससे किसी न किसी दिन बड़ी अनहोनी की आशंका को नकारा नहीं जा सकता है। वही इस संबंध में जब मुख्य अभियंता विद्युत देवी पाटन मंडल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह सब डायनेमिक चीज हैं खतरा कोई चाहत नहीं है कि खतरा हो लेकिन संघन बस्तियों में और मार्केट में चौराहों पर जाल का प्रोविजन होता है। बाकी ग्रामीण क्षेत्र में कोई जाल का प्रोविजन नहीं है। यदि संघन बस्तियों में तार बगैर जाल के रोड क्रॉस कराए गए हैं तो इसका इंस्ट्रूमेंट बनवा करके शीघ्र ही जाल लगवा दियाजाएगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### शैक्षिक सत्र शुरू होते ही खुलने लगे डग्गामार स्कूल, विभाग मौन





**रूद्रपुर, देवरिया।** शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही तहसील क्षेत्र में डग्गामार स्कूल खुलने लगे हैं। इन स्कूलों में मनमानी चरम पर हो रही है। भवन से लेकर नौनिहालों को ढ़ोने वाले वाहन तक जर्जर हाल में हैं। जिससे उन्होंने बच्चों के जीवन को खतरा उत्पन्न होता रहता है। विदित हो कि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि बिना मान्यता के कोई भी स्कूल संचालित नहीं होना चाहिए। बावजूद इसके बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारियों के मौन साधने के कारण सत्र शुरू होते ही बिना मान्यता के स्कूल खुलने लगे हैं। ये स्कूल संचालक लुभावने पोस्टर,बैनर और मुफ्त एडमिशन का लॉलीपॉप देकर अभिभावकों को गुमराह करते हैं। इन स्कूलों में मानक के विपरीत शिक्षकों से आधी अधूरी शिक्षा दिलाई जाती है। वास्तव में ये स्कूल शिक्षा के केंद्र नहीं बल्कि धन उगाही के केंद्र साबित हो रहे हैं। इन स्कूलों की बाढ़ से जहां एक तरफ परिषदीय विद्यालयों में नामांकन प्रभावित हो रहा है वहीं मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों के सामने भी संकट पैदा हो रहा है। दूसरी ओर ज्यादातर विद्यालय कक्षा 5 की मान्यता लेकर आठवीं तक तथा आठवीं की मान्यता लेकर हाई स्कूल तक शिक्षा का झुनझुना बांट रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी मौन साधे हैं जिससे डग्गामार स्कूल संचालकों का हौसला बुलंद हैं। ब्लाक क्षेत्र के नगवां व झुंगिया चौराहे पर ऐसे ही स्कूल चल रहे हैं।

### कमरे में बंद होकर युवक ने लगाई फांसी

**अलीगढ़,।** थाना देहलीगेट क्षेत्र के इंद्रा नगर में एक युवक ने अपने घर के कमरे में फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया है। जिसमें युवक ने लिखा है कि वह न तो अच्छा पति बन पाया, न अच्छा पिता, न अच्छा बेटा बना। आत्महत्या के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया। स्वजन ने भी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

# आग का कहर जारी सैकड़ो बीघा गेहूं जलकर हुए राख

● सोनहा की आग से झुलस कर मौत हो गई। गेहूं की सैकड़ों बीघे की फसल जलकर राख हो

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में जिले में इन दिनों लगातार आग का तांडव जारी है। अलग-अलग बीस स्थानों पर लगी विकराल आग से रिहायशी मकान और कई घरों में आग का कहर बना रहा। बुद्धू शर्मा (65) निवासी बैदौली थाना सोनहा की आग से झुलस कर मौत हो गई ।गेहूं की सैकड़ों बीघे की फसल जलकर राख हो गई। आगलगी से लाखों रुपये की संपत्ति नष्ट हो गई। आग लगने की सूचना पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारी दिनभर दमकल लेकर आग बुझाते में हलकान रहे। गुरुवार को भी रिहायशी झोपड़ी और करीब 100 बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। 20 जगहों पर लगी आग की घटनाओं



में दर्जनों किसानों के अरमान आग में जल गए।

छावनी थाना क्षेत्र के बबुरहवा गांव में बिजली के शार्ट सर्किट से फैली आग से करीब सात बीघे गेहूं की खड़ी फसल जल गई। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक ग्रामीणों ने आग बुझाने में कड़ी मशक्कत किया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के जवानों ने आग पर काबू पाया। थाना क्षेत्र के सोनबरसा ग्राम पंचायत के बबुरहवा गांव में गुरुवार दिन में भौसिया पंप कैनाल को जाने वाली 33 हजार लाइन से तेज हवाओं के बीच आग लग गई। शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से आग तेजी से फैल गई। इस अग्निकांड में विनोद पाठक, परमात्मा, मानिकराम की गेहूं की खड़ी फसल जल कर बर्बाद गई। ग्रामीणों ने गेंहू की ट्रैक्टर से जुटाई कर आग को फैलने से दमकल आने तक रोका। लालगंज के हटवा, वाल्टरगंज के जिनवा,सोनहा के नरखोरिया, पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के सबईईया व सरला कालेज के बगल गेहूं के खेत जलकर राख हो गए हैं। गेहूं का खेत जले हुए किसानों का बुरा हाल है।

# मंडी समिति तिकुनिया में सरकारी क्रय केंद्र पर व्यापारी की दबंगई का मामला आया सामने

स्वतंत्र प्रभात





**तिकुनिया/खीरी** तिकुनिया मंडी में इन दिनों गेंहू की खरीद के लिए सरकार ने कई क्रय केंद्र को संचालित किया है की किसी भी किसान को कोई दिक्कत न हो वो अपनी फसल सही कीमत में विक्री कर सके इसके लिए सरकार का दावा है की 24 घंटे में किसान की बेची गई फसल का भुगतान प्राप्त हो जायेगा इसी में प्राइवेट व्यापारी अपनी कमाई कैसे करे इसकी जुगत में लगे हुए है मजे की बात तो ये है की एक किसान ने मंडी समिति तिकुनिया बेयर हाउस में लगे क्रय केंद्र पर 18/4/2024 को सुबह करीब 10.30 पर गेंहू की तौल कराई थी जिसके कागज़ दस्तावेज भी दे दिए थे किसान ने जब अपने कागज़ समिट करने को बोला तो उसे रात करीब 8 बजे तक इंतजार करना पड़ा फिर भी कागज़ समिट नही किए गए सुबह आने को बोला गया जब किसान सुबह करीब 10 बजे गया तो उसको बताया गया की अभी रुको मसीन नही चल रही है काफी देर इंतजार करने के बाद भी जब काम नहीं हुआ इतने में एक व्यापारी तिकुनिया निवासी चीनू आते है और क्रय केंद्र संचालक के पड़ोस में खड़े होकर बाते करते है और मासीन उठाकर ले जाते है एक कमरे में बैठे किसान के अंगूठा लगवाते है बाकी किसान बैठे नजारा देख कर एक किसान बोलता है की आप तो 2235 में खरीद कर यहां सांठ गांठ कर विक्री कर रहे हम लोग भूखे प्यासे कल रात 8 बजे तक इंतजार किए है फिर सुबह से बैठे है इस पर व्यापारी भड़क जाता है वही बैठे पत्रकार ने अपना परिचय दिया तो व्यापारी उसकी तरफ भड़क कर दौड़ता है और बोलता है मेरा गेंहू नही कास्तकार का है अब सवाल इस बात का उठता है व्यापारी की दुकान मंडी समिति वेयर हाउस से करीब 500 मीटर की दूरी पर है और व्यापारी अपनी दुकान पे खरीद करता है तो क्रय केंद्र के चक्कर क्यों लगता है इस पूरे मामले का वीडियो सोशल मिडिया में वायरल है वायरल वीडियो में भी दिख रहा है की व्यापारी की जेब में अन्य कई लोगो के कागज मौजूद है इन्ही चंद व्यापारियों की वजह से महज किसान ही बड़ी में मेहनत के बाद अपनी फसल बेच पाते है बाकी किसानों की फसल व्यापारी ही खरीद कर क्रय केंद्र पर आसानी से बेच कर अपनी मोटी कमाई करते है।

# सी बी आई की एंटी करप्शन ब्रांच ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर को बीस हजार रूपये के साथ रंगे हाथ किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया।** पूर्वी यूपी में सीबीआई ऐक्शन मोड में है। सीबीआई लखनऊ की एंटी करप्शन ब्रांच ने एक दिन पहले पोस्ट आफिस के आनंदनगर सब डिवीजन के सीनियर ड्यूटी इंस्पेक्टर एसडीआई को 20 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। बुधवार की रात रेलवे कर्मचारी के स्थानान्तरण के बाद कार्यमुक्त करने के नाम पर घूस लेते रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर संजय कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई के ताबड़तोड़ ऐक्शन से हड़कंप मच गया है। रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर की गिरफ्तारी देवरिया जिले के सलेमपुर रेलवे स्टेशन स्थित उनके आवास से हुई। वहीं महाराजगंज से पकड़े गए एसडीआई को बुधवार को कोर्ट से जेल भेज दिया गया। एसडीआई के खिलाफ कार्रवाई गोरखपुर की चाणक्यपुरी कॉलोनी में रहने वाले डाक सहायक मनोज कुमार विश्वकर्मा की शिकायत पर की गई थी। बृजमनगंज उप डाकघर में तैनात डाक सहायक मनोज कुमार विश्वकर्मा ने सीबीआई से शिकायत की थी कि वह आनंदनगर उप डाकघर में तैनात थे, जहां से उन्हें बृजमनगंज उप डाकघर में स्थानान्तरित किया गया था। वह निजी कारणों से वापस आनंदनगर तैनाती चाहते थे। इसके लिए एसडीआई आलोक चौधरी 40 हजार रुपये रिश्वत मांग रहे हैं। मंगलवार को सीबीआई ने चौधरी को घूस लेते दबोचा था।

वहीं, अपने आवास पर ट्रैक मैन से घूस लेते पकड़े गए सीनियर सेक्शन इंजीनियर संजय कुमार को लेकर सीबीआई टीम लखनऊ रवाना हो गई। सलेमपुर में तैनात रेल ट्रैकमैन चंद्रकेश का स्थानान्तरण हो गया है, लेकिन सीनियर सेक्शन इंजीनियर संजय कुमार कार्यमुक्त नहीं कर रहा था। साथ ही कार्य मुक्त करने के लिए 50 हजार रुपये की मांग कर रहा था। कई बार चंद्रकेश गिड़गिड़ाया





भी, लेकिन संजय पर इसका असर नहीं पड़ा। परेशान चंद्रकेश ने इसकी शिकायत सीबीआई की लखनऊ शाखा में कर दी। इसके बाद सीबीआई के डिप्टी एसपी लखनऊ विपिन कुमार सिंह के निर्देश पर कार्रवाई शुरू हुई। बुधवार की रात सीबीआइ की टीम सलेमपुर पहुंची।

चंद्रकेश को सीबीआइ टीम के सदस्यों ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर के घर भेजा। जैसे से ही चंद्रकेश ने संजय को 20 हजार रुपये एडवांस दिया, टीम ने तत्काल रंगे हाथ आरोपित को पकड़ लिया। टीम के पकड़ने के बाद खलबली मच गई। टीम तत्काल संजय को लेकर गोरखपुर के लिए रवाना हो गई। तीन महीने पहले सीबीआई ने तरकुलवा के कंचनपुर स्थित बैंक में छापेमारी की और एक कर्मचारी को ऋण देने के नाम पर रुपया लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके अलावा सीबीआइ भटनी में भी इस तरह की कार्रवाई कर चुकी है।

## पहले भी ग्राम प्रधान ने जेसीबी मशीन से तालाब खुदाई कराकर फर्जी मस्टर रोल के द्वारा प्राप्त किया है सरकारी धन

● ग्राम प्रधान के कारनामों की चर्चा जिले में बना चर्चा का विषय

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकासखण्ड कप्तानगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खजुरिया मिश्र से जुड़ा मामला मामला प्रकाश में आया कि मनरेगा मजदूरों को दरकिनार करते हुए रात में जेसीबी से तालाब की खुदाई हो रही थी प्रधान और रोजगार सेवक ग्राम पंचायत अधिकारी की मिली भगत से मनरेगा मजदूरों के पेट पर जेसीबी से खुदाई हो रही है ऐसे में मजदूरों के ऊपर आर्थिक संकट बढ़ता चला जा रहा है प्रशासन मामले को गंभीरता से लेती तो लोग ट्रैक्टर और जेसीबी से कामना करवाते लेकिन शासन प्रशासन की उदासीनता के कारण के कारण प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी मनमानी रवैया से मनरेगा मजदूरों के प्रीत पर ढाका डाल रहे हैं और मनरेगा मजदूरों को धमकी दिया जा रहा है कि गलत



बयान बाजी से तुम लोगों का जॉब कार्ड निरस्त हो सकता है सरिया मिश्रा के प्रधान द्वारा पूर्व में अभी प्राथमिक विद्यालय से पेड़ कटवाने के नाम पर कार्रवाई हुई लेकिन प्रधान अपने मनमानी रवैया के चलते गांव के विकास कार्यों मजदूरों से ना करवा कर जेसीबी मशीन से करवाया जा रहा है ऐसे में शासन प्रशासन कब ईश्वर कार्रवाई करेगा ग्राम पंचायत अधिकारी और प्रधान द्वारा फर्जी मास्टर रोल से पैसा निकाल कर बंदर बात कर लेते हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पति पत्नी साथ रहने के लिए हुए तैयार, राजी-खुशी की गई विदाई

**अम्बेडकरनगर।** मालीपुर थानाध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी द्वारा व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिस कर्मी के अथक प्रयास से पति-पत्नी के एक वैवाहिक जोड़े जिनके बीच चल रहे पारस्परिक परिवारिक विवाद से संबंधित समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को एक साथ रहने के लिए समझाया गया। पति-पत्नी आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हो गए। पीड़ित दंपत्ति द्वारा पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

## वनवासी क्षेत्र के चिकित्सकों ने लिया भाजपा की सदस्यता



**बलरामपुर/पचपेड़वा,** हिमालय की तलहटी में बसा और 1200 हेक्टेयर में फैला सोहेल्वा वन्य जीव प्रभाग,थारू जनजाति क्षेत्र में निवास करने वाले लोगो को कुछ बीमारी से तत्काल राहत दिलाने वाले चिकित्सकों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया और राष्ट्र सेवा करने का संकल्प लिया,जानकी प्रसाद पाल ने बताया कि थारू जनजाति क्षेत्र जो जंगलों से घिरा है,सड़क सुविधा जंगलों में नही है,कोई बालक, स्त्री और पुरुष जब बीमार पड़ते है तो उनको तत्काल राहत दिलाने के लिए हमारे चिकित्सक भाई इलाज करते हैं, जिससे उनको राहत मिल जाती है, हजारों घरों में ये हमारे भाई लोग इलाज करते है,50 के करीब चिकित्सकों ने पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष पचपेड़वा रवि वर्मा के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया हैऔर संकल्प लिया है कि चिकित्सा के साथ साथ राष्ट्र सेवा भी करते रहेंगे।इस अवसर पर,चिकित्सक विजय पाल प्रजापति, वैध चमन,जितेंद्र पासवान, हरिचंद्र तिवारी, कमल, महेंद्र कुमार पाल, राहुल यादव, सहित डा वसीम अहमद मौजूद रहे।

## आबकारी ने जब्त की भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब की खेप



लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार विदिशा जिले में अवैध मदिरा के धारण,परिवहन,निर्माण एवं विक्रय की रोकथाम हेतु कलेक्टर विदिशा श्री बुद्धेश कुमार वैद्य के निर्देशानुसार,जिला आबकारी अधिकारी श्री विनय रंगशाही के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री मुकेश मौर्य के नेतृत्व मे वृत सिरोंज द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम कुंदनपुर मे गोपाल नगर रोड पर आरोपी मोहनबाबू कुशवाहा के कब्जे से दो बोरिओ मे भरी 06 पेटी देशी मसाला मदिरा के कुल 295 पाव जब्त किये जिनकी मात्रा 53.1 बल्क लीटर है। मौका स्थल पर विधिवत कार्यवाही कर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया गया जहा से उसे न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेजा गया। उक्त जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 29500 रुपए है। दौराने कार्यवाही वृत्त प्रभारी संजय इवने, आबकारी आरक्षक मनोज नामदेव, नीरज रघुवंशी उपस्थित रहे।

## शराब के लिए पैसे न देने पर देवर ने भाभी को पीटा




**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली के मोहल्ला खत्ता जमाल खां में एक महिला को शराब के लिए पैसे न देने पर उसके देवर ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। कस्बे के मोहल्ला खत्ता जमाल खां निवासी पम्मी पत्नी तनवीर ने बताया उसका देवर शानू पुत्र जहीर आए दिन उससे शराब के लिए पैसे मांगता है और उसे व उसके पति को गाली गलौज करता है। शनिवार को दोपहर दो बजे शानू ने उससे शराब के लिए पैसे मांगे। उसके पास पैसे नहीं थे। इसी बात से नाराज होकर शानू ने उसे गाली गलौज करते हुए लात घूसों से बहुत मारा पीटा।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

# कोप में लगा 25 के वी पावर का ट्रांसफार्मर जला गांव के लोग रोशनी को तरसे

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले केपरशुरामपुर विकासखंड केग्राम कोप में लगा 25 के वी पावर का ट्रांसफार्मर जल गया है। जिसकी वजह से एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है ।बिजली आपूर्ति बंद होने से पूरे गांव में अंधेरा का वातावरण रहता है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उपभोक्ताओं ने अति सीध्र बिजली आपूर्ति बहाल करने की गुहार लगाई है।

पावर हाउस बभनान के अंतर्गत बेदीपुर फीडर से ग्राम कोपवा को बिजली आपूर्ति की जाती है। ट्रांसफार्मर की क्षमता से अधिक लोड होने की कारण आए दिन ट्रांसफार्मर जलता रहता है यह समस्या लगातार बरसों से बनी हुई है जिसको लेकर उपभोक्ता काफी परेशान रहते हैं उपभोक्ताओं ने गांव में 63 के वी पावर का ट्रांसफार्मर रखे जाने की मांग किया। उपभोक्ताओं ने बताया की गांव में सामान्य कनेक्शन के अलावा तीन से चार विद्युत मोटर कनेक्शन भी है। जिसके वजह से गांव में लगा 25 के वी पावर का ट्रांसफार्मर लोड नहीं सह पाता और लगने के बाद एक या दो दिन बाद



जल जाता है। पावर हाउस बभनान के जे ई के मुताबिक मोटर चलाने की वजह से लगातार ट्रांसफार्मर जलता रहता है

# वेतन विसंगति को लेकर हाईकोर्ट ने अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को जारी किया अवमानना नोटिस

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** वेतन विसंगति को दूर करने को लेकर जनपद के स्वास्थ्यकर्मी निरन्तर उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से की वर्षों से मांग करते रहे यहां तक कि समाजसेवी चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा के नेतृत्व में की बार सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर ग्यापन भी प्रेषित किया किन्तु जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया फलता॰ सविता देवी बिन्दु बाला त्रिपाठी सहित कई स्वास्थ्यकर्मियों ने 2023 मे अपने अधिवक्ता के.एल.तिवारी के माध्यम हाईकोर्ट में एक याचिका दाखिल कर 2800 के हिसाब से ग्रेड पे की मांग किया जिस पर माननीय न्यायालय ने 4 महीने के अंदर याचियों को 2800 के हिसाब से नियुक्ति की तिथि से 4 महीने के अंदर भुगतान करने का आदेश दिया था..। माननीय न्यायालय के आदेश से याचियों ने भुगतान हेतु सरकार को अवगत कराया किंतु सरकार के द्वारा माननीय न्यायालय के द्वारा निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी भुगतान नही किया गया।

फलताः याचियों ने पुनः अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपर मुख्य सचिव ( चिकित्सा एवं स्वास्थ्य), महानिदेशक परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ, और मुख्य चिकित्साधिकारी बस्ती के खिलाफ अवमानना याचिका हाईकोर्ट प्रयागराज में दाखिल किया, जिसकी सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की बेंच कर रही थी,गुरूवार को हुई सुनवाई में याचियों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश के क्रम में निर्धारित समय सीमा के भीतर जानबूझ कर भुगतान न करके आदेश का अवमानना किया गया है। जबकि शासकीय अधिवक्ता का



कथन था की इस मामले मे सरकार के द्वारा रिव्यू पेटिशन दाखिल किया गया है जो कि विचाराधीन है तथा याचियों का प्रत्यावेदन निस्तारित कर दिया गया है। माननीय न्यायालय ने दोनों पक्षों के बहस को सुनकर सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए भुगतान करने की चेतवानी देते हुए अपर मुख्य सचिव ( चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

# त्रिकोणीय समीकरण के हिसाब से बस्ती में कौन फिर लहराएगा परचम

**स्वतंत्र प्रभात**




**बस्ती।** लोक सभा 61 का तय हो रहा चुनावी समीकरण बीएसपी ने आसान की विजेपी का रास्ता, तेजी बदल रहा समीकरण वही समाजवादी पार्टी में भी नही सबकुछ ठीक ठाक , अहम मुद्दा यह लग रहा है की यादव बर्ग नही मान चौधारी बर्ग को अपना मुखिया क्योंकि आज तक रामप्रसाद सपा से अपने लड़के को विधानसभा चुनाव जीतने के बाद किसी यादव घर की मदद करने से दूर रहे यादव वर्ग काफी नाराज चल रहे हैं ऐसी दशा में बसपा चुनाव में समाजवादी प्रत्याशी से ही चुनाव लड़ रही है चुनाव में जो समीकरण आज तक आए हैं2014 में लोकसभा चुनाव में बीजेपी को मिले थे 357680 वोट, वही समाजबादी को 324118 मत ,बसपा को 263747 मत 2019 में सपा और बसपा मिल कर लड़े थे चुनाव, 440808 हजार मिला था वोट वही विजेपी ने 471161 मत, मारी थी बाजी,2024 में बीएसपी का खिसक रहा सपा से जनाधार, बीएसपी का बिखराव विजेपी का तय कर रहा जीत का समीकरण समाजवादी द्वारा बीएसपी के वोटोको तोड़ने में नाकामयाब हो रही है उधर यादव वर्ग भी चौधरी वर्ग से नाराज चल रहे हैं समीकरण उतार चढ़ाव हो रहा है ऐसे में बीजेपी का समीकरण तेजी से बढ़ रहा है और कुछ बसपा के बिखराव के कारण कुछ वोट बीजेपी जा रहे हैं तो कुछ और मंदिर के कारण हर वर्ग का मिल रहा है समीकरण यह बता रहा है कि भाजपा तीसरी बार बस्ती जनपद में हैट्रिक लगाने के लिए मचल रहा है समय बहुत है उतार चढ़ाव चलता रहता है चौराहों पर चर्चाएं तेज हो रही है लोकल प्रत्याशी बसपा के होने के कारण उनको भी समर्थन हर वर्ग का मिल रहा है लेकिन ज्यादा समर्थन समाजवादी के वोटो को तोड़ने में कामयाब हो रहे हैं स्थितियां आकलन आ रही है की समीकरण त्रिकोणीय संघर्ष में कौन आगे बढ़ जाता है यह वक्त बताएगा लेकिन जनता की आवाज जो लग रही है बीजेपी को राम मंदिर का तोहफा के रूप में कुछ वर्गों का समीकरण आ सकता है।

बस्ती में बिधान सभा जीते चार विधायको में शामिल था।

राजभर का वोट , इसके आधार पर सपा का चुनाव में आकलन सपा की होगी भारी भूल समीकरण के हिसाब से फिर बस्ती में बीजेपी का फिर लहराए गया परचम , राम मंदिर, कश्मीर विवाद, किसान सम्मान निधि , राशन, आवास और पेंशन, की योजनाएं फिर दिख रही अपना कमाल,चुनावी समीकरण व सर्वे में आज भी विजेपी का हर वर्ग में है अपना वोट, जातीय समीकरण में पिछड़ा बर्ग का है अहम भूमिका बस्ती मंडल में फिर बीजेपी तीनो सीट हो रही विनर, आज भी घर घर मोदी ,योगी की नाम की होरही चर्चा, चारों तरफ हो रहे हैं लेकिन चुनाव के वक्त क्या समीकरण बनता है क्या बीजेपी इन समीकरणों को संभाल कर रख पाएगी।

# प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित होने पर दर्ज होगी एफ आई आर

**● प्रशिक्षण के दौरान समय से उपस्थित हो सभी कार्मिक - जिला निर्वाचन अधिकारी**

**स्वतंत्र प्रभात**




**अंबेडकरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर अंबेडकर नगर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए हो रहे। पीठासीन अधिकारियों एवं अन्य मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि मतदान अधिकारी पीठासीन अधिकारी अच्छे से प्रशिक्षण ले।जिससे मतदान के समय कोई दिक्कत न हो। ट्रेनर द्वारा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दो पालियों में हुए प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को ईवीएम सील करने, वीवी पैट से पर्ची निकालने, सभी परपत्रो को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ उनके द्वारा यह भी कहा गया कि सभी अधिकारी गंभीरता से प्रशिक्षण ले, यदि उनके मन में किसी प्रकार का प्रश्न है तो वह निःसंकोच होकर मास्टर ट्रेनों से पूछे।प्रशिक्षण के प्रथम दिन 16 पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित पाए गए। जिसमें पहली पाली में 06 राजीव,सतीश चंद्र वर्मा, अंकित वर्मा, राजेंद्र पाल, रनजीत यादव,चंद्र सिंह और दूसरे पाली 10 सुधीर रंजन सिंह,मोहम्मद सलीम, मोहम्मद याकूब, मनोज कुमार दुबे, नूर मोहम्मद, कृष्ण कुमार यादव, अरविंद कुमार वर्मा, शमसुज्जमा अंसारी, देवेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार कुल 16 अनुपस्थित मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्मिक अपना प्रशिक्षण प्राप्त करें,अनुपस्थिति की दशा में एफ. आई. आर. दर्ज कराई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। अवगत कराना है कि कार्मिकों को दो पाली में प्रशिक्षण दिया जा रहा है यह प्रशिक्षण 20, 22 व 23 अप्रैल को भी दिया जाएगा।निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# थारू जनजाति संग्रहालय शुरू ना होने से क्षेत्र वासियों में मायूसी

**बलरामपुर/पचपेड़वा** सीमावर्ती क्षेत्र के इमिलिया कोड़र गांव में थारू संस्कृति संग्रहालय बनकर तैयार हो गया है। इस संग्रहालय को 5.5 एकड़ जमीन में 16 करोड़ की लागत से बनाया गाया है, जो कि राज्य का पहला थारू संग्रहालय है।जिसका उद्घाटन यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जून 2023 में किया,लगभग एक वर्ष पूरा होने वाला है,थारू संग्रहालय के माध्यम से थारू संस्कृति के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगो जानकारी प्राप्त होती।लेकिन अभी तक शुरू नहीं हुआ, ना तो कोई सामान आया,जिससे इस क्षेत्र के थारू जनजाति समाज में मायूसी है।पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोहर लाल थारू ने कहा कि तब से संग्रहालय बन कर तैयार हुआ है तभी से उपेक्षा का शिकार है, इसमें थारू जनजाति का कोई भी सामान नहीं है। उद्घाटन के समय बाहर से आया था बाद में यहां से आयोजक लोग ले गए। बता दे कि थारू जनजाति उत्तर प्रदेश में सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के तराई भाग में निवास करती है। यह उत्तर प्रदेश की सबसे उन्नत जनजातियों में से एक है। इनके द्वारा



बजहर नामक पर्व मनाया जाता है। थारू जनजाति को रोजगार और शिक्षा प्रदान करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कई कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# ऑटो रिक्शा चलाकर 7 परिवारों का करते है पालन पोषण करते है राजेन्द्र

**● 30 वर्षों से करते हैं गाड़ी चलाने का कार्य18 वर्ष की उम्र में बने थे गाड़ी चालक**

**स्वतंत्र प्रभात**



**बस्ती।** बस्ती जिले के सैफाबाद गांव निवासी राजेंद्र 30 वर्षो से गाड़ी चलाने का कार्य करते हैं। इसी से इनके सात परिवारों का खर्चा चलता है। गाड़ी लेकर रात दिन मेहनत करते हैं। तब जाकर खर्चा निकल पाता है। इस मंहगाई में गाड़ी चलाकर परिवार को चलाना कठिन हो गया है। कलवारी थाना क्षेत्र की अंतर्गत सैफाबाद का निवासी राजेंद्र 18 वर्ष की अवस्था में ही गाड़ी की स्टेरिंग पकड़ लिए और परिवार का पालन पोषण करने में जुड़ गए। राजेंद्र मोटर मालिकों का जीप चलाते थे। उन्होंने काफी दिन तक जीप चलाया। जीप का जमाना बदल गया बाजारों में ऑटो आ गए फिर उनका धंधा बंद होने लगा। धंधा बंद होने के बाद उन्होंने ऑटो को चलाना शुरु किया। 2 साल पहले उन्होंने अपना खुद का ऑटो खरीदा और उसी चला रहे है। राजेंद्र बताते एक जमाना था रात दिन जीप को चलना पड़ता था। दिन भर सवारियों को ढोना और शाम को सट्टा उठाना पढ़ता था। दिन में होटल पर भोजन करना पड़ता था। लेकिन अब दिनभर गाड़ी चलाने के बाद परिवार का खर्चा नहीं कर पाता हैं। महंगाई का दौर चल रहा है दिन भर कमाने के बाद पैसा कुछ नहीं बच पाता है। गाड़ी को चला कर बच्चों को पढ़ना लिखना जैसे तमाम जिम्मेदारिया होती है। इसलिए समय को साथ हम लोगों को भी बदलना पड़ रहा है। राजेंद्र पर लोगों का बड़ा विश्वास था अभी भी इस विश्वास पर राजेंद्र कायम है। लोग उन्हें फोन करके इधर-उधर जाने के लिए बुकिंग करते है। व्यापारी भी अपने सामानों को लाने के लिए राजेंद्र को खोजते हैं।

राजेंद्र से चिलमा बाजार में मुलाकात हुई। दोपहर का वक्त था बाजार में कहीं छांव नहीं दिखाई पड़ रहा था बाजार में सन्नाटा था ऑटो में बैठकर के सवारी का इंतजार कर रहे थे। इस समय हमारी मुलाकात हुई गाड़ी पर बैठ करके बहुत सारी बातें हुई बातों में उन्होंने अपना दर्द बताया। इस दर्द भरी कहानी को देखकर मुझे लगा कि लोग रोजी-रोटी के लिए गाड़ी चला कर कितनी मेहनत करते हैं बिना भोजन के पूरा दिन गुजार देते हैं। तब जाकर शाम को लोगों को दो वक्त की रोजी का जुगाड़ होता है। ऐसे बहुत से लोग आपको देखने को मिल जाएंगे जिनके दिन भर कमाने के बाद शाम को उनके घर सब्जी पहुंचती है।

# पुलिस की सह से विवादित भूमि पर जबरन निर्माण करने का आरोप

**● बिजली विभाग का भ्रष्ट व दबंग कर्मी अब बन बैठा भू-माफिया**

**स्वतंत्र प्रभात**

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी के न्याय संगत उचित कार्रवाई करने के निर्देश देने के बाद भी सम्मनपुर पुलिस ने न्यायालय में विचाराधीन विवादित जमीन पर कब्जा करा दिया है। पीड़िता ने जिलाधिकारी समेत पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर प्रकरण की जांच कर दोषी व्यक्तियों और कर्मचारियों के विरुद्ध वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़िता करमराजी देवी पत्नी स्वर्गीय ध्रुब चंद्र पांडेय सम्मनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कहरा सुलेमपुर की रहने वाली है। महिला का आरोप है उसके व उसके पाटीदार इंद्रजीत पुत्र फूलचंद पांडेय के मध्य आबादी जमीन के बंटवारे के संबंध में न्यायालय में मामला विचाराधीन है।

उक्त विवादित भूमि में विपक्षी इंद्रजीत व उसके पुत्र गण शैलेंद्र पांडेय, वाचस्पति पांडेय द्वारा जबरन निर्माण कार्य करने का प्रयास किया जा रहा था। उक्त के संबंध में बीते 6 अप्रैल को ऑनलाइन शिकायती पत्र पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल के माध्यम से किया था बाद में 8 अप्रैल को जिलाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर जनता दर्शन में शिकायती पत्र दिया। जिसमें जिलाधिकारी के द्वारा सम्मनपुर प्रभारी निरीक्षक को जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। आरोप है 18 अप्रैल की दोपहर करीब 11ः00 बजे उक्त विपक्षी इंद्रजीत पांडे शैलेंद्र पांडे और वाचस्पति पांडे दर्जन सहयोगियों के साथ विवादित भूमि में जबरन निर्माण करने लगे। उस समय पीड़िता अकेली घर पर थी। जिसकी सूचना उसने अपने पुत्र दुर्गा प्रसाद से पीआरबी व स्थानीय थाने की पुलिस को जबरन निर्माण कार्य करने की सूचना दी। आरोप है पीआरबी की पुलिस व स्थानीय थाने की पुलिस आई जबरन उसके पुत्र दुर्गा प्रसाद पांडेय को थाने लेकर जाकर बैठा ली। इस दौरान स्थानीय थाने की पुलिस की सह से विपक्षी गणों ने विवादित भूमि में जबरन निर्माण कार्य संपन्न करवा लिया। विपक्षियों के दहशत से गांव का कोई व्यक्ति उसके सहयोग में नहीं आ सका। पीड़िता का यह भी आरोप है विपक्षियों के प्रभाव में आकर स्थानीय थाना प्रभारी द्वारा उसके पुत्र को गलत तरीके से शांति भंग में चालान कर दिया। पीड़िता ने विपक्षियों से जान माल का खतरा भी बताया है।

बिजली विभाग का दबंग ञत्न2 वाचस्पति पाण्डेय एक बार फिर समाचार सुर्खियों आया है। विधुत विभाग में कार्यरत कर्मी वाचस्पति पाण्डेय जो अपने भ्रष्टाचार से जाना जाता है। पिछले दिनों कई समाचार पत्रों व शोशल मीडिया पर इनके भ्रष्टाचार के कारनामें उजागर हुये है। बिजली विभाग का भ्रष्ट व दबंग कर्मी अब भू माफिया बन बैठा है। वही जब इस विषय में सम्मनपुर थाना प्रभारी राजेश सिंह से टेलीफोनिक वार्ता करने का प्रयास किया गया तो किसी कारण वश बात नही हो सकी।

# फर्जी प्रधानमंत्री आवास के नाम पर निकाले रूपए, जांच करवाने की मांग

**स्वतंत्र प्रभात**

**अम्बेडकरनगर।** विकास खण्ड रामनगर ग्राम पंचायत मरौचा पीएम आवास योजना में जमकर हो रहा भ्रष्टाचार का गन्दा खेल पीड़ित प्रवीण कुमार ने जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी शपथ पत्र डाक द्वारा रजिस्ट्री करके जांच कराने की मांग की गौरतलाप जिले का अधिकारी का कहना है कि अगर जांच करानी है तो शपथ पत्र देना पड़ेगा फिलहाल शपथ पत्र प्रवीण कुमार ने दिया है और अब देखना यह होगा की जिलाधिकारी अविनाश सिंह मुख्य विकास अधिकारी जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे या नहीं गौरतलब है कि प्रवीण कुमार ने न्याय की आस लेकर मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला अधिकारी से गुहार लगाया।

**प्रवीण कुमार का आरोप है**

प्रवीण कुमार ने रोक लगाया है कि हमारे ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास के नाम पर सरकारी धन को गमन कर लिया गया प्रवीण कुमार का कहना यह है कि जिस महिला के नाम से पीएम आवास पास किया गया उस नाम हमारे ग्राम पंचायत में कोई महिला नहीं है विकासखंड रामनगर के जिम्मेदार अधिकारी और ग्राम सचिव ग्राम प्रधान मिलकर गंदा खेल यह खेल की आवास बना ही नहीं और पीएम आवास की तीनों किस्त निकल गया बात वही नहीं थम रही है आवाज में जो मनरेगा मजदूरी भी निकल गया आखिर इतना बड़ा फॉड ग्राम सचिव और प्रधान मिलकर सरकार के धन को पलीता लगा रहे हैं। मजे की बात तो यह है।कि रामनगर ब्लॉक में अधिकारियों की सांठ-गांठ से सब कुछ संभव है। ग्राम मरौचा निवासी सूर्यमुखी उर्फ सूर्या देवी पत्नी हीरालाल को पीएम आवास की तीनों किस्त भुगतान। आवास आज तक बना ही नहीं और तीनों किस्तों का पैसा भी निकल गया।

आखिरकार जीरो टारलेंस की नीति पर चल रही यूपी सरकार में यह कैसे खेल हो रहा । जहां उत्तर प्रदेश सरकार गरीबों रहने के प्रधानमंत्री आवास की जरिए छत मुहैया कराना





चाह रही है वहीं सरकार के मनसूबे पर पानी फेरते नजर आ रहे हैं ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान आखिरकार कार्रवाई से क्यों कतरा रहे जिम्मेदार अधिकारी। रामनगर ब्लॉक के अधिकारी मामले में नहीं दे पा रहे सही जवाब - जबाब देने में करते हैं टालमटोल। भ्रष्टाचार में विडियो,एडीओ पंचायत,सेक्रेटरी एवं ग्रामप्रधान के संलिप्तता की चर्चा सरेआम हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सचिव का प्रमोशन भी होने वाला है कहीं ऐसा तो इसलिए ग्राम सचिव के ऊपर कार्यवाही करने से कतरा रहे हैं जिम्मेदार अधिकारी अगर शपथ पत्र पर जांच हुई तो यह तय है की ग्राम सचिव और ग्राम प्रधान के ऊपर तलवार लटक सकती है।

# जे0ई0/ए0ई0एस0 रोग वाहक के रूप में चूहों तथा मच्छरों का नियत्रण

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में चूहे न सिर्फ हमारे घरों में रखो सामान, अनाज, फसलें इत्यादि कुतर कर नष्ट करतें है वरन् ये तमाम रोगों जैसे प्लेग, मस्तिक ज्वर इत्यादि के वाहक का कार्य करतें है। स्तनपाइयों में रोडेन्ट आर्डर सर्वाधिक विविधता का है जिसमें 2200 से अधिक प्रजातियां है। ये सामाजिक जीव है जिनकी सन्तानोत्पति की अत्यधिक क्षमता होती है। एक जोड़ी चूहे से वर्ष भर में 1000 से अधिक संख्या उत्पन्न होती है। चूहे का नियंत्रण सामूहिक रूप से 30-40 व्यक्तियों/कृषक समूहों द्वारा साप्ताहिक रूप से कार्यकम चलाकर ही सम्भव है।

सबसे पहले खेतों का निरीक्षण कर जिंदा बिलों की पहचान आवश्यक है जिन्हे चिन्हित कर एवं बन्द करतें हुये झण्डे लगा दें। दूसरे दिन निरीक्षण में जो बिल बन्द हो वहां से झण्डे हटा दे तथा जहां बिल खुले पाये गये वहीं झण्डा लगा रहने दे। खुले बिल में बिना जहर का चारा (एक भाग सरसों का तेल व 48 भाग भुना चना/बेसन) रखें। अगले दिन पुनः बिलों का निरीक्षण कर बिना जहर का चारा रखें। उसके अगले दिन जिंक फास्फाईड 80 प्रतिशत की एक ग्राम मात्रा, एक ग्राम सरसों का तेल व 48 ग्राम भुना चना आदि से बने चारे को बिल में रखें अगले दिन बिलों का निरीक्षण करें तथा गरे चूहों को एकत्र कर जमीन में गाड दे। अगले दिन बिलों को बन्द कर दें उसके अगले दिन




यदि बिल खुले पाये जाये तो कार्यकम पुनः प्रारम्भ कर दें

घरों मे चूहा नियंत्रण हेतु जिंक फारफाईड के अलावा ब्रोमोडाईलोन 0.005 प्रतिशत की टिकिया का प्रयोग किया जा सकता है जिसे चूहा 3-4 बार खाने के बाद मरता है। चूहों की संख्या नियंत्रित करने के लिये अन्न भिण्डीरण धातु की बखारियों, पक्के/कंक्रीट पात्रों में करें जिससे उनको %भोज्य पदार्थ सुगमता से उपलब्ध न हो। चूहों की बिलें झाडियों, मेड़ों, कूड़ों आदि मे स्थाई रूप से होती है जिनकी साफ-सफाई से ये नियंत्रित हो सकते है। चूहों के प्राकृतिक शत्रुओं-बिल्ली, उल्लू बाज, चमगादड़ आदि का संरक्षण करें। खेतों मे बर्ड पर्चर लगायें जिस पर पक्षी बैठ कर चूहों का शिकार कर सकें। चूहों के मलमूत्र, बाल, लार आदि में रोगों के कीटाणु होतें है जिनसे प्लेग, लेप्टोस्पाईरोसिस आदि बीमारिया फैलाती है। स्क्रब टाइफस पैरासाइट्स जे0ई0 के प्रसार में सहायक होते है जो चूहों के शरीर पर पाये जाते है। इस प्रकार चूहा नियंत्रण जन-स्वास्थ, फसल सुरक्षा आदि में अत्यावश्यक है।जे0ई0 रोग के तथा अन्य संक्रामक रोगो के विषाणु के वाहक मच्छरों को कुछ विशेष पौधों को लगाकर नियंत्रण किया जा सकता है जैसे, गेंदा, गुलदाउदी, सिट्रोनेला, रोजमैरी, तुलंसी, लेवेंन्डर, जिरैनियम, मिन्ट / पिपरमिन्ट । ये पौधे तीव्र गंन्ध वाले एसेन्शियल आयल अवमुक्त करतें है। जिनसे मच्छर दूर भाग जातें है इस प्रकार इन फूल पौधों के आस पास लगाने से वातावरण तो सुगन्धित होता ही है साथ ही खतरनाक मच्छरों से भी बच्चाव होता है। इनमें से कुछ पौधो की प्रजातियों द्वारा तो ऐसे रासायनिक तत्व मुक्त किये जाते है जो मच्छरों की घाण क्षमता ही समाप्त कर देतें है। इस प्रकार इन पौधों के रोपड़ द्वारा भी मच्छरों को, दूर कर जे0ई0/ए0ई0एस0 रोग से बचाव किया जा सकता है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## संचेडी में आग से 50 बीघा फसल जलकर राख

ग्रामीणों के अनुसार बिजली विभाग की लापरवाही से लगी फ़सल में आग



कानपुर। सचेंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिनौर ग्राम पंचायत में खेतों में आग लग जाने से करीब 50 वीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने आग का कारण बिजली विभाग की लापरवाही को बताया है। गर्मी के इस सीजन में आग लगने के कई मामले सामने आ रहे हैं। कल भी तकरीबन 300 बीघा फसल आग से जलकर राख हो जाने का समाचार प्राप्त हुआ था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम वहां पहुंची। और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक आ से लगभग 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख, हो गई फायर की टीम मौके पर मौजूद,ग्रामीणों के अनुसार बिजली विभाग की लापरवाही से लगी आग ।

## प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट श्रीमती मनाली चंद्रा ने सम्हाली कुर्सी



सुल्तानपुर- शहर के कलेक्ट्रेट स्थित किशोर न्याय बोर्ड में प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट श्रीमती मनाली चंद्रा ने आज कार्यभार ग्रहण किया है ।वह 2018 बैच की जूनियर जज रही हैं। उन्होंने बताया कि उनका मूल निवास पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ है ।उनकी शैक्षिक योग्यता एलएलएम रही है ।इससे पहले उनका प्रथम चार्ज बदायूं जनपद में बतौर सिविल जज जूनियर डिवीजन रहा।एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) कानून के साथ संघर्ष में बच्चों (जेसीएल) से निपटने के लिए संबंधित प्राधिकरण है। जेसीएल का मतलब एक बच्चा है जिस पर अपराध करने का आरोप है।श्रीमती चंद्रा ने बताया कि2009 में अयोध्या से सुल्तानपुर में किशोर न्याय बोर्ड का कार्यभार देखा जाने लगा।उन्होंने बताया कि सीआरसी के अनुरूप, किशोर को 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति के रूप में पुनः परिभाषित किया गया है। पहले के कानून में किशोर को 16 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया था। व्यक्तिगत देखभाल और पुनर्एकीकरण के माध्यम से अपराधी और पीड़ित के पुनर्वास का प्रावधान करता है।

## भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी आज करेंगे नामांकन



कानपुर। भारतीय जनता पार्टी के कानपुर नगर लोकसभा के प्रत्याशी रमेश अवस्थी आज 20 अप्रैल को नामांकन करेंगे। इसके लिए आज दिन भर बैठक चली कि किस तरह से नामांकन जुलूस निकले। क्यों कि देवेन्द्र सिंह भोले के जुलूस में अत्यधिक भीड़ होने के कारण अव्यवस्था उत्पन्न हो गई थी और पुलिस जनो से झड़प भी हुई थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश अवस्थी के नामांकन जुलूस के लिए सबसे पहले आनंदेश्वर मंदिर के पार्किंग स्थल पर लोगों से इकट्ठा अपील की गयी है। वहां एक जनसभा होगी तत्पश्चात बाबा आनंदेश्वर के दर्शन कर रमेश अवस्थी नामांकन के लिए विशाल जुलूस के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। लेकिन नामांकन कक्ष में पांच व्यक्तियों से अधिक के जाने की अनुमति नहीं है तो कुछ विशिष्ट लोग ही वहां पहुंच सकेंगे। सभी कार्यकर्ताओं से सुबह नौ बजे आनंदेश्वर मंदिर के पार्किंग स्थल पर पहुंचने की अपील की गई है

## शादी के दिन प्रेमी संग फरार हुई युवती पुलिस हिरासत में

महमूदाबाद-सीतापुर। गत गुरुवार को विवाह के दिन दुल्हन बनने जा रही युवती पड़ोसी युवक के साथ फरार हो गई थी। पूर्व से चल रहे प्रेम प्रसंग के चलते जब शादी कहीं और तय हुई तो विवाह वाले दिन के कुछ घंटों पहले ही दोनों घर से भाग गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड शेरापुर निवासिनी एक युवती और पड़ोसी युवक के बीच पहले से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि दोनों प्रेमी आपस में राजी भी थे, किन्तु फिल्म की तरह दुल्हे का पिता इस पर नाराजगी जताने लगा। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत घर के आमने-सामने ही रहने वाले युवक युवती में प्रेम हो गया। शादी की बात आई तो युवक के पिता ने नाराजगी जता दी थी। कुछ समय बीत जाने के बाद युवती की शादी अन्य स्थान पर तय हो गई। शादी का मुहूर्त भी कुछ घंटे का बचा था। बताया जा रहा है कि करीब रात 2 बजे दुल्हन लाखों के जेवर व रुपए लेकर अपने प्रेमी के साथ कहीं भाग गई थी। प्रेमी युगल को पुलिस ने गोरखपुर जनपद से गिरफ्त में ले लिया है। पुलिस ने बताया कि युवती और उसके प्रेमी को गोरखपुर जनपद से हिरासत में ले लिया गया है। मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# डेढ़ करोड़ की लागत से दो साल पहले बनी सड़क गड्ढों में तब्दील

● - मुख्यमंत्री के गड्ढा मुक्त सड़क अभियान को मुहं चिढा रही सड़क

स्वतंत्र प्रभात



महमूदाबाद-सीतापुर। नगर के मुख्य मार्ग की सड़क बने अभी लगभग दो साल ही हुए है, और सड़क में जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो चुके है। जनता नेता और नगर पालिका दोनो को कोस रही है। विदित हो कि वर्ष 2022 में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ममता सोनी के कार्यकाल में रामकुण्ड से लेकर अमीरगंज तक डेढ़ करोड़ की लागत से बनी सड़क में बड़े घोटाले का अंदेशा जताया जा रहा है, अंदेशा जताए जाने के पीछे का मुख्य कारण इस सड़क की घटिया क्वालिटी और जगह जगह बड़े-बड़े गढ्ढे होकर सड़क उखड़ जाना बताया जा रहा है। जगह जगह गढ्ढे हो जाने के चलते नागरिक और वाहन चालक सहित शरीर से अस्वस्थ लोग काफी परेशान है। जबकि मोटरसाइकिल, कार, ई-रिक्शा चालक और यात्री इस मार्ग पर गुजरते वक़्त घटिया गुणवत्ता की सड़क न होना बताकर लोग नगर पालिका परिषद और अध्यक्ष को कोसते नज़र आते है। विदित हो कि माह अप्रैल 2022 में एक अखबार के माध्यम से जर्जर सड़क, इंटरलॉकिंग आदि के निर्माण हेतु डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने का हवाला देते हुए पूर्व चेयरमैन ममता सोनी के प्रतिनिधि अम्बरीश गुप्ता द्वारा यह बात कही गयी थी। इसके कुछ दिन बाद ही रामकुण्ड चौराहे से लेकर अमीरगंज तक यह सड़क नगर पालिका परिषद के ठेकेदारों के माध्यम से बनवाई गयी थी, इस सड़क को बने अभी दो साल भी पूरे नही हुए है लेकिन सड़क में जगह जगह गड्ढे होकर सड़क बिल्कुल बेकार होने की कगार पर है। स्थानीय नागरिकों ने सड़क को रोड बनाने वाली मशीन के माध्यम से सड़क दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। जो सड़क बनवाई गई थी, वह बिल्कुल जर्जर हो चुकी है, दो साल पहले



राजू अंसारी



अतुल वर्मा

बनी सड़क में इतने गड्ढे हो जाना ही भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा सबूत है। सड़क को जनहित में दुरुस्त कराया जाना ही ठीक रहेगा। अतुल वर्मा पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद, महमूदाबाद

नगर की सड़कों में गढ्ढे हो जाने के कारण अक्सर ई-रिक्शा पलट जाते है और दुर्घटना घट जाती है, अभी हाल ही में स्टेट बैंक के पास दुर्घटना भी हो चुकी है। सड़क की मरम्मत कराई जाए। राजू अंसारी समाजसेवी, महमूदाबाद

# पंचायतीराज सशक्तिकरण परियोजना के अन्तर्गत.पहला ब्लॉक की ग्राम पंचायत मझिया में पेंशन लाभार्थियों का सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर पेस संस्था एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वाधान में आज ग्राम पंचायत मझिया में सोसल ऑडिट कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 48 लोगों ने प्रतिभाग किया जिसमें मझिया प्रधान रणविजय सिंह जी उपस्थित रहे प्रधान जी ने सभी का स्वागत परिचय करके कार्यशाला का प्रारंभ किया। उसके बाद परियोजना कार्यकर्ता शैलजाकान्त मिश्रा ने सभी को संस्था व परियोजना के बारे में जानकारी दी और प्रधान जी ने सामाजिक अंकेक्षण के उद्देश्य के बारे में सभी सदस्यों को विस्तार पूर्वक बताया।एवं विधवा, वृद्धा व विकलांग पेंशन लाभार्थियों की सूची पढ़कर सुनाई गई जिसमें उपस्थित सदस्यों ने मृतक लाभार्थियों के बारे में जानकारी दी।आज की कार्यशाला में 25 पात्र लोगो को




पेंशन योजना से जोड़ने हेतु दस्तावेज़ तैयार करने व आवेदन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही ग्राम पंचायत की पेंशन सूची पढ़कर उसका ऑडिट किया गया जिसमे गांव के लोगो को पेंशन पा रहे लाभार्थियों के बारे में बताया गया। जिन्हे पेंशन का लाभ मिल रहा है। आज की कार्यशाला मे कुल 48लोगो की उपस्थित रही आज की कार्यशाला में पेस संस्था से शैलजाकांत मिश्रा ने मिलकर गांव के लोगो को पेंशन योजना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यशाला में ग्राम प्रधान रणविजय सिंह, पंचायत सहायक अनुज, एवं ग्राम के अन्य गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

# रेडिको खेतान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कर्मचारी द्वारा बिलो में लाखों की हेरा फेरी

● - भ्रष्टाचारी अधिकारी की पत्नी ने थाने में तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार

● - पत्नी ने पति को जबरन जाल में फंसाए जाने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात



बिसवां सीतापुर बिसवां क्षेत्र के कंदुनी में स्थापित रेडिको खेतान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कंपनी के ही एक कर्मचारी द्वारा बिलों में हेरा फेरी कर लगभग 7से 8 लाख के गबन के आरोप में कंपनी द्वारा उसे चार्ज सीट दी गई है। वही भ्रटाचार के आरोपी अधिकारी की पत्नी अनुराधा शर्मा ने सरोजिनी नगर लखनऊ थाने में एक तहरीर देकर कहा है कि उसके पति को जबरन फसाया जा रहा है। उन्होंने कंपनी के कई लोगों के खिलाफ फँसाने का आरोप लगाया है। उक्त संदर्भ में कंपनी के अधिशाषी अधिकारी हरीशंकर शुक्ल ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि बीते दो वर्षों से कंपनी में सहायक प्रबंधक एडमिन के पद पर कार्य कर रहे उदित भट्ट के बिलों में कुछ हेरा फेरी की शिकायत एकाउंट टीम द्वारा मिली थी ।जिसकी जांच करने के लिए प्रधान कार्यालय दिल्ली से एक टीम भेजी गई थी ।जांच के दौरान उक्त अधिकारी उपस्थित नहीं हुआ। जबकि उसे सूचना देकर बुलाया गया था ।ऐसे में टीम को उक्त अधिकारी पर कुछ शक हुआ ।कंपनी के निर्देश पर कंपनी के लीगल अधिकारी विशाल शर्मा को उनके घर पर नोटिस देने के लिए भेजा गया जो कंपनी की गाड़ी से वहां पहुंचे और उनके घर पर उनके पिता से मुलाक़ात की। नाराज उदित भट्ट ने अपनी पत्नी से थाना सरोजिनी नगर में विशाल शर्मा के खिलाफ अभद्रता की तहरीर दिला दी ।जो की पूर्ण रूप से निराधार है। अधिशासी अधिकारी ने बताया उदित भट्ट के बिलों की हेरा फेरी की जांच की जा रही है। और यदि जांच में वह दोषी पाए जाते हैं तो कंपनी उनके खिलाफ उचित कार्यवाही करेगी।

# दरगाह हजरत अलाउद्दीन चर्मीना शाह पोश का

● - 534वां सालाना उर्फ अकीदत के साथ हुआ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



लहरपुर सीतापुर। कस्बे की मशहूर दरगाह हजरत अलाउद्दीन चर्मीना शाह पोश का 534 वा सालाना उर्स अकीदत के साथ संपन्न हुआ ।मजार शरीफ पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद अपनी नजर और नियाज पेश कर फातिहा पढ़ा और चादर चढ़ाई ।उर्स की तमाम रस्मे सज्जाद नशीन गयास मियां की सरपरस्ती में अदा की गई। इस मौके पर मौजूद अकीदतमंदो को खिताब करते हुए दरगाह चर्मीना शाह पोश में सज्जादा नशीन गयाश मिया ने कहा कि, शरीयत और तरीकत दोनो इंसान को भलाई अमन और कामयाबी की तरफ लेकर जाती हे। बुजुर्गान- ए-दीन ने सारी इंसानियत की हिदायत और रहनुमाई की है ।उनके उसूल कामयाबी की जमानत हैं। उर्स के मौके पर कव्वालों के द्वारा सूफियाना कलाम पढ़ा गया। जिसमे महफिल में शामिल लोगो में वजद की कैफियत तारी हो गई ।अकीदतमंदो ने कव्वालों को उनकी पेशकश पर नजराने अता किए। इस मौके पर फुरकान मियां, हाजी शोहराब अली कादरी,शायरअनवर बिसवानी, अधिवक्ता जेड आर रहमानी, नवेद असलम, फरजान मियां, फरहान मियां,फरमान असलम, अब्दुल खालिककुरैशी, मोहम्मद युनूस कुरैशी, हासिमअंसारी, रियाजुउद्दीन, आरफी राजू, ग्राम प्रधान अब्दुल सत्तार आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं ने मेंहदी के जरिए किया मतदान के लिए जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई भरावन ब्लॉक के छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए मेहंदी लगाकर जागरूकता का संदेश दिया है। शुक्रवार को भरावन ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बहेरिया में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों पर मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। शगुन,आस्था,नेहा तिवारी, रामवरन,श्रद्धा,सारिका समेत तमाम बच्चो ने हाथों पर मेहंदी लगाकर विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान की अलख जगाई और लोगों से मतदान करने की अपील की। छात्र-छात्राओं द्वारा हाथों पर लिखे गए स्लोगनों में मुख्य रूप से हमारा मतदान लोकतंत्र की जान, मेरा वोट मेरा अधिकार है, आदि शामिल रहा प्रधानाध्यापिका डॉ नूपुर मिश्रा ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को हर्षोल्लास के साथ अपने मत की ताकत का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पता होना चाहिए कि कैसे एक वोट की ताकत से हम अपने देश की तस्वीर बदल सकते हैं। साथ ही उन्होंने अपील की कि जो युवा मतदाता 18 वर्ष के हो चुके हैं वें सभी युवा, मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य



सम्मिलित करवाएं, जिससे वे भविष्य में अपने मत का उपयोग कर सकें और देश की तस्वीर बदलने में योगदान दें। साथ ही सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील भी की। सहायक अध्यापिका अर्शिता ने भी मतदाता जागरूकता मेहंदी अभियान में सहयोग किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# अपने जेब खर्च से बचत कर गरीबों को पढ़ाती हैं 'बबिता'

● - जरुरी नहीं कि समाजसेवा किसी सहायता के द्वारा ही की जाए दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कुछ भी किया जा सकता है

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। कहते हैं किसी काम को करने की लगन है तो कोई ताकत उसे नहीं रोक सकती। ऐसी ही एक शख्सियत हैं कानपुर के बारादेवी क्षेत्र की रहने वाली बबिता वर्मा। बबिता जी ने एक ऐसी संस्था बनाई है जिसमें वह स्वयं अपने बेटे के साथ मिलकर उन बच्चों को शिक्षा दे रही हैं जिनके मां बाप पढ़ाना तो दूर ठीक ढंग से उन्हें पाल पोस भी नहीं सकते क्योंकि उनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है। बबिता वर्मा जी एक साधारण परिवार की घरेलू महिला हैं उनके पति प्राइवेट जॉब करते हैं लेकिन बबिता जी के मन में एक लगन थी कि वह समाज के उन लोगों के लिए कुछ करें जो इस आधुनिकता में काफी पीछे छूट गए हैं। उन्होंने बिना किसी की सहायता लिए यह बीड़ा उठाया और हर माह कुछ बचत करके थोड़े पैसे इकट्ठा किए और शुरू कर दी ऐक शैक्षिक कोचिंग क्लास बिल्कुल निशुल्क। इसमें वह सब कुछ कापी, किताबें, पेन, पैसिल सब कुछ अपने पास से ही



बच्चों को मुहैया कराती हैं।

जनपद में तमाम ऐसे एनजीओ हैं जो कि सरकारी सहायता और धनाढ्य लोगों से सहायता पाते हैं लेकिन वह केवल समाज सेवा के लिए खानापूर्ति कर रहे हैं। मैं सभी एनजीओ की बात नहीं कर रहा हूं। बहुत से एनजीओ ऐसे भी हैं जो समाज के लिए काफी कुछ कर भी रहे हैं। लेकिन बबिता वर्मा को कहीं से कोई मदद नहीं मिल रही है और न ही उनकी आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत है। वह केवल अपने खर्चे काटकर कुछ बचत कर ऐसा कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि वह समाज के लिए बहुत कुछ करना चाहतीं हैं। लेकिन धनाभाव के कारण आगे नहीं बढ़ पाती हैं। बबिता वर्मा जैसे लोग बहुत सारे मिलेंगे लेकिन वह गुमनाम हैं और चुपचाप समाजसेवा कर रहे हैं। वह उन गरीब बच्चों के साथ त्योहारों को सेलिब्रेट करतीं हैं उनका जन्म दिन मनातीं हैं।

बच्चे प्यार से उन्हें बबिता दीदी बोलते हैं। ऐसे लोगों को कुछ धनाढ्य लोग यदि थोड़ी सी सहायता करें तो ये समाज की स्थिति बदल सकते हैं। बबिता जी की संस्था का नाम है



बबिता क्लासेज और बेवसाइट है https://babitaclasses.websitew.me। बबिता जी कहतीं हैं कि उनको यह सब करने में काफी खुशी मिलती है। एक बच्चा जो शिक्षा से कोसों दूर है यदि वह कुछ सीख जाए तो इससे अच्छा क्या हो सकता है। समाज को ऐसे लोगों से प्रेरणा लेना चाहिए। जीवन केवल अपने आराम के लिए ही नहीं है हम भी किसी के लिए कुछ कर सकते हैं हमारा प्रयास यह होना चाहिए।

बबिता जी ने बताया कि उन्हें लिखने पढ़ने और पढ़ाने का बहुत शौक है लेकिन कहीं से कोई ऐसा प्लेटफार्म नहीं मिल पा रहा था जिससे कि वह यज्ञ सब कर सकें।? और तभी उन्होंने यह निर्णय लिया कि वह अपने आसपास और शहर के जो भी असाह गरीब बच्चे हैं उनको इकट्ठा करेंगी और उन्हें शिक्षित करने का प्रयास करेंगी। उनके इस प्रयास की काफी सराहना हो रही है। सरकारी महकमे तक उसकी यह खबर पहुंचे और उन्हें कुछ मदद और मिल सके जिससे वे अपने मिशन को और कामयाब बना सकें।


# पुलिस जीप के बोनट पर बैठ कर वीडियो अपलोड करना पड़ा भारी

● - जूही पुलिस ने किया गिरफ्तार 6 महीने पुराना बताया वीडियो ग़लती से अपलोड करने को बताया

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। गोविंद नगर निवासी एक युवक को पुलिस जीप पर बैठ कर वीडियो बनाकर अपलोड करना भारी पड़ गया। जूही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आयुक्त कानपुर नगर एवं अपर पुलिस आयुक्त कानपुर नगर के आदेशानुसार व पुलिस उपायुक्त दक्षिण एवं अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण के निकट निर्देशन में सहायक पुलिस आयुक्त बाबू पुरवा के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में आज दिनाकं 19.04.2024 को पुलिस की जीप के बोनट पर बैठकर फोटा/वीडियो अपलोड करने वाले व्यक्ति शिवम सिंह भदौरिया पुत्र वीरेन्द्र सिंह भदौरिया नि0 क्र595 राम आसरे नगर थाना गोविन्द नगर कानपुर नगर उम्र करीब 30 वर्ष को लाल पैलेस के सामने थाना जूही कानपुर नगर से गिरफ्तार किया गया।

जिसके द्वारा पूछताछ में बताया गया कि यह वीडियो करीब 6-7 माह पुराना है मैंने जीप की बोनट पर बैठकर फोटो खिचवाई थी जिसका फोटो/वीडियो सोशल मीडिया पर गलती से अपलोड कर दिया था तथा एक लिखित



माफीनामा दिया गया कि भविष्य में पुनः ऐसी गलती नही करेगा। उपरोक्त व्यक्ति के विरुद्ध धारा 151 सीआरपीसी में निरोधात्मक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक निशा यादव हैड कांस्टेबल केशव कांत थाना जूही कमिश्नरेट कानपुर शामिल थे।

# कानून व्यवस्था की स्थिति परखने निकले पुलिस आयुक्त

● - सीपी अखिल कुमार ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा, किसी दशा में उपद्रवियों पर रखें नजर-सीपी

स्वतंत्र प्रभात



कानपुर। पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने आज शहर की मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त कर स्थिति का जायजा लिया। जुमे की नमाज और आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस को दिए दिशा निर्देश। आगामी लोकसभा चुनाव के नजदीक आने से शहर में कानून व्यवस्था काफी चुस्त दुरुस्त कर दी गई है। आज दिनांक 19.04.24 को शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले पुलिस आयुक्त अखिल कुमार सद्भावना चौकी चौराहा पहुंचे जहां अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था, पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल व पुलिस बल को देखकर कानून व्यवस्था की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये तत्पश्चात पुलिस आयुक्त द्वारा मूलगंज, अनवरगंज, चमनगंज, बजरिया आदि थाना क्षेत्र में भी भ्रमण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# बड़ी मात्रा में चरस सहित एक को किया गिरफ्तार

● - नशे के विरुद्ध चालाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चरस के कारोबारी को पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। थाना चमनगंज पुलिस ने आज दिनांक 19 अप्रैल को डेढ़ किलो से अधिक चरस समेत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त व संयुक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल, अपर पुलिस उपायुक्त नगर जोन सेन्ट्रल कमिश्नरेट कानपुर नगर के कुशल निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त सीसामऊ के कुशल नेतृत्व में थाना चमनगंज पुलिस द्वारा दिनांक 19.04.2024 को हाजी सम्पट चौराहा से एक अभियुक्त फैजान उर्फ मुन्ना लग्गड़ पुत्र मो. हारुन निवासी- 105/73 चमनगंज थाना चमनगंज कानपुर नगर उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 55 ग्राम नाजायज चरस बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना चमनगंज पर



मु.अ.सं. - 51 / 2024 धारा- 18/20 एनडीपीएस एक्ट में पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एडीजी ने छात्राओं को डिजिटल लिट्रेसी की दी जानकारी

● - एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह नगर निगम महिला इंटर कालेज में डिजिटल लिट्रेसी के कार्यक्रम में बच्चों के कार्यक्रम में पहुंचे थे।

स्वतंत्र प्रभात



कानपुर। एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह द्वारा आज नगर निगम महिला इंटर कॉलेज तिलक नगर जनपद कानपुर नगर में आयोजित डिजिटल लिट्रेसी सर्टिफिकेट वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह ने छात्राओं को डिजिटल लिट्रेसी की आवश्यकता एवं भविष्य में उसकी उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्षेत्र में इंडिया तेजी से बढ़ रहा है और इसी लिए इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं बन रहीं हैं। आलोक सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया की जानकारी भी छात्राओं को दी।

उन्होंने कहा कि आज छात्राएं किसी क्षेत्र में छात्रों से पीछे नहीं हैं। हम इनके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम के संचालक मंडल ने एडीजी का स्वागत किया। बाद में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले छात्राओं को प्रमाण-पत्र व पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# बिसवां मार्ग पर इंदौरा स्थित नाले के किनारे खाई में घुसी कार

स्वतंत्र प्रभात

महमूदाबाद-सीतापुर बिसवां की ओर से महमूदाबाद आ रही कार अचानक खाई में उतरकर आगे बने नाले से टकरा गई। मोहल्ला इंदौरा स्थित देव् स्थल के सामने अचानक एक कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में उतर गई और फिर लगभग 10 मीटर आगे जाकर नाले से टकराकर रुकी। इस घटना में कार चालक बाल बाल बच गया। बताया जाता है कि मोबाइल पर बात करते वक्त कार सड़क से नीचे उतरकर गड्ढे में चली गई।



# संक्षिप्त ख़बरें

## डोर टू डोर अभिभावकों से किया जा रहा संपर्क



अभिभावकों से संपर्क करते शिक्षक

**शाहाबाद हरदोई।** स्कूल चलो अभियान को कामयाब बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक घर - घर दस्तक दे रहे है, मगर छह साल की उम्र पूरी करने वाले बच्चे नहीं मिल रहे है। प्राथमिक विद्यालय गौरिया पुरवा स्कूल के शिक्षकों ने शुक्रवार को गौरिया पुरवा में भ्रमण करके अभिभावकों से संपर्क साधा और उनसे अपने बच्चों को बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में एडमिशन कराने तथा रेगुलर स्कूल भेजने की अपील की। छह से 14 वर्ष के बच्चों कों स्कूल में दाखिला कराने का अभियान चल रहा है। शिक्षकों की टीम में इंचार्ज प्रधानाध्यापक गौरव कुमार भारती, वीरभानु प्रताप, रामसती व हर्ष कुमार सिंह मौजूद रहे।

## बुजुर्ग को सड़क क्रास करते वक्त अज्ञात बाइक सवार ने मारी जोरदार टक्कर बुजुर्ग की मौत


**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज चंदापुर रोड स्थित एक ट्रेडर्स की दुकान पर सामान खरीदने बाइक से आए एक बुजुर्ग को सड़क क्रास करते वक्त महराजगंज की तरफ से जा रहे अज्ञात बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों द्वारा उसे सीएचसी ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया वहां से डाक्टरों ने एम्स रेफर कर दिया और एम्स ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के गनेशपुर मजरे कुशमहुरा का रहने वाला कालीचरण 60 पुत्र मतई बाइक से महराजगंज चंदापुर रोड पर स्थित देशी शराब की दुकान के नजदीक गिट्टी मौरंग की दुकान पर सामान ख़रीदने आया हुआ था दुकान पर बात चीत करने के बाद वह घर के लिए निकला था तभी बाइक से रोड क्रॉस करते वक्त महराजगंज की तरफ़ से जा रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा आनन फ़ानन में उसे सीएचसी ले जाया गया जहाँ डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफ़र कर दिया वहीं से भी डाक्टरों ने एम्स रेफर कर दिया तभी बुजुर्ग को एम्स ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

## हीट वेव जागरूकता अभियान के तहत पुलिस विभाग में किया गया पोस्टर वितरण



**अमेठी।** आपदा प्रबन्धन विभाग के द्वारा हीट वेव से बचाव के दृष्टिगत जनपद के पुलिस विभाग में हीट वेव जागरूकता अभियान के अन्तर्गत राज्य आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गए पोस्टर को पुलिस अधीक्षक अमेठी के कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अमेठी एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी को वितरित किया गया। इस सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये उक्त पोस्टर के माध्यम से जनपद के समस्त पुलिस स्टेशन में कार्यरत ऐसे पुलिस कर्मियों जो कि फील्ड में रहकर धूप आदि में कार्य करते है, उनकी जानकारी के लिए व्यापक प्रभावी सिद्ध होंगे, इसके साथ ही साथ पुलिस स्टेशन में आने जाने वाले आमजन सामान्य को भी हीट वेव से बचाव की जानकारी मिल सकेगी।

## ईवीएम,वीवीपैट मशीनों का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन



**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में ईवीएम,वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। रेंडमाइजेशन के उपरांत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की गई, जिसमें निर्वाचन को लेकर की गई तैयारी, राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की अनुमति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र, जिलाध्यक्ष कांग्रेस प्रदीप सिंघल सहित अन्य अधिकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# किराने की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, पांच लाख का सामान जला

● महज़ दो किलोमीटर की दूरी तय करने में फायर ब्रिगेड को लगा पौना घंटा

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बाल्हेमऊ नहर पुल चौराहा स्थित चौरसिया किराना स्टोर में बृहस्पतिवार की रात को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे दुकान में रखा 5 लाख कीमत का सामान जलकर राख हो गया। लालगंज निवासी दुकानदार सत्यम उर्फ अक्षय चौरसिया ने बताया की वह रोज की तरह दुकान बंद कर घर चला आया। तभी देर रात करीब 10 बजकर 45 मिनट पर पड़ोसियों ने उसे दुकान में आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर जैसे ही शटर खोला गया आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू हुआ और घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंचती, तब तक आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझा ली थी। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि उसका लगभग पांच लाख रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित दुकानदार ने निराश व्यक्त करते हुए बताया कि सूचना के बाद भी फायर ब्रिगेड की टीम को महज दो किलोमीटर की दूरी तय करने में 45 मिनट का समय लग गया। समय रहते अग्निशमन टीम मौके पर पहुंचती तो दुकान में हुए नुकसान कम किया जा सकता था।

# अग्नि को साक्षी मानकर सात युगलों ने लिए सात फेरे

● श्री दोसर वैश्य परिवार ने बसाई सात जोड़ों की गृहस्थी

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज रायबरेली** श्री दोसर वैश्य परिवार के संयोजन में सात वर वधुओ ने अग्नि को साक्षी मानकर सात वचनों को सात जन्मों तक निभाने के लिए सात फेरे लिए। कस्बे के करुणा बाजार चौराहा स्थित नारायण उत्सव लान में श्री दोसर वैश्य आदर्श सामूहिक विवाह उत्सव में सोनाली गुप्ता रायबरेली के साथ विपिन गुप्ता, रागिनी गुप्ता संग सौरभ गुप्ता रायबरेली, सलोनी गुप्ता कानपुर संग महेंद्र कुमार फतेहपुर, मोनी गुप्ता फतेहपुर संग दुर्गेशकुमार, रानी कुमारी वाराणसी संग विष्णु कांत लालगंज, आकांक्षा गुप्ता संग आकाश गुप्ता कानपुर, श्रेया गुप्ता लखनऊ संग रवि कुमार फतेहपुर का पाणीग्रहण संस्कार विधि विधान से वैदिक रीति रिवाज से सम्पन्न हुआ।

तत्पश्चात घरातियो व बारातियो ने लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। वही सांस्कृतिक समारोह के साथ वैवाहिक जोड़ों की मार्मिक विदाई दोसर वैश्य परिवार ने की। इस महान अनुष्ठान में पीके गुप्ता समाजसेवी के सी गुप्ता हनुमान प्रसाद गुप्ता राजेश गुप्ता लक्ष्मी शंकर गुप्ता राणा प्रताप गुप्ता पन्नालाल सराफ सूर्यकुमार खन्ना शैलेंद्र कुमार रजनलाल गुप्ता विमल गुप्ता दीप चंद्र गुप्ता शंकर लाल गुप्ता मनोज गुप्ता गुलाबचंद्र गुप्ता राधेश्याम गुप्ता श्रवण कुमार सुंदरलाल मुन्नू दिनेश चंद्र गुप्ता आदि ने वर वधू का कन्यादान कर आशीर्वाद प्रदान किया। वही आनंद गुप्ता जयशंकर गुप्ता अर्पित गुप्ता रितेश गुप्ता पारुल गुप्ता विश्वास सत्यम शिवम कृष्णा आकाश अंकुर गुप्ता सहित पत्रकार शीतला गुप्ता का सराहनीय योगदान रहा।

# आग से 20 बीघे गेहूं की फसल जलकर खाक

स्वतंत्र प्रभात



**शिवगढ़ (रायबरेली)** थाना क्षेत्र के बहुदाखुर्द में अज्ञात कारणों से आग लगने से 20 बीघे से अधिक गेहूं की फसल एवं खेतों लगा भूसा जलकर खाक हो गया। वहीं बैंती में बिजली के तारों में शार्ट सर्किट होने से करीब एक बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, बैंती में तो किसानों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया किन्तु बहुदाखुर्द में जब तक जाकर काबू पाया जाता 20 बीघे से अधिक गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। बहुदा खुर्द में शुक्रवार को करीब 12 बजे आग लग गई देखते ही देखते आज ने अपना विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे खेतों में खड़ी एवं कटी पड़ी गेहूं की फसल और भूसा जलकर राख हो गया। किसानों की सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग बुझाया। आग की इस घटना में रामचंद्र का एक बीघा, सतीश का एक बीघा, गया प्रसाद का एक बीघा, संत प्रसाद का डेढ़ बीघा सहित दर्जनों किसानों की फसल जलकर राख हो गई है। हल्का लेखपाल रामेंद्र मोहन बाजपेई ने बताया कि 20 बीघा से अधिक की गेहूं की फसल जल गई है। जिन किसानों का नुकसान हुआ है।मुआवजा के लिए तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# धनीपुर मण्डी में ईवीएम कमीशनिंग का कार्य हुआ पूर्ण

● जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया अवलोकन

● पोलिंग पार्टियों की रवानगी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 ने गुरुवार को धनीपुर मंडी में चल रहे ईवीएम कमिशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। विगत दिनों से भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बेल) के इंजीनियर्स की देखरेख में ईवीएम मशीन को मतदान के लिए तैयार किया जा रहा था, जिसे आज पूरा किया गया। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 15-लोकसभा क्षेत्र अलीगढ़ के लिए ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग और मॉक पोल की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में धनीपुर मंडी में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट की कमिशनिंग का काम किया गया है। डीईओ ने बताया कि पहले चरण के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं, जिनमें बैलट यूनिट (बीयू), कंट्रोल यूनिट (सीयू) और प्रिंटेड पर्ची (वीवीपैट) शामिल है। चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप देने के बाद ईवीएम और वीवीपैट की कमिशनिंग की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने निरीक्षण के दौरान 25 अप्रैल को होने वाली पोलिंग पार्टी रवानगी के लिए डि-कोडिंग, पार्किंग व्यवस्था, मतदान ड्यूटी वितरण, बैरीकेडिंग, सीसीटीवी, साइनेज, स्ट्रांग रूम समेत अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को प्रातः से ही पोलिंग पार्टियों की रवानगी होनी है, ऐसे में सभी किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान सीडीओ आकांक्षा राना, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी ट्रैफिक मुकेश चन्द उत्तम, पीडी भाल चन्द्र त्रिपाठी, बीएसए, डीएसओ, एक्सईएन पीडब्लूडी, एआरटीओ, मण्डी सचिव समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गृहकर के बकायेदारों की संपत्ति हो सकती है कुर्क या नीलाम

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** मतदान से पहले नए वार्डो में घर-घर कूड़ा उठान न होने की शिकायत रहती थी। अब ये शिकायत लोकसभा निर्वाचन के चलते दूर हो रही है। नगर निगम ने मतदाता जारूकता के लिए कदम उठाया है। नगर निगम ने सभी वार्डो से घर-घर कूड़ा उठान की व्यवस्था अर्बन एनवायरोटेक को दी है। कंपनी के इन वाहनों में लगे लाउडस्पीकर से मतदान अवश्य करें, राष्ट्र को मजबूत बनाएं। यह संदेश हर वार्ड में गूंज रहा है।

मतदान के बाद नगर निगम गृहकर के 700 बड़े बकायेदारों पर सीलिंग की कार्रवाई करेगा। इन्हें अंतिम नोटिस भेजने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। कुछ बकायेदारों के पास नोटिस भेजा जा रहा है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि एक लाख रुपये से अधिक के बकाया वालों को नोटिस भेजे जा चुके हैं।

अब नया बिल जारी हो रहा है उसमें बकायेदार पर 12 प्रतिशत ब्याज भी जुड़कर आएगा। अभी एक हफ्ते का समय बचा है, बकायेदार संपत्ति कर जमा करके कार्रवाई से बच सकते हैं। कई बकायेदार और भी हैं, जिन पर इसी महीने कड़ी कार्रवाई करने की योजना है। सीलिंग के बाद भी राशि जमा नहीं की तो संपत्ति को कुर्क या नीलाम करने का प्रविधान है।

नगर आयुक्त अमित आसेरी ने कंपनी के जिम्मेदारों को निर्देशित किया है कि वाहन में लगे लाउडस्पीकर से 'गाड़ी वाला घर से कचरा




निकाल'... जैसे संदेश बजाने के साथ मतदाता जागरूकता संबंधी संदेश भी अवश्य चलाएं। हर वार्ड में इन वाहनों को भेजा जा रहा है। पुराने व नए दोनों वार्डों में मतदाता जागरूकता के लिए ही सही, कचरा लेने वाले वाहन तो पहुंच ही रहे हैं। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर एहसान सैफी ने बताया कि हर वार्ड से कूड़ा उठान कराया जा रहा है।


# आवश्यक सूचना

आधार हाउसिंग फाइनेंस लि0 की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की श्रीमती शाहीन फिरदौस पत्नी श्री सैय्यद तनवीर हसन ने अपना फ्लैट सं0द104 प्रथम तल गोल्डन अपार्टमेन्ट जो कि नगर निगम भवन सं0 W/E -2/27 नया नं0-145 रकबा 1000 वर्गफिट स्थित गोलागंजॉ लखनऊ में है जिसकी चौहद्दी पूरब. ओ0टी0एस0/गली, पश्चिम - कॉमन पैसेजॉ उत्तर - फ्लैट सं0-103, दक्षिण फ्लैट सं0-105 को श्रीमती जरीन फातिमा पत्नी श्री कमरूल हसन को विक्रय का प्रस्ताव किया है।

उपरोक्त फ्लैट आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड लखनऊ में श्रीमती जरीन फातिमा पत्नी श्री कमरूल हसन द्वारा बंधक किया जा रहा है उपरोक्त फ्लैट विक्रेता की क्रय की हुई संपत्ति है। यदि उक्त प्रस्तावित बंधक से किसी व्यक्ति या किसी वित्तीय संस्था को इस क्रय विक्रय के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 3 दिन के अंदर आपत्ति दर्ज कराने का कष्ट करे उपरोक्त समयावधि के बाद किसी प्रकार का दवा विचार योग्य नही माना जायेगा।

आपत्ति हेतु संपर्क करे
ललित मोहन जोशी एडवोकेट
एमजी- 87 अलीगंज लखनऊ
मों- 95658 81290


# कन्या प्राथमिक विद्यालय की इंचार्ज रेनू व अन्य स्टॉफ के साथ एआरपी अभिषेक ने ग्राम भड़ायल में किया घर-घर सम्पर्क

● बच्चों की विद्यालय में उपस्थिति एवं नामांकन के लिए किया गया लोगों को प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात



**टड़ियावां** के विकास खण्ड के ग्राम भड़ायल में 19 अप्रैल को एआरपी अभिषेक मिश्र ने कन्या प्राथमिक विद्यालय भड़ायल की इंचार्ज रेनू व शिक्षामित्र प्रिया सिंह के साथ गांव का भ्रमण किया। उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि इस समय विद्यालयों में बच्चों का नामांकन चल रहा है। 6-14 वर्ष के सभी बच्चों का विद्यालयों में शत प्रतिशत नामांकन होना है। इस समय ज्यादातर किसान अपने खेतों में खड़ी फसल की कटाई करने में व्यस्त है लेकिन अपने बच्चों का विद्यालयों में नामांकन समय से कराना भी बहुत जरूरी है। इससे उसको सरकार द्वारा सभी सुविधाएं आसानी से समय पर निःशुल्क उपलब्ध हो सकेगी। आने वाले समय मे यदि हम अपने गांव का विकास चाहते हैं तो हर एक बच्चे को शिक्षित होना है। गांव के हर व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि 6-14 वर्ष का कोई भी बच्चा नामांकन से वंचित न रह जाय। जो बच्चे विद्यालय में नामांकित है उनको समय से नियमित विद्यालय भेजने से ही उनकी शिक्षा में प्रगति होती है। सरकार बच्चों के शिक्षित व सुरक्षित भविष्य के लिए इतना ज्यादा प्रयास कर रही है लेकिन यह प्रयास तभी सफल होगा जब अभिभावकों की सक्रिय भूमिका हो और उनके बच्चे समय से विद्यालय आयें।

# नामांकन स्थल, प्रशिक्षण स्थल, तथा पोलिंग पार्टी रवाना स्थल का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

● संबंधित अधिकारियों को समस्त तैयारियां ससमय पूर्ण करने के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी,जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल, मनीषी महिला महाविद्यालय में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल तथा जवाहर नवोदय विद्यालय में पोलिंग पार्टी रवाना, स्ट्रांग रूम व मतगणना स्थल का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान डीएम व एसपी ने उपरोक्त स्थलों का गहनता से निरीक्षण किया एवं वहां पर बैरिकेडिंग, पार्किंग, प्रकाश, सीसीटीवी कैमरा व सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गदंगी से अटा नाला ,खाली पड़े प्लाटों में भरा गंदा पानी, पनप रहे मच्छर,कागजों में ही सीमित फॉगिगं स्प्रे

● गदंगी से अटा नाला ,खाली पड़े प्लाटों में भरा गंदा पानी, पनप रहे मच्छर,कागजों में ही सीमित फॉगिगं स्प्रे

स्वतंत्र प्रभात
धर्मेन्द्र राघव

**अलीगढ़,।** स्मार्ट सिटी परियोजना में अलीगढ़ को शामिल हुए तीन साल से अधिक समय हो गया, लेकिन इस शहर की विकराल समस्या बने कचरे से सड़कें आजाद नहीं हो सकीं। जबकि, इस दिशा में अब तक तमाम योजनाएं बन चुकी हैं। अफसोस कि वे योजनाएं फाइलों से बाहर नहीं निकल सकीं। करोड़ों की लागत से खड़ा किया एटूजेड प्लांट भी शहर से प्रतिदिन निकलने वाले बेहिसाब कचरे को को संभाल नहीं पा रहा। प्लांट में खड़े कूड़े के पहाड़ देखकर इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। वहीं, सड़कों पर जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर स्मार्ट सिटी के नीति नियंताओं को मुंह चिढ़ाते नजर आते हैं। शहर में खाली प्लाटों में गंदा पानी भरा हुआ है, जिसमें गंदगी के साथ मच्छर व अन्य कीड़े पनप रहे हैं। जिससे आस-पास के लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में कई कॉलोनियों में यह नजारे आम हैं लेकिन, नगर निगम ने इस पर कभी किसी तरह का ध्यान नहीं दिया है और न ही कभी कार्रवाई कर पानी निकालने की जहमत उठाई है। जिससे मोहल्ले का पानी खाली प्लाट में भर जाता है। नगर निगम द्वारा समय-समय पर पर फॉगिंग स्प्रे कराई जाती है,लेकिन आज तक मच्छरों के प्रकोप से मुक्ति दिलाने के लिये फॉगिंग ड्रप्रे सिर्फ कागजों तक ही सीमित होकर रह गई है।

शहर के महेन्द्र नगर, पला साहिबाबाद,अवतार नगर, आजाद हिन्द नगर में खाली प्लाटों पर पानी भरा हुआ है। वहीं यहां न तो सड़क का निर्माण कराया गया है और न ही अन्य सुविधाएं दी गई हैं। लोगों को यहां पगडंडीनुमा रास्तों पर से गंदगी के बीच होकर गुजरना पड़ रहा है। इन कॉलोनियों में पानी निकासी की भी कोई सुविधा नहीं दी गई है और न ही नाले बनाए गए हैं। जिससे नालियों का पानी नाले में पहुंचे और लोगों को इससे छुटकारा मिले। शहर के वार्डो में सबसे बड़ी समस्या पानी की निकासी की बनी हुई है। वहीं थाना सिविल लाइन क्षेत्र के नाले का स्थिति दयनीय बनी हुई है,यहां साफ-सफाई ना होने के कारण गंदगीं से नाला अटा पड़ा है,लेकिन नगर निगम द्वारा सफाई नहीं कराई जा रही है। ,नाले की गंदगी और बदबू से लोगों का घरों से निकलना दूभर होने के साथ ही मच्छरों का प्रकोपव बढ़ गया है जिसके चलते लोगों में घातक बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।

**गंदे पानी में पनप रहे मच्छर, बीमारियां बढ़ेंगीं**

शहर में सड़कों पर कीचड़ भरने व गंदा पानी जमा होने से लोगों में बीमारियां भी बढ़ रही है। मलेरिया के कारण लोगों बीमार रहे है। क्योंकि मोहल्लों की सड़कों पर भरे गंदे पानी में मलेरिया के मच्छर पनप रहे है जो लोगों को बीमार करने में लगे हुए है। इसके बाद भी न तो नपा सफाई करा रही है और न ही क्षेत्र में दवा छिड़काव कराया जा रहा है। इसके अलावा सड़कों पर बनी इन नालियों की सफाई भी नपा नहीं करा सकी है। पानी निकासी के लिए नाले के कोई इंतजाम नहीं है और पानी सड़कों व नालियों में ही भरा रहता है।

**इनका कहना है..**

इस सबंध में नगर आयुक्त अमित आसेरी का कहना है कि सफाई व्यवस्था के साथ ही नाला निर्माण का कार्य भी जल्द शुरू कराए जाएगा।शहर में सफाई कराई जा रही है। साथ ही नाला निर्माण कराने काम भी शुरू कराया जाएगा। जहां-जहां पानी भरने की शिकायत है वहां निरीक्षण कर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कराए जाएंगे।

# पीएम कुसुम योजनान्तर्गत फर्जी फोन कॉल के झांसे में न आएं कृषक

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़,।** अपर कृषि निदेशक तिलहन एवं दलहन व नोडल अधिकारी पीएम कुसुम कृषि भवन लखनऊ ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना अन्तर्गत 2 एचपी एसी, 3एचपी डीसी, 5एचपी एसी, 7.5 एचपी एसी एवं 10 एचपी एसी क्षमता के सोलर पम्प स्थापित कराये जाने के लिए कृषक भाइयों द्वारा पारदर्शी पोर्टल पर वर्ष 2024-25 के लिये ऑनलाइन बुकिंग की गयी है। उन कृषकों के पास मो0न0-7290912735, 7037767569, 9719775461. 9170935887 एवं 6397850849 नम्बरों से फोन किया जा रहा है, अथवा कृषि विभाग के समतुल्य संदेश भेजा जा रहा है कि आपको अधिकतम सब्सिडी की सुविधा दी जा रही है। आपसे कृषक अंश की धनराशि इण्डियन बैंक के खाता संख्या 7748563270, भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 42762571204 एवं अन्य बैंक खाता संख्या आईएफएससी कोड उपलब्ध कराते हुये धनराशि जमा कराने का अनुरोध किया जा रहा है।

उप कृषि निदेशक यशराज सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए सभी कृषक बन्धुओं को अवगत कराया है कि सोलर पम्प के लिए कृषकों के चयन एवं टोकन कन्फर्म करने की ऑनलाइन व्यवस्था है, जो पूरी तरह से पारदर्शी है एवं टोकन कन्फर्म होने के पश्चात् ही कृषि विभाग के पारदर्शी पोर्टल पर उनके पंजीकृत मोबाइल नम्बरों पर मैसेज कृषि विभाग द्वारा भेजा जाता है। तत्पश्चात् कृषकों




द्वारा चालान जेनरेट करने के उपरान्त ही ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कृषक अंश की धनराशि जमा की जाती है। उन्होंने किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि फर्जी फोन कॉल आने पर धनराशि जमा करने जैसी कोई कार्यवाही न करें, जालसाजों की धोखाधडी का शिकार होने से बचें और किसी के बहकावे में न आयें।

# स्कूल प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर, शबनम का राममंदिर आया सबको पसंद

स्वतंत्र प्रभात









**सरोसी (उन्नाव)।** विकास खण्ड सिकन्दर पुर सरोसी स्थित आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में आज प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तरह-तरह के मॉडल बनाकर लोगो को पानी बचाओ, पेंड बचाओ, स्वच्छता का पालन करना आदि संदेश दिया साथ ही कई बच्चों ने राम मंदिर के मॉडल तो कई ने गांव और शहर के आवास का मॉडल बनाकर उनमे जीवन यापन अंतर समझाया। वही आए हुए अतिथियों व छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने बच्चों के मॉडल को देखकर उन्हें वोटिंग कर उनका उत्साह वर्धन भी किया। वही वोटिंग के बाद प्रथम स्थान ग्रामीण दृश्य, दूसरा ग्रीन इंडिया और तीसरा स्थान राम मंदिर के मॉडल ने प्राप्त किया। पुरुस्कार पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

बताते चलें विद्यालय के छात्रों ने अपने-अपने मॉडल बनाकर अपना हुनर दिखाया जिसमें से शबनम और अभिषेक ने राम मंदिर का मॉडल, दिव्यांशी, सोनाक्षी शालू आयुषी कासमी वैष्णवी ने गांव के घर मॉडल का बनाया, राजवीर सिंह और दीपांशु ने एटीएम और ट्रैक्टर बनाया गगन और सारांश ने स्कूल का मॉडल बनाया, अथर्व और आयुष ने ग्रीन इंडिया और क्लीन इंडिया का मॉडल बनाया गौरी ने कई देवी देवताओं के चित्र बनाए तो वही आयुषी अनुष्का और सना बानो ने सौर मंडल का मॉडल बनाया, अल्तमश अयान नैतिक ने भारत का नक्शा और उसमें स्थित केंद्र शासित प्रदेश 28 राज्य आदि को दर्शाया, आकाश ,अंश आदित्य और शिवम ने शहर के घर का मॉडल बनाया, रुचि,नमिता, रचना अनुष्का ने पार्क बनाया, श्रद्धा शिवानी और अनन्या ने झील पहाड़ों में स्थित झील के किनारे स्थित घर बनाया वही छोटे छोटे बच्चों अंश, विशा, अदीबा, महताब, वारिश, यश, आयांश और नेत्रा ने बिल्ली और खरगोश का मॉडल बनाया। वोटिंग के आधार पर चयनित हुए छात्रों को पुरुस्कार वितरण किये गए जिसमे दिव्या के ग्रुप को प्रथम स्थान आयुष के ग्रुप को दूसरा, अभिषेक को तीसरा , गौरी को चौथा और शबनम के राम मंदिर ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। जिन्हें विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ आए हुए अभिभावकों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया अंत में आए हुए अभिभावकों का विद्यालय के प्रधानाचार्य विष्णु प्रकाश बाजपेई और प्रबंधक श्रीमती मनोज कुमारी अध्यक्ष पूर्वी दीक्षित ने आभार प्रकट किया । वही प्रोजेक्ट इंचार्ज वंशिका बाजपेयी ने अपनी टीम अनामिका, सेजल, कशिश, मांशी, श्रेया, आकांक्षा, काजल, के साथ सभी बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार वितरण कर सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# सरकारी विद्यालय में शिक्षा की बजाय छात्राओं से कराया जाता है फेशियल

स्वतंत्र प्रभात




**बीघापुर (उन्नाव)।** आज सरकार स्कूलों को लेकर बड़े बड़े दावे करती नजर आती है। मुफ्त शिक्षा, मुफ्त ड्रेस, और मिड डे मील पर सरकार जनता का काफी पैसा खर्च रही है। इतनी सुविधाएं होने के बावजूद आज लोग अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढाना नही चाहते। इसका कारण है वहां पोस्टेड शिक्षकों की लापरवाही। शिक्षक बच्चो को पढ़ाने में तनिक भी रुचि नहीं रखते। कहीं शिक्षक अखबार पढ़कर, कहीं मैगजीन पढ़कर, तो कहीं शिक्षिकाओं के साथ गप्प मारकर समय व्यतीत करते हैं। जिसके सुधार पर सरकार का ध्यान केंद्रित नही हो पाता। और सरकारी शिक्षक मोटी रकम सरकार से लेकर मौज करते नजर आते हैं। मामला बीघापुर क्षेत्र का बताया जाता है थाना बीघापुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत दादा मऊ के अंतर्गत आने वाले विद्यालय को वहां की प्रधानाध्यापक ने ब्यूटी पार्लर बना रक्खा है जहां वो आए दिन अपने सहयोगियों के साथ अपने चेहरे के सुधार पर ध्यान केंद्रित करती हैं। क्योंकि तनख्वाह तो आसानी से मिल ही जाती है यदि बेसिक शिक्षा अधिकारी का जरा भी ध्यान स्कूलों के सुचारू रूप से संचालन और बच्चों की उच्च शिक्षा पर होता तो शायद आज सरकारी विद्यालयों का हाल इतना बुरा न होता। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है हालांकि स्वतंत्र प्रभात वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता जिसमे एक शिक्षिका अमन के हाथ में दांतों से काटने का निशान और हाथ में कई जगह चोट के निशान दिखाकर बताया गया कि बृहस्पतिवार को सरकारी स्कूल में शिक्षा की बजाय छात्राओं से कराया जाता है फेशियल जनपद के बीघापुर ब्लॉक के एक प्राथमिक विद्यालय में बीते दिन गुरुवार को स्कूल के समय रसोई घर में प्रधानाध्यापिका के द्वारा फेशियल करवाया जा रहा था। इस मामले में इसी विद्यालय में तैनात शिक्षिका ने विरोध किया तो दोनों में मारपीट हो गई। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उसके बाद मामले का संज्ञान जिला अधिकारी ने लिया और बीएसए को जांच के निर्देश दिए। जांच के बाद विवाद करने वाली दोनों शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। वही मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी सरोसी को सौंपी गई है। जानकारी के अनुसार दादामऊ के प्राथमिक विद्यालय में तैनाद प्रधानाध्यापिका संगीता सिंह के द्वारा गुरुवार को विद्यालय के समय स्कूल में मौजूद छात्राओं को शिक्षा देने के बजाय खुद के चेहरे पर छात्राओं द्वारा फेशियल कराया जा रहा था। जिसका वीडियो विद्यालय में मौजूद शिक्षिका अमन खान बनाने लगी। वीडियो बनाने की बात से नाराज प्रधानाध्यापिका संगीता सिंह ने अमन खान को पीट दिया। वहीं दातों से शरीर में कई जगह काटकर घायल भी कर दिया। शिक्षिका अमन खान ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग की जमकर किरकिरी हुई। मामले का बीएसए ने संज्ञान लिया। बीएसए ने जांच की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया। लेकिन वहीं इसी मामले को जिला अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए बीएसए को तलब कर पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी और जमकर फटकार भी लगाई। इसके बाद बीएसए संगीता सिंह ने प्रधानाध्यापिका शिक्षिका को प्रकरण में लापरवाही मानते हुए निलंबित कर दिया। साथ ही मामले की जांच खंड शिक्षा अधिकारी सिकंदरपुर सरोसी मधुलिका बाजपेई को सौंपी गई है। इस मामले में थाना बीघापुर में प्रधानाध्यापिका के विरुद्ध मुकदमा धारा 323, 506, 427 के तहत दर्जकर लिया गया है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## छुट्टा जानवरों से किसान सहित राहगीर भी परेशान

**नवाबगंज (उन्नाव)।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आशा खेड़ा के पास नेशनल हाईवे लखनऊ कानपुर भारी मात्रा में जानवरों की वजह से आने-जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र में छुटा जानवरों की वजह से किसान तो परेशान है लेकिन किस तरह से रोड पार करते हुए छुटा जानवरों की वजह से आए दिन कोई ना कोई दुर्घटना घटित होती है और इन जानवरों की वजह से मौत का सामना करना पड़ता है। इन जानवरों की वजह से न जाने कितने किसानों के खेत बर्बाद हो गए। किसान अपनी फसल बचाने के लिए हजारों रुपए के तार बांधकर भी अपनी फसल नहीं बचा पा रहे हैं, यदि कोई भी बड़ा नेता जब इस नेशनल हाईवे से गुजरता है तो न जाने कितने सफाई कर्मियों की ड्यूटी सड़क पर लगा दी जाती है और आम जनता के लिए कुछ भी नहीं, जबकि इन्हीं जनता की वजह से नेता लोग लग्जरी गाड़ियों से सफल कर रहे हैं और मौज कर रहे हैं, नेशनल हाईवे पर आए दिन छुटा जानवरों की वजह से किसी न किसी व्यक्ति को अपनी जवानी पड़ती है।

## साढ़े पांच घंटे बंद रही बिजली आपूर्ति

- कब्बाखेड़ा उपकेंद्र से जुड़े 11केवी फीडर पुलिस लाइन के बदले गए तार

**उन्नाव।** हाईटेंशन लाइन के तार बदले जाने के कारण पॉश एरिया की बिजली साढ़े पांच घंटे गुल रही। बिजली न आने से लोग परेशान रहे। कब्बाखेड़ा उपकेंद्र से जुड़े 11 केवी फीडर पुलिस लाइन के तार काफी जर्जर हो गए थे। जो आए दिन टूटते रहते थे। जिसके कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। शुक्रवार को रीवैंप योजना के तहत तार बदलने का काम शुरू किया। सुबह 10.30 बजे से तार बदलने शुरू हुए। यह काम शाम चार बजे तक चला। इस दौरान पुलिस लाइन, ऑफिसर कॉलोनी, जजेस कालोनी, सिविल लाइन, पूरबखेड़ा व पश्चिमखेड़ा आदि क्षेत्रों क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बंद रही। एक्सईएन प्रथम हेमेंद्र सिंह ने बताया कि तार बदले जाने के कारण बिजली आपूर्ति बंद रही थी। इसकी पूर्व सूचना दे दी गई थी। तार बदल जाने के बाद अब ब्रेकडाउन की समस्या कम होगी और क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति हो सकेगी।

## सिलेण्डर में लगा आग घर का सामान जला

**संतकबीरनगर।** मेंहदावल थाना क्षेत्र के मोहल्ला नायक टोला वार्ड में सुबह सिलेण्डर से आग लग गया। आग इतना भयानक था कि देखते-देखते ही पूरा घर जलने लगा। सभी सामान जलकर खाक हो गया लेकन पूरा परिवार भाग कर अपना जान बचाया। मौके पर फायर बिग्रेड की टीम ने किसी तरह कड़े मसक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घर के मालिक रोहित शर्मा ने बताया कि परिवार का काफी सदमें में है। घटना के बाद स्थानीय पुलिस तथा प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र भी मौजूद रहे।

## दिव्यांगजनों एव आम जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए सांकेतिक भाषा में वीडियो जारी

**संतकबीरनगर।** निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मूक बधिर दिव्यांगो एवं आम जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सांकेतिक भाषा (साइन लैंग्वेज) में आठ वीडियो तैयार किया गया है। जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी यह वीडियो मतदान की विभिन्न प्रक्रियाओं जैसे पंजीकरण की प्रक्रिया, मतदाता मार्गदर्शिका, मतदान के दिन क्या-क्या सावधानी रखनी है एवं कौन-सा पहचान दस्तावेज लेकर बूथ पर जाना है, मतदान की प्रक्रिया, अपना वोट कैसे डालना है सहित भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न सुविधाओं से सम्बन्धित जारी किये गये ऐप (सक्षम एप, वोटर हेल्पलाइन एप, केवाईसी एप, सी-विजिल एप, आदि) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये वीडियो से दिव्यांगजनो एवं वरिष्ठ नागरिको के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं (रैम्प, व्हीलचेयर, ब्रेलयुक्त ईवीएम, विशेष स्वयंसेवक, दिव्यांगजनो एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग-अलग लाइन तथा परिवहन सुविधा, सांकेतिक भाषा इत्यादि) सहित घर से मतदान की सुविधा, डाक मतपत्र की सुविधा एवं मतदाता शपथ की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## एस.पी. ने परेड का लिया सलामी

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। एस.पी. ने परेड में शामिल पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया। निरीक्षण के बाद कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। एस.पी. ने परेड के बाद पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, आमी बैरक, डायल 112 आदि का निरीक्षण किया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। एस.पी. ने पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# बसपा ने मोहम्मद आलम को घोषित किया प्रत्याशी उलझे राजनीतिक समीकरण

● - भाजपा प्रत्याशी की राह को बसपा ने बनाया आसान

## बसपा ने संतकबीरनगर में सबको चौकाया

संतकबीरनगर। बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार को संतकबीरनगर लोकसभा सीट से युवा चेहरे को चुनाव मैदान में उताकर सबको चौका दिया है। बसपा की रणनीति से राजनीतिक गलियारों में हलच ल पैदा हो गई है। हाला कि बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को 11 लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों का ऐलान किया है कि जिसमें संतकबीरनगर से मोहम्मद आलम को प्रत्याशी बनाया है। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने मोहम्मद आलम के नाम की घोषणा किया है में संतकबीरनगर की राजनीति में नया भुचाल आ गया है।

स्वतंत्र प्रभात

**संतकबीरनगर।** लोकसभा चुनाव 2019 और 2024 में जमीन-आसमान का फर्क दिखायी दे रहा है। पिछला लोक सभा चुनाव बसपा, सपा ने गठबंधन करके लड़ा रहा था जबकि इस बार दोनो एक दूसरे से जुदा है। इण्डिया गठबंधन से अलग होकर बसपा ने अकेले ताल ठोक रखी है। यही बात अन्य राजनीतिक दलो के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के लिए बसपा गले की हड्डी बन गयी है। हाला कि संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र से बसपा ने अपने प्रत्याशी मोहम्मद आलम के नाम का ऐलान कर दिया है ऐसे में पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे के प्रत्याशी चयन पर भी विराम लगता हुआ नजर आ रहा है। हालाकी इस बार के लोक सभा चुनाव में बसपा से किसी का गठबंधन न होना प्रत्याशियों के लिए गंभीर समस्या बनकर सामने दिखाई दे रही है। पिछले लोक सभा चुनाव में बसपा-सपा गठबंधन से पूर्वांचल के कद्दावर नेता रहे भीष्मशंकर उर्फकुशल तिवारी चुनाव लड़े थे लेकिन मामूली अंतर से हार गये थे। चर्चाओं की बातो को माने तो पूर्व विधायक दिग्विजय नारायण उर्फजय चौबे यदि हाथी सिंम्बल से चुनाव लड़ते तो संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र में त्रिकोणीय लड़ाई होने की संभावना प्रबल होती। लेकिन बसपा ने मोहम्मद आलम को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा को संजीवनी देने का काम किया है। वैसे अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा लेकिन एक बात जरुर है की पूर्व विधायक जय चौबे का समाज के सभी वर्गो में गहरा पैठ है यही कारण है कि हर कोई जय चौबे का नाम लेने के लिए मजबूर हो जाता है। इतना ही नही सपा ने जिसे लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है वह वर्ष 2012 में मेंहदावल विधान सभा क्षेत्र से विधायक चुने गये थे और अखिलेश की सरकार में मंत्री भी बने थे। भाजपा प्रत्याशी प्रवीण निषाद पांच वर्ष तक सांसद के रुप में रह कर जनता के बीच में न जाना सबसे बड़ा बाधा आ रही है। लोगो का कहना है कि जनपद का नेता ही हम लोगो को पसंद है ऐसे में यदि सपा बसपा के तरफ मतदाताओं का झुकाव हुआ तो भाजपा प्रत्याशी के लिए किसी मुसीबत से कम नही होगा।

# डंठल की चिंगारी से छप्पर के पांच घर जलकर हुए राख

स्वतंत्र प्रभात



**सेमरियावां/संतकबीरनगर।** ब्लॉक के कानपारा सिवान में खेत का डंठल जलाने से निकली चिंगारी से ग्राम पंचायत डढ़वामाली के छप्पर के पांच मकान जलकर राख हो गये घर में रखा सभी सामान भी जल गया। सूचना देने के घंटों बाद पहुंचे फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। शुक्रवार को कानपारा सिवान में जल रहे डंठल की आग से निकली चिंगारी करीब के डढ़वामाली गांव में पहुंच गयी जहां पर छप्पर के मकान में अपनी जिंदगी गुजार रहे परिजनों के लिए यह आग कहर बन गयी गनीमत रही कि आगजनी के दौरान कोई घर में नहीं था फ्लिहाल डढ़वामाली गांव के ओम प्रकाश पुत्र रामप्यारे, बासदेव पुत्र जगेसर, हैसियत अली पुत्र औसान अली, फोटो देवी पत्नी जगनरायन, नंदलाल पुत्र भगवती के छप्पर के मकान आग की जद में आकर जलकर राख हो गये घर में रखा सभी सामान व बर्तन जलकर राख हो गया। आग सूचना ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को करीब एक घंटे देर से पहुंचा फायर ब्रिगेड वाहन व ग्रामीणों की कढ़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# गैंगेस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**संतकबीरनगर।** क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद ब्रजेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त सैयद अली उर्फ पंडित पुत्र स्व0 छेदी खान साकिन पैकोलिया थाना दुधारा को गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्व दुधारा पुलिस ने धारा 3(1) यूपी गैंगेस्टर एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया था मुकदमा पंजीकृत होने के बाद से अभियुक्त फरार चल रहा था। उन्होने बताया कि अभियुक्त के विरुद्व पूर्व में जिले के कोतवाली खलीलाबाद व दुधारा थाने पर कई अपराधिक मुकदमे दर्ज है। सी.ओ. ने बताया अभियुक्त के विरुद्व कोतवाली खलीलाबाद में सात मुकदमे दर्ज है जबकि दुधारा थाने पर चार मुकदमे दर्ज है। उन्होने बताया कि अभियुक्त का एक सुसंगठित गिरोह है, जो अपने आर्थिक, भौतिक एवं दुनियाबी लाभ के लिए गैंग बनाकर मारपीट/चोरी जैसे जघन्य अपराध कारित करते हैं। मारपीट/चोरी के अभियोग दर्ज होने व समाज में काफी भय, आतंक व साम्प्रदायिक साम्प्रदायिक सौहार्द खराब होने के खतरे तथा उक्त अभियुक्त के भय व आतंक से किसी व्यक्ति द्वारा इनके विरुद्ध इनके द्वारा किए गए गलत कार्यो की सूचना व गवाही देने से डरने के दृष्टिगत गैंगेस्टर एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। गैंगेस्टर एक्ट पंजीकृत किए जाने के बाद प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह, दीवान राकेश गौंड, सिपाही कृष्णानन्द शाह ने उक्त अभियुक्त को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल/न्यायालय रवाना कर दिया।

# पूर्वांचल में सपा को बड़ा झटका, सपा नेता जय चौबे ने छोड़ी पार्टी

● - सपा मुखिया पर दूषित मानसिकता का लगाया गंभीर आरोप

● - प्रधानी का चुनाव जो नही जीत पाया लोकसभा का चुनाव कैसे जीतेगा-जय चौबे

स्वतंत्र प्रभात



**संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर लोक सभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के दावेदार दिग्विजय नारायण उर्फ जय चौबे ने सपा को अलविदा कर दिया। इसके साथ ही सपा प्रमुख अखिलेश यादव को दूषित मानसिकता वाला व्यक्ति बताया। श्री चौबे ने कहा कि पीडीए का नारा पिछड़ा एवं एक जाति विशेष को छोड़कर न इनके साथ कोई पिछड़ा है और न दलित समाज का कोई जाति इनके साथ नही है। जय चौबे ने दावा किया कि लोक सभा क्षेत्र संतकबीरनगर का मुस्लिम समाज हमारे साथ है। श्री चौबे ने कहा कि वर्षो से निष्क्रिय रहे लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को जो प्रधानी का चुनाव हार चुके है उनको प्रत्याशी बनाया गया है। लोकसभा चुनाव में जैसे-जैसे टिकटो का ऐलान हो रहा है दलो की भूमिकाएं बदल रही है। टिकट नही मिलने से जय चौबे ने सपा से नाता तोड़ लिया जय चौबे के समर्थको ने गुरुवार को लखनऊ स्थित सपा कार्यालय के बाहर अखिलेश यादव के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान जय चौबे के समर्थको ने अखिलेश यादव मुर्दाबाद के नारे लगाये। पत्रकारो से बातचीत करते हुए जय चौबे ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के मौलाना और कुर्मी समाज के जिम्मेदार लोग सपा मुखिया अखिलेश यादव से मिलकर प्रत्याशी बदलने की मांग किया। इस पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि पप्पू निषाद ही प्रत्याशी रहेंगे आप सभी लोग जाकर पप्पू निषाद को चुनाव जिताओ। श्री चौबे ने दावा किया कि पप्पू निषाद संतकबीरनगर के लिए एक कमजोर प्रत्याशी है और निषाद व मुस्लिम समाज उनको वोट नही देगा। उन्होने कहा कि सर्वे में मुझे लोकसभा क्षेत्र की जनता मुझे प्रथम स्थान पर बता रही है लेकिन सपा प्रमुख ने कुछ लोगो के बरगलाने पर ऐसे व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया है जिसकी छवि जनता के बीच बिल्कुल नही है। श्री चौबे ने आगे कहा कि अपने शुभचिंतको के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय करेंगे। हालाकी सोशल मीडिया पर जो खबरें चल रही है उससे ऐसा अनुमान लगाया जा रहा था कि पूर्व विधायक जय चौबे हाथी की सवारी कर सकते है और लोकसभा में दमदारी से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए भाजपा सपा को पटकनी देने का प्रयास करेंगे। लेकिन शुक्रवार को बसपा ने लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर से मोहम्मद आलम को प्रत्याशी बनाकर जय चौबे की मंशा पर पानी फेर दिया है। हाला कि जय चौबे के समर्थको का कहना है कि प्रत्याशी में परिर्वतन हो सकता है।


# चौधरी भगौती प्रसाद इंटर कॉलेज भीटी-अंबेडकर नगर (यू.पी.)

आवश्यकता है-

परास्नातक कक्षाओं में निम्नलिखित प्रवाक्ताओ की

| | |
|---|---|
| (A) 1-8 तक अध्यापक (सभी विषय ) | पद-3 |
| (B) 9-12 तक अध्यापक अंग्रेजी | पद-1 |
| (C)इतिहास + नागरिक शास्त्र | पद-1 |

शैक्षिक योग्यता-

मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक और B. Ed/BTC समक्ष होना अनिवार्य है।

वेतन-

यह आपके डेमो क्लास, एक्सपीरियंस व बच्चों की फीडबैक पर निर्भर करेगा ( मानक अनुसार सैलरी अच्छी दी जाएगी)

नोट -

1. अपनी सभी शैक्षणिक योग्यता की एक-एक फोटोकॉपी तथा दो फोटो साथ लाना अनिवार्य है।

2. आप विद्यालय में शिक्षक समय 8:00am से 12:30pm तक उपस्थित हो ।

संपर्क सूत्र

9918590462
9918620843
9555818599


# डीएम व एसपी ने संयुक्त रुप से पोलिंग बूथों का किया स्थलीय निरीक्षण

## डीएम व एसपी ने कस्बा मेहदावल में किया पैदल गश्त

**संतकबीरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्तरुप से जनता मे सुरक्षा भावना को बढ़ाने के लिए पुलिस बल के साथ थाना मेहदावल क्षेत्रान्तर्गत कस्बा मेंहदावल में पैदल गस्त किया। पैदल गस्त के दौरान डीएम व एसपी ने मतदान तिथि 25 मई 2024 को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि कोई भी मतदाता किसी के प्रलोभन एवं डराने धमकाने तथा बहकावे पर नहीं आएंगे, अपने मताधिकार का प्रयोग अपनी स्वेच्छा से करें, कोई व्यक्ति अगर आप लोगों को डराता या धमकाता है तथा प्रलोभन देता है तो उसकी जानकारी उपलब्ध कराए तत्काल कार्यवाही की जाएगी। गश्त के दौरान उप जिलाधिकारी मेहदावल अरुण वर्मा, ओएसडी बलदाऊ जी शर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना मेहदावल रामकृष्ण मिश्र, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव सहित तमाम अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

स्वतंत्र प्रभात

**संतकबीरनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने संयुक्त रुप से विधानसभा 312-मेहदावल अंतर्गत पोलिंग बूथ उच्च प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय गगनई बाबू, डीएवी इण्टर कालेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय तथा मॉडल अपर प्राइमरी स्कूल मेहदावल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान के लिए बूथों पर की गई व्यवस्थाओं जैसे विद्युतीकरण, बाउंड्रीवाल, पानी की व्यवस्था, शौचालय, रैम्प एवं साफ-सफाई आदि का जायजा लिया तथा मतदान केंद्र पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुधार के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिला मजिस्ट्रेट ने लोक सभा निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मेंहदावल अरूण वर्मा, प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल रामकृष्ण मिश्र, पीआरओ पुलिस अधिक्षक जितेन्द्र यादव ओएसडी बलदाऊ जी शर्मा सहित तमाम अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाइक सवार क्लर्क को अज्ञात बाहन ने रौंदा मौत

स्वतंत्र प्रभात




खुर्जा जक्शन क्षेत्र में बाइक पर ड्यूटी समाप्त करके अपने घर लौट रहे शिक्षा विभाग के क्लर्क को अज्ञज्ञत वाहन ने रौंद दिया जिसमें वह गम्भीर रूप् से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गम्भीरावस्था में उपचार हेतु क्लर्क को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना टप्पल के गांव कमालपुर निवासी 46 वर्षीय योगेंद्र सिंह चौधरी पुत्र कालीचरण चौधरी खुर्जा शिक्षा विभाग में क्लर्क थे । हर रोज की तरह बाइक पर सवार होकर अपने गांव से ड्यूटी गये थे। जहां से ड्यूटी समाप्त करके अपने घर आ रहे थे जैसे ही वह खुर्जा जंक्शन के निकट पहुंचे ही थे कि तभी अज्ञात वाहन बाइक को टक्कर मारता हुआ मौके से भाग गया । जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया जहां से मेडिकल के लिए रेफर कर दिया । मेडिकल से भी डॉक्टरों ने हालात देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया । परिवरीजन दिल्ली ले जा रहे थे कि रास्ते में दम तोड़ दिया । मृतक के बुआ के बेटे सुरजीत सिंह ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व उनके छोटे भाई की भी सड़क हादसे में मौत हो गई थी और आज बड़े भाई की भी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी कमलेश देवी दो बेटी एक बेटा एवं माता-पिता को रोते हुए छोड़कर चला गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के सब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम गृह भेज दिया है।

# सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि मैं अनोद कुमार पुत्र जय पाल ग्राम हजियापुर पोस्ट ऐनवां तहसील टाण्डा जिला अम्बेडकरनगर दिनांक 28-01- 2021 को ऐनवां से अकबरपुर पुरानी तहसील आ रहा था, मेरे पास मौजूद क्रेता बिजयेन्द्र वर्मा पुत्र कन्हैया प्रसाद वर्मा ग्राम इब्राहिमपुर बडागांव परगना व तहसील टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर की मदर डीड रजिस्ट्री संख्या/विलेख संख्या-3150 एवं रजिस्ट्री दिनांक 23-07-2013 का मूल दस्तावेज रास्ते में कहीं गिर गया, मेरे द्वारा उक्त दस्तावेज को बहुत ढूढा गया परन्तु उक्त दस्तावेज कहीं मिल न सका। मेरे द्वारा बिजयेन्द्र वर्मा पुत्र कन्हैया प्रसाद वर्मा ग्राम इब्राहिमपुर बडागांव परगना व तहसील टाण्डा जनपद अम्बेडकरनगर से उक्त जमीन का बैनामा करा लिया गया है। जिसकी रजिस्ट्री संख्या/विलेख संख्या- 825 दिनांक 28/01/2021 है एवं उक्त बैनामे की मूल डीड रजिस्ट्री मेरे पास मौजूद है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## लोकसभा चुनाव 2024- पीलीभीत में मतदान आज, 18.31 लाख मतदाता करेंगे 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**पीलीभीत** जिले में अब मतदाताओं की बारी है। जिले के 18.31 लाख मतदाता आज 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदान के लिए 1521 बूथ बनाए गए हैं। शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लोकतंत्र के महापर्व में वोट रूपी आहुति डालने का शुभ दिन आ गया है। शुक्रवार को पीलीभीत जिले में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। पीलीभीत लोकसभा सीट के लिए जिले की चार और बरेली के बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र में वोट डाले जाएंगे। लोकसभा क्षेत्र में करीब 18.31 लाख मतदाता हैं। इनमें 9.78 लाख से अधिक पुरुष और आठ लाख से अधिक महिला मतदाता हैं। सभी मतदाता 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

## पीलीभीत सीट से सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार ने पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप



**पीलीभीत** में सात बजते ही जिले के सभी 958 मतदान केंद्रों पर मतदान शुरू हो गया। मतदाता अपने मतों का प्रयोग कर रहे हैं। मतदान के बीच पीलीभीत लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शहर के ड्रमंड इंटर कालेज पहुंचे सपा उम्मीदवार ने कहा कि पुलिस ने हमारे कार्यकर्ताओं और नेताओं रात में उठा लिया। पुलिस ने उनसे कहा कि तुम समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता हो। पोलिंग बूथों की तरफ नहीं जाओगे। भाजपा का विरोध नहीं करोगे।

## व्यय प्रेक्षक ने सीडीओ के साथ किया इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा निर्वाचन 29 धौरहरा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक व्यय प्रेक्षक सुमित बेसरा ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने फील्ड में मौजूद विधानसभावार फ्लाईग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी। सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि कड़ी निगरानी की जाए, कहीं पर भी एमसीसी का उल्लंघन न होने पाए। उन्होंने कंट्रोल रूम की पूरी टीम को अलर्ट रहकर कड़ी निगरानी रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## कस्बे से लेकर गांवों तक झोलाछाप की भरमार सीएमओ साधे मौन




**लखीमपुर खीरी।** डॉक्टर धरती के भगवान कहे जाते हैं कोई भी बीमारी होने पर डॉक्टर ही याद आते है और विश्वास होता है कि डॉक्टर के पास जाएंगे तो ठीक हो जाएंगे, लेकिन जब डॉक्टर को ही पूर्ण जानकारी न हो तो निश्चित ही इलाज करवाने में डर लगेगा। मितौली सहित पूरे तहसील क्षेत्र में तो झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है जगह-जगह यहां झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक खुले हुए व बाइकों में बैग टांगकर बेखौफ इलाज के नाम पर ठगी करते नजर आते हैं हर गली मुहल्लों में झोलाछाप डॉक्टर साहब के क्लीनिक मिल जाएंगे। जहां बिना कोई डिग्री लिए फर्जी डॉक्टर बनकर मरीजों को इलाज के नाम पर रकम ऐंठने व उनके जीवन से खिलवाड़ करते बड़ी आसानी से फूस के बने छप्परों के नीचे बोतले टंगी देखने को मिल जाएंगे, लेकिन चल रहे ऐसे क्लीनिकों पर जिम्मेदारों की नजर नहीं पड़ती। आए दिन ऐसे मामले प्रकाश में आते हैं कि मामूली बीमारी को भी ये लोग गंभीर बनाकर अपने सेटिंग वाले निजी अस्पतालों में भर्ती करवाकर मोटा कमीशन भी लेते हैं। विभागीय सूत्रों की माने तो जब भी इन झोला-छाप डॉक्टरों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है तो लिखा पढ़ी कर लौट आती है। बाद में मोटी रकम लेकर मामला रफा-दफा कर पुनः मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का लाइसेंस दे दिया जाता है।

# जिलाधिकारी के आदेश पर भारी डूडा के दलालों की दलाली

● डीसी विनय श्रीवास्तव के संरक्षण में बेखौफ जारी डूडा के दलालों की दलाली (सभासद भीरा)

● डीसी विनय श्रीवास्तव बताए जाते हैं परियोजना अधिकारी के खास इसीलिए डिप्टी सीएम के पास की गई लिखित शिकायत के बाद भी नहीं हो पा रही डीसी साहेब पर कोई कार्यवाही

● मामले का खुलासा होने व पीड़िता के बयान होने के बाद भी नहीं कराई जा रही कथित दलाल आकाश अवस्थी व दोषी पूर्व सर्वेयर गौरव पर एफआईआर



**स्वतंत्र प्रभात**
विशाल पाण्डेय

**लखीमपुर खीरी** भले ही जनपद खीरी में आवास योजना में दलाली व रिश्वतखोरी रोकने के लिए जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह काफी प्रयासरत दिखाई दे रहे हैं। और मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से आवासों के नाम पर किसी को भी रिश्वत व दलाली देने से साफ मना किए जाते देखे जा सकते हैं परंतु इसके उलट डूडा में आवासो के नाम पर दलाली वा रिश्वतखोरी रुकने का नाम नहीं ले रही और आए दिन कोई ना कोई नया कारनामा सर्वेयर व डीसी, दलालों का सामने आता ही रहता है। डूडा विभाग के जिम्मेदार जिला अधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की बातों को गंभीरता से लेते नहीं दिखाई दे रहे हैं जिसके परिणाम स्वरुप डूडा में हो रहे भ्रष्टाचार का हर रोज कोई ना कोई नया अध्याय प्रकाश में आता ही रहता है। परंतु जिम्मेदार परियोजना अधिकारी द्वारा इन मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। अगर कोई लाभार्थी वसूली की बात डॉक्टर अजय सिंह से कह देता है तो साहब लाभार्थी से लिखित शिकायत देने को कहते हैं हद तो तब हो गई जब लिखित शिकायत व जांच होने के बाद भी दलालो वा विभागीय जिम्मेदारों पर कार्यवाही नहीं होती जिससे उनके हौसले बुलंद ही रहते हैं और ये नए-नए कारनामों को अंजाम देते ही रहते हैं।

**केस नंबर 1**

बताते चलें भीरा के लगभग आधा दर्जन सभासदों ने डीसी अरिनेम विनय श्रीवास्तव पर आवास योजना के नाम पर ?30000 बतौर रिश्वत राशि लेकर लाभार्थियों को आवास देने के आरोप लगाए थे जिन लाभार्थियों ने पैसा नहीं दिया उनकी किस्त होल्ड कर दी जाती है।यह आरोप भीरा के सभासदों के हैं। परंतु आज कई दिन बीत जाने के बाद भी डीसी पर कार्यवाही ना होना परियोजना अधिकारी की मंशा बताने को काफी दिखाई देता है।

**केस नंबर 2**

मोहल्ला मिश्रना निवासी विधवा महिला रेखा देवी से आवास के नाम पर 23000 रुपए लेने वाले पूर्व सर्वेयर के कथित दलाल (एजेंट) आकाश अवस्थी की लिखित शिकायत व उप जिला अधिकारी द्वारा भेजी गई जांच टीम द्वारा पीड़ित के बयानों में भी बताया गया कि किस प्रकार आवास योजना में सर्वेयर द्वारा पोषित दलाल आकाश अवस्थी द्वारा वसूली की गई परंतु डूडा के जिम्मेदार परियोजना अधिकारी डॉक्टर अजय सिंह द्वारा अब तक मामले में कोई कार्यवाही नहीं कराई गई और ना ही कराई गई इन पर एफआईआर ना होने के चलते आम लोगों व विभाग में भी ये मामले चर्चा का विषय बने हुए है। और आम लोगों का तो यह तक कहना है की दाल में कुछ काला नहीं बल्कि पूरी दाल ही काली है।

**क्या बोले जिम्मेदार**

इस संबंध पर जब नायब तहसीलदार दिनेश कुमार जी से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया उप जिलाधिकारी सदर के आदेश पर पीड़िता के घर निष्पक्ष बयान

कराने गया था पीड़िता ने अपने बयान में आवास के नाम पर रुपए लेने की बात कही थी पूर्व में दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में लगाए गए आरोपों की पुष्टि होती है आगे की विधिक कार्यवाही परियोजना अधिकारी डूडा को करनी है। पीड़िता रेखा के बयान परियोजना अधिकारी डूडा की फाइल में संलग्न है। जब परियोजना अधिकारी डूडा डॉ अजय कुमार सिंह से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो साहब स्वतंत्र प्रभात मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं। और चार-चार फोन करने के बाद भी फोन नहीं उठाया जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी।

# हीटवेव (लू) को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

**स्वतंत्र प्रभात**



**लखीमपुर खीरी।** अप्रैल के महीने में तापमान में बढ़ौतरी बाद स्वास्थ्य विभाग ने हीटवेव (लू) को लेकर अलर्ट दिशा निर्देश जारी किए हैं। जिससे आमजन मानस को हीट वेव (लू) से बचाया जा सके। हीट वेव के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए सीएमओ डॉ संतोष कुमार गुप्ता द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने बताया है कि तीन महीने अप्रैल, मई व जून में लू का मौसम रहता है जिसके चलते बीमारियों से बचाव में नियंत्रण के स्वास्थ्य विभाग उपाय भी जारी कर रहा है। मरीजों की संख्या में बढ़ावा होने पर स्टाफ को सक्रिय रहने व विपरीत परिस्थितियों में तत्काल राहत देने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। आगे उन्होंने बताया कि अत्यधिक गर्मी और उमस बेहद असुविधाजनक हो सकती है और विशेष रूप से शिशुओं, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकती है। उचित सावधानी के बिना, अत्यधिक गर्मी से हीट स्ट्रोक और इससे भी बदतर, मृत्यु हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप, गर्मी की लहरें लंबी, अधिक लगातार और अधिक गंभीर होती जाती हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम सावधान रहें। बताया कि लू (हीट-वेव) के दृष्टिगत जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर इलाज की समुचित व्यवस्था के लिए ओआरएस एवं आईवी फ्ल्यूड आदि का पर्याप्त स्टॉक करा दिया गया है। मानव संसाधन को भी अलर्ट कर दिया गया है। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करा दी गई है। माह अप्रैल, मई व जून लू (हीट-वेव) के प्रकोप के माह माने गये हैं। जनपद में अभी तक कोई अप्रिय घटना रिपोर्ट नहीं हुई है।

**ऐसे करें बचाव-**

अधिक से अधिक पानी पिएं, पसीना सोखने वाले व हल्के रंग के वस्त्र पहनें। धूप मे निकलते समय चश्मे छाते व चप्पलों का प्रयोग करें। खुले मे कार्य करते हैं तो चेहरा, हांथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें यदि सम्भव हो तो छाते का प्रयोग करें। सम्भव हो तो पूर्वाहन 11:00 बजे से 04:00 बजे के मध्य धूप मे निकलने से बचें। घर मे बने पेय पदार्थ लस्सी, नींबू पानी एवं छाछ इत्यादि का प्रयोग करें। पेट में मरोड़, घमोरियां, शरीर में कमजोरी, चक्कर आना, सिर में तेज दर्द, उबकाई जैसे लक्षण सामने आए तो नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर चिकित्सीय सलाह लें।

# अब विसरा रिपोर्ट खोलेगी आसाराम की मौत की असल वजह

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी।** जिले कर अंतर्गत थाना क्षेत्र मितौली में पूछताछ के लिए लाए गए आसाराम की मौत होने के मामले में क्षेत्राधिकारी मितौली ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बिसरा जांच के लिए लखनऊ भेजा है। बिसरा रिपोर्ट से आसाराम की मौत का असल राज खुलेगा।

*सीओ मामले की जांच में जुटे हैं।*

थाना क्षेत्र के पकरिया जलालपुर गांव में विगत तीन अप्रैल को पांच साल की नौनिहाल बच्ची अंशू पुत्री अनूप कुमार की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। इस केस के खुलासे में क्राइम ब्रांच सहित कई टीमें लगी हुई हैं और खाक छान रही है विगत शुक्रवार सुबह अंशू के पिता अनूप ने अपने पड़ोसी आसाराम पर पुत्री की हत्या का शक जताते हुए नामजद तहरीर दी थी। उसी तहरीर के आधार पर मितौली थाना पुलिस ने आसाराम को पिपरझला पुलिस पिकेट पर बुलाया था पुलिस पिकेट से आसाराम को पुलिस थाने ले गई थी करीब छह घंटे की हिरासत में देर रात आसाराम की मौत हो गई आसाराम की पत्नी-बेटों ने पुलिस पर पिटाई कर हत्या का आरोप लगाते हुए सड़क जाम की थी पुलिस ने आसाराम के बेटे की तहरीर पर पिकेट प्रभारी व हेड कांस्टेबल पर हत्या व अवैध रूप में हिरासत में रखने के आरोप में तहरीर दी थी, तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था।

बाद में एससीएसटी एक्ट भी लगाया गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर विसरा जांच के लिए लखनऊ भेजा गया है। सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह ने बताया है कि आसाराम के मामले में जांच शुरू कर दी है विसरा लखनऊ भेजा है रिपोर्ट आने के बाद आसाराम की मौत का कारण पता चल सकेगा।, हालंकि मासूम बच्ची के घर के बाहर पुलिस तैनात है।

आसाराम की मौत के बाद से बच्ची के पिता अनूप को लेकर लोगों में आक्रोश है लोगों का मानना है कि शुक्रवार को अनूप ने बच्ची की हत्या का शक जाहिर कर तहरीर दी थी, जिसमें आसाराम व गिरिवर के नाम था। आसाराम की मौत के बाद से पुलिस अलर्ट है। उसी दिन से गांव व अनूप के घर के बाहर पुलिस तैनात कर दी गई। बुधवार को भी गांव में व अनूप के घर पुलिस तैनात है। हालांकि माहौल शांत है।

**अभी तक नहीं हुई पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई**

घटना के करीब एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुलिस कर्मियों को सस्पेंड करने के लिए चुनाव आयोग से अनुमति मांगी है। अपर पुलिस अधीक्षक नैपाल सिंह का कहना है कि चुनाव आयोग की अनुमति का इंतजार किया जा रहा है। पुलिस कई एंगल को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है जल्द आशाराम हत्याकांड का सफल अनावरण होगा।

# पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी।** शहर के मोहल्ला संकटा देवी निवासी इमरान खान ने बताया कि वह 01 नवंबर 2022 को मोहल्ले के ही अपने साथी खुर्शीद अली के साथ बाइक से रामापुर बाजार जा रहा था। लखीमपुर-बहराइच रोड पर नहर पटरी के पास पीछे से गांव बड़ागांव निवासी आफाक खां, एतसाम, रामापुर निवासी गुफरान खां अपने एक अन्य अज्ञात साथी के साथ आ गए और पुरानी रंजिश के कारण आफाक खान ने अपनी लाइसेंसी राइफल से जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। गनीमत रही कि गोली कनपटी के बगल से निकल गई और वह बाल-बाल बच गया था। गोली चलाने के बाद आरोपी गाली गलौज करते हुए भाग निकले। सदर कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों को नामजद कर अक अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। इसके अलावा गुंडा एक्ट का भी एक वाद सरकार बनाम गुफरान खां जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रहा है, जिसमें भी वह (इमरान खान) वादी है। उन्होंने बताया कि आरोपी गुफरान खान गुंडा एक्ट के मामले में उन पर बराबर सुलह का दबाव बना रहा है। सुलह न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। कहता है कि तुमको अपनी




जान प्यारी हो तो मुकदमे में सुलह कर लो नहीं तो हम तुम्हे स्वयं जान से मार देगें या सड़क दुर्घटना करवाकर मरवा देगे। उसने अपनी जान का खतरा जताते हुए सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रकरण की जांच एसआई दिनेश कुमार शुक्ला को सौंपी गई है।

# लोकतंत्र के महापर्व की खूबसूरत तस्वीरें- मंडप से सीधे मतदान करने पहुंची दुल्हन, फिर गई ससुराल, दिया ये संदेश

**स्वतंत्र प्रभात**



**पीलीभीत**-बहेड़ी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। मतदाताओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। लोकतंत्र के महापर्व की कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी सामने आई हैं, जो लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करती हैं। बहेड़ी में शादी के बाद दुल्हन मंडप से सीधे मतदान करने पहुंची। उसने ससुराल जाने से पहले मतदान किया। मतदान के बाद दुल्हन ने लोगों से मतदान करने की अपील की। बहेड़ी के गांव बंजरिया में बृहस्पतिवार रात सपना की बरात आई थी। शादी की रस्में पूरी होने के बाद शुक्रवार सुबह दुल्हन बनी सपना मंडप से सीधे बूथ संख्या 23 कंपोजिट विद्यालय बंजरिया पहुंची। उसने मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में आहुति दी। मतदान केंद्र पर दुल्हन को देखकर हर कोई हैरान रह या

दुल्हन के पिता राजवीर सिंह ने बताया कि विदाई के बाद सपना ने मतदान करने की इच्छी जताई। इस पर उन्होंने दूल्हा पक्ष से बात की। वे भी तैयार हो गए। ससुराल जाने से पहले सपना ने मतदान किया। इसके बाद विदा होकर शेरगढ़ के गांव पहाड़पुर में अपनी ससुराल चली गई। पीलीभीत में बुजुर्ग, युवा व महिलाएं सभी वर्ग के मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने के लिए सुबह सुबह ही मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे। पोलिंग बूथों पर लंबी-लंबी कतार लग गई। अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचा तो कोई दोस्तों के साथ। मतदान को लेकर बुजुर्ग मतदाताओं का हौसला जवान दिखा। दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई 80 वर्षीय कृष्ण अवतार कंसल अपनी पत्नी को लेकर ड्रमंड इंटर कॉलेज बूथ पर मतदान करने पहुंचे। उनकी पत्नी चलने में असमर्थ हैं। इसीलिए वह उन्हें स्कूटी पर बैठाकर मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी को देश हित में मतदान करना चाहिए। मतदान केंद्र पकड़िया नौगंवा पर बुजुर्ग रामप्रसाद अपनी दिव्यांग पत्नी के साथ मतदान करने पहुंचे। इसी तरह एक दिव्यांग मतदाता ट्राई साइकिल से मतदान करने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पहुंचा।

# फर्जी एवं भ्रामक आख्या लगाकर किया जा रहा शिकायत का निस्तारण

● वह बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग आरोपी को ही बना दिया जांच अधिकारी

यदि लगाया जा रहे आप फर्जी हैं तो उक्त मीना कुमारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ती पर शहरी कला के अंक पत्रों की जांच कराई गई या फिर सहायिका श्रीदेवी के अंक पत्र सत्य व सही हैं।

यदि इनका संरक्षण नहीं है तो उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं के विरुद्ध परियोजना अधिकारी के द्वारा कार्यवाही क्यों नहीं की गई।

**स्वतंत्र प्रभात**
नित्यानंद बाजपेई

**लखीमपुर खीरी** मामला विकासखंड फूलबेहड के अंतर्गत बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय का है। जहां पर शासन को आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतकर्ता द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं पर फर्जी अंक पत्रों पर नौकरी करने के आरोप लगाते हुए फर्जी अंक पत्रों पर कार्य संलग्न आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने तथा उक्त दोनों के अंक पत्रों की जांच कराए जाने की मांग की गई थी।और उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं के विरुद्ध कार्यवाही ना करके इनका संरक्षण देने के आरोप परियोजना अधिकारी फुल बेहड पर लगाए गए थे। इस मामले की दर्जनों खबरें भी प्रकाशित हुई थी। और मामला सीडीपीओ फुलबेहड पूजा त्रिपाठी के संज्ञान में भी लाया गया था। लेकिन जब सब कुछ जानते हुए मामले में कोई कार्यवाही न होने पर आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की गई थी। उक्त शिकायत में सबसे अहम मामला यह हुआ कि उक्त शिकायत में सी डी पी ओ पर ही फर्जी अंक पत्रों पर कार्य करने वाली कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं को संरक्षण देने के आरोप लगाए गए थे। और जांच उसी अधिकारी को सौंप दी गई जिस पर आरोप लगाए गए थे ।और उसी अधिकारी ने अपना पक्ष बचाते हुए फर्जी और भ्रामक आख्या



लगाकर शासन प्रशासन व अपने अधिकारियों को गुमराह कर दिया ।जबकि उक्त सीडीपीओ के अंतर्गतकई आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिकाएं फर्जी संदिग्ध हालत में आज भी कार्यरत है ।और सीडीपीओ द्वारा उनके विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है ।इसे इनका संरक्षण नहीं कहा जाएगा तो क्या कहा जाएगा ?और यदि इनका संरक्षण नहीं है तो इनके ऊपर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। उक्त मामला चर्चा का विषय बना है ।अब देखना यह है कि मामले में कार्यवाही की जाएगी या फिर यूं ही मनमानी भ्रामक आख्या लगाकर फर्जी अंकपत्रों पर नौकरी करने वाली आंगनबाड़ी एवं सहायिकाओं को संरक्षण दिया जाता रहेगा।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने की रहेगी पहली प्राथमिकता- आनंद भदौरिया

**स्वतंत्र प्रभात**



**बरवर खीरी-** बीते दिन बृहस्पतिवार को सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा मोहम्मदी के अंतर्गत बरखेरिया जाट सुनौआ सेण्डा पसगवां सुखवसा गौरिया अजेहरा तेन्दुआ सहिजना आदि गांवों में चुनावी नुक्कड़ सभा कर इंडिया गठबंधन के पक्ष में समर्थन करने की अपील की इस दौरान सपा नेता पूर्व सांसद दाऊद अहमद ने चुनावी नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा यहां चुनाव नौजवानों के मुस्तकबिल को अच्छा करने के लिए चुनाव है सभी लोग एकजुट होकर गिला शिकवा भूल कर अबकी सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया को अपना समर्थन दे जिससे आने बाले दिनों में जनता को महंगाई बेरोजगारी से निजात मिल सके इसी दौरान सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने चुनावी नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सिर्फ धौरहरा ही नहीं बल्कि भूरे देश में इंडिया गठबंधन के पक्ष में आंधी चल चुकी है इस बार बदलाव जनता कर के रहेगी क्योंकि जनता महंगाई बेरोजगारी से परेशान हो चुकी है जनता के पास अब इंडिया गठबंधन के अलावा कोई विकल्प नहीं है आने बाले दिनों में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है अगर सरकार बनी और हम सांसद बनकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचे तो हमारी सबसे पहली प्राथमिकता बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने की रहेगी क्योंकि हम खुद ग्रामीण क्षेत्र से और एक किसान परिवार से आते हैं हम किसानों और ग्रामीण का दर्द अच्छी तरह जानते है किसान रात दिन अपने खेतों की रखवाली करते ठंड हो या बारिश या गर्मी लेकिन किसानों आपको हमेशा अपने खेतों की रखवाली करते मिलेगा क्योंकि छुट्टा पशुओं की संख्या इतनी बढ़ गई है बेरोजगारी अपनी चर्म सीमा पर है आज का नौजवान अपना खर्चा चलाने पर मजबूर हैं अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो आंनद भदौरिया ने कहा पहले की तरह किसानों का कर्जा माफ होगा उनकी फसलों का अच्छा मुल्य मिलेगा हर साल महिलाओं को एक रुपया मिला युवाओं को अप्रेंटिस के लिए एक रुपया रुपया मिलेगा जिससे बह अपना रोजगार कर सकते हम लोग जमीनी लोग हैं हमेशा जमीन से जुड़े रहते हैं जमीनी हकीकत को अच्छी तरह से जानते हैं जनता परिवर्तन चाहती है महंगाई बेरोजगारी से परेशान हैं इस दौरान चुनावी नुक्कड़ को सपा नेता सगीर आलम सिद्दीकी राम सागर यादव तौफीक खां अरविंद यादव क्रांति कुमार ने भी सम्बोधित कर सपा इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आनंद भदौरिया अपना अपना समर्थन देने के लिए ग्रामीण जनता से अपील की इस दौरान मुख्य रूप से विधान सभा अध्यक्ष सुरेश पाल यादव सपा ब्लॉक अध्यक्ष पसगवां प्रवीण पटेल असलम खां डाक्टर जुबैर दानिश अब्दुल्ला मुन्नके सिंह उमेश श्रीवास्तव राहुल कुमार सिंह महेश कुमार यादव विरेंद्र शुक्ला गयादीन कश्यप सुरेश पाल राजन बाल्मीकि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# गोला चैती मेले के ऐतिहासिक मंच पर निरंकारी सत्संग का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**




**गोला गोकर्णनाथ (खीरी) गोला गोकर्णनाथ।** छोटी काशी में ऐतिहासिक मेला चैती 2024 के सांस्कृतिक मंच नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर निरंकारी सत्संग का शुभारंभ किया।

दिल्ली से पधारे ,संत निरंकारी मिशन के ब्रह्म ज्ञानी महात्मा राकेश मुट्रेजा ने सत्संग में कहा कि इंसान को क्रोध नहीं करना चाहिए। क्रोध अकेला नहीं आता अपने साथ तमाम विकार लेकर आता है।

पुवायां की जसविंदर सिंह ने सुनाया-

मेरा सद्गुरु यह बताने आया है तू कहां जाएगा तू इंसान कहां से आया है।

शाहजहांपुर के विवेक देव ने कहा-

मुझमे भी तुझमे भी इसमे भी उसमे भी सबमे राम समाया है।

पूरनपुर की काजल ने गीत के माध्यम से संत निरंकारी पर सुनाया-

ओ दुनियां बालो सुनो जग वालों बड़े ध्यान से ।

मेरा सद्गुरु तो मिलाये भगवान से।निरंकारी सत्संग का संचालन रामकरन राठौर, ने और सांस्कृतिक मंच का संचालन मेला प्रभारी मोहित गिरि ने किया।

इस अवसर पर निरंकारी मिशन जोनल इंचार्ज प्रीतपाल सिंह, संयोजक प्रवेश साहनी, क्षेत्रीय संचालक रंजीत सिंह, गोलामुखी प्रमिला खुराना, संचालक लालजी प्रसाद, शिक्षक रामनरेश सोनी, मीडिया प्रभारी करन सिंह सहित क्षेत्र से पधारे निरंकारी महात्मा व सेवादल के भाई बहन मुस्तैद रहे।

बारएशोसिएशन संघ गोला के महामंत्री राकेश त्रिपाठी,सभासद शोभित सिंह,आनंद सोनी धर्मेंद्र कुमार तिवारी, शाहिद अंसारी, आनन्दकिशोर गिरि भोली, हरिओम वर्मा, अनिल कुमार गुप्ता, सुशील कुमार कश्यप, रज्जन खान, राजेश अवस्थी, दानिश राईन,

कफील अहमद, शत्रोहन मिश्र, रविंद्र कटियार, नगर पालिका परिषद के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप कुमार वर्मा, लिपिक अमित श्रीवास्तव, शिवम् भारती, मोहित अवस्थी, रामसिंह, अवधेश कुमार, आशुतोष शुक्ला, प्रेमप्रकाश पाठक, ऋषि कुमार, रितेश कुमार, अरविंद कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भदोही के 'लाल' अतुल मिश्र ने 94वें रैंक के साथ उत्तीर्ण की PSC की परीक्षा।

औराई क्षेत्र के बसंतापुर निवासी प्रो बी पी मिश्र के पुत्र है अतुल मिश्र।



**भदोही।** औराई क्षेत्र के बसंतापुर निवासी स्व श्याम नारायण मिश्र व स्व प्रभावती देवी के पौत्र और प्रोफेसर बी पी मिश्र के इकलौते पुत्र अतुल मिश्र ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 94वाँ रैंक प्राप्त करके परिवार तथा जनपद का नाम रोशन किया है। अतुल मिश्र की सफलता के बाद परिजनों, ग्रामीणों और रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है, लोग अतुल की सफलता पर उनकी मेहनत और लगन की तारीफ करते नही थक रहे है। मालूम हो कि अतुल मिश्र के नाना ब्रज चन्द्र मिश्र और नानी सावित्री देवी की हार्दिक इच्छा थी कि अतुल डीएम बने और अतुल ने अपने परिजनों के इच्छा को पूरा करके दिखाकर एक मिशाल पेश की। जानकारी के मुताबिक बसंतापुर निवासी प्रोफेसर बी पी मिश्र जो मिजोरम स्थित विश्व विद्यालय में भौमिकी और प्राकृतिक संपदा संसाधन संकाय प्रमुख तथा सीनियर प्रोफेसर है, उनके इकलौते पुत्र अतुल जिनकी प्रारम्भिक शिक्षा मिजोरम में हुई और इलाहाबाद से केन्द्रीय विद्यालय ओल्ड कैम्प से इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की फिर दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी की डिग्री प्राप्त करके दिल्ली में ही सिविल सर्विसेज की तैयारी में जुट गये और अपनी मेहनत व लगन की वजह से देश भर में संघ लोक सेवा आयोग की 2023 की परीक्षा में 94वें रैंक के साथ सफलता प्राप्त की। अतुल की माता जी विधुकला गृहणी है लेकिन उन्होने भी हिन्दी और समाजशास्त्र से मास्टर डिग्री ली है, अतुल की बहन शिप्रा भी मिजोरम विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही है। मालूम हो कि अतुल मिश्र के परिवार में उनके पांच बड़े पिताजी है। अतुल की सफलता पर पूरे जनपद में खुशी का माहौल है।

### गैर प्रांतों में रह रहे मतदाताओं से अनुरोध भ्रमण



गैर प्रांतों में रह रहे मतदाताओं से अनुरोध भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत डिस्ट्रिक्ट स्वीप आईकॉन अशोक कुमार गुप्ता एवं उर्मिला देवी द्वारा आज प्राथमिक विद्यालय खेदीपुर डीघ जाकर के गैर प्रान्तों रहने वाले मतदाताओं शिवमणि नई दिल्ली, शशांक पाडेय पुणे, पवन कुमार नई दिल्ली, शशि धर पाण्डेय बंगलौर, दिलीप कुमार नई दिल्ली, अजय कुमार मुंबई, सीमा पानीपत, प्रकाश मुंबई, शिव पानीपत, अली हमजा नई दिल्ली, रामाशंकर यादव मुंबई एवं श्यामसुंदर यादव मुंबई से टेलीफोनिक वार्ता कर भदोही जनपद में 25 मई 2024 को हो रहे लोकसभा चुनाव में मतदान करने हेतु निवेदन किया गया।

### डिवाइडर से टकराकर बराती से भरी अनियंत्रित बस पलटी



**जिगना।** थाना क्षेत्र के चड़ेरू-चौकठा गाँव के सामने शुक्रवार की भोर में दो बजे मिर्जापुर प्रयागराज मार्ग पर डिवाइडर से टकराकर बारातियों से भरी निजी बस पलट गई। रात्रि में अंधेरे में मौके पर पहुंचे बस मालिक ने घायलों को निजी वाहनों में बैठाकर प्रयागराज लेकर चला गया। राहगीरों ने बताया कि कई घायलों का सिर फट गया था व हाथ पैर फ्रैक्चर हो गया था। दोपहर बाद एक बजे क्रेन बुलाकर पलटी हुई बस को किनारे किया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष शैलेश राय ने बताया कि विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के किसी गाँव से बारातियों से भरी बस भोर में प्रयागराज की ओर वापस जा रही थी। पुलिस को सूचना दिए बगैर बस में सवार घायल व अन्य लोग चले गए। मामले की छानबीन की जा रही है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी गिरफ्तार

**विंध्याचल।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मीरजापुर "अभिनन्दन" द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने एवं जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को उप-निरीक्षक त्रियुगी नारायण मिश्रा मय पुलिस टीम द्वारा वारण्टी रविशंकर पुत्र पन्नालाल निवासी अरगजा पाण्डेय थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## भदोही से सनातन संस्कृति रक्षा दल ने पंकज कुमार द्विवेदी को चुनावी मैदान में उतारा

● - चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों ने बढ़ाई उम्मीदवारों की समस्या

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही, 19 अप्रैल।** चिलचिलाती धूप और लू के थापेड़ों के बीच लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों की संख्या चुनावी मैदान में बढ़ रहीं है। 78 भदोही लोकसभा सीट से सनातन संस्कृति रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम गुरु चरणदास ने पंकज कुमार द्विवेदी को भदोही से प्रत्याशी बनाया है। भदोही लोकसभा सीट पर सबसे पहले इंडिया गठबंधन ने अपने प्रत्याशी की घोषणा की। समझौते के मुताबिक यह सीट सपा द्वारा तृणमूल कांग्रेस को दी गई है। यहां से तृणमूल कांग्रेस द्वारा ललितेशपति त्रिपाठी को अपना प्रत्याशी बनाया गया है। हालांकि काफी उठापटक और जद्दोजहद के बाद भाजपा ने भी अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने मिर्जापुर जनपद के मझवां विधानसभा से निषाद पार्टी के विधायक डॉ.विनोद कुमार बिंद को भदोही से चुनाव मैदान में उतारा गया है।

सनातन संस्कृति रक्षा दल ने जनपद के मोढ़ क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी पंकज कुमार द्विवेदी पुत्र बालकृष्ण द्विवेदी को भदोही लोकसभा सीट से पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। पंकज कुमार द्विवेदी जिले का होने के साथ ही साथ ब्राह्मण भी है। लोकसभा चुनाव में



प्रगतिशील समाज पार्टी के प्रेमचंद बिंद भी मैदान में हैं। जो बिंद होने के साथ ही इसी जनपद के निवासी हैं। उनको अपना दल (कमेरावादी) का समर्थन प्राप्त है। अभी तक बसपा द्वारा अभी तक अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है।

## स्वीप के तहत 22 अप्रैल को 10 कस्बों में बाइक रैली व सभा के माध्यम से मतदाताओं से रूबरू होंगे जिलाधिकारी

ग्रामीण क्षेत्रों में लो वोटर टर्नआउट वाले 10 कस्बों में 22 अप्रैल को बाइक रैली के माध्यम से डीएम मतदाताओं को करेंगे जागरूक

कम मतदान सहभागिता वाले 10 कस्बों के चौराहे पर डीएम मतदाताओं को सम्बोधन के जरिये करेंगे जागरूक

22 अप्रैल को 08:30 बजे मतदाता जागरूकता बाइक रैली विकास खण्ड औराई से महराजगंज तक अवश्य शामिल हो-जिला निर्वाचन अधिकारी

हजारों लोगों के साथ डीएम विकास खण्ड औराई से स्वयं बाईक चलाकर व सभा कर मतदाताओं को करेंगे जागरूक

डीएम के नेतृत्व में 22 अप्रैल को 08:30 बजे ब्लाक औराई से निकलेगी मतदाता जागरूकता बाइक रैली

जनपदीय अधिकारियों सहित औराई तहसील/ब्लाक, नगर पंचायत घोसिया व खमरियॉ के बेसिक व माध्यमिक के शिक्षक पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, चिकित्सा विभाग, क्रीडा विभाग, परिवहन विभाग, मनरेगा कार्मिक, कृषि विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी गण सहित अन्य कार्मिक, पत्रकार बंधु, भदोहीवासी

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 19 अप्रैल, 2024:-** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु जनपद भदोही में छठें चरण में 25 मई, 2024 को मतदान तिथि निर्धारित किया गया है। जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए स्वीप मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत संकल्पित जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन व नेतृत्व में व प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में विविध कार्यक्रम आयोजित कर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है।




इसी क्रम में प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 अप्रैल, को प्रातः 08:30 बजे मतदाता जागरूकता बाईकरैली व जनसभा का शुभारम्भ विकास खण्ड कार्यालय औराई से होगा तत्पश्चात् रैली चीनीमिल गेट होते हुए सर्विस लेन से माधोसिंह अण्डरपास, नगर पंचायत घोसिया कार्यालय, औराई बस स्टेशन से उगापुर बाजार, उगापुर बाजार से नहर होते हुए भरोसगंज बाजार होते हुए महराजगंज बाजार से कम्पोजिट विद्यालय में बाईक रैली का समापन होगा। मतदाता जागरूकता बाइक रैली व सभा को जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह द्वारा स्वयं चलाकर/नेतृत्व में निकाली जाएगी। यह बाईक रैली विकास खण्ड कार्यालय औराई से चीनीमील गेट होते हुए सर्विस लेन से माधोसिंह अण्डरपास, नगर पंचायत घोसिया कार्यालय, औराई बस स्टेशन से उगापुर बाजार, उगापुर बाजार से नहर होते हुए भरोसगंज बाजार होते हुए महराजगंज बाजार से कम्पोजिट विद्यालय में समाप्त होगी। सभी स्थलों पर आयोजित मतदाता जागरूकता सभा को जिलाधिकारी द्वारा सम्बोधित किया जायेगा। जिसमें जनपदीय अधिकारियों सहित तहसील औराई व औराई विकास खंड व नगर पंचायत-घोसिया बेसिक व माध्यमिक के शिक्षक पंचायती राज विभाग, पुलिस विभाग, वन विभाग, चिकित्सा विभाग, क्रीडा विभाग, परिवहन विभाग, मनरेगा कार्मिक, कृषि विभाग/तहसील औराई के सभी अधिकारी व कर्मचारी गण सहित अन्य कार्मिक, पत्रकार बंधु ,भदोहीवासी आदि लोग सम्मिलित रहेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह ने उपर्युक्त क्षेत्रवासियों से अपील किया कि वे लोकतंत्र में सबकी भागीदारी सुनिश्चित कराने के लिए निकाली जा रही मतदाता जागरूकता रैली व सभा में अवश्य सहभागिता करें। ''भदोही के मतदाताओं ने ठाना है, मतदान का नया रिकॉर्ड बनाना है।'' कालीन है जिसकी पहचान, उसे है लोकतंत्र पर अभिमान। आओ मिलकर अलख जगाए, शत प्रतिशत मतदान कराए। वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरुर डालेंगे हम। उन्होंने कहा कि 25 मई को लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव को सफल बनाने के लिए सभी 22 अप्रैल को प्रातः 08:30 बजे मतदाता जागरूकता बाइक रैली विकास खण्ड औराई से महराजगंज तक में अवश्य शामिल हो।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक

● - बाढ़ राहत कार्य से सम्बन्धित सभी विभाग सौपें गये उत्तरदायित्वों का समय से अनुपालन करें सुनिश्चित.जिलाधिकारी

● - विगत वर्षो में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर कृषकों को फसल का बीमा कराने हेतु डीएम ने जिला कृषि अधिकारी को दिया निर्देश

● - बाढ़ पूर्व तैयारियों पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों के साथ किया बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 19 अप्रैलए 2024:.** जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता नहर प्रखण्ड पुष्पेन्द्र सिंह से विगत 10 वर्षो का बाढ़ के दृष्टिगत गंगा के अधिकतम व न्यूनतम जल.स्तर का तुलात्मक जानकारी लेते हुए विगत वर्षो में की गयी तैयारियों व प्रभाव क्षेत्र की जानकारी लिया। अधिशासी अधिकारी नहर प्रखण्ड ने जिलाधिकारी को 1978ए 1982ए 2022.23ए में आये बाढ़ जल.स्तर पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 2023 में डीघ ब्लाक के 26 गॉव बाढ़ से प्रभावित हुए थे। जिनमें 23 गॉव में फसल हानि व 03 गॉव छिछूआ भूर्राए इटहराए अमिलौर में आबादी प्रभावित हुई थी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष तहसील ज्ञानपुर के अन्तर्गत 12 बाढ़ चौकी व राहत केन्द्रए तहसील भदोही के अन्तर्गत 06 बाढ़ चौकी व राहत केन्द्रए तहसील औराई के अन्तर्गत 04 बाढ़ चौकी व राहत केन्द्र की व्यवस्था की गयी थी।

जिलाधिकारी ने आपदा प्रभारी को निर्देशित किया कि पिछले वर्ष बाढ़ कार्य में लगाये गये लेखपालए कर्मचारी व ग्राम प्रधान से सम्पर्क करते हुए डाटा संकलन कर जनपद स्तर पर स्थापित एकीकृत कन्ट्रोल रूम में सूचनाओं को अपडेट करें। उन्होंने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया कि विगत वर्षो में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अभियान चलाकर कृषकों को फसलों का बीमा कराने हेतु जागरूक करें। एक्सईएन जल निगम को जल.जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्य करने वाली संस्थाओं जैसे



वैलेस्पन आदि के सीएसआर फन्ड से भी बाढ़ राहत के कार्यो को क्रियान्वित करने पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य जिला पंचायत व अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी के द्वारा संयुक्त रूप से नाव संचालकों से समन्वय बनाते हुए रेट निर्धारण नाव का रजिस्टेªशनए तटो के संचालन को क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने रामपुर घाटए सेमराध घाटए सीतामढ़ी घाटए बिहरोजपुर घाटए कलिंजरा घाट सहित गंगा नदी के किनारों की सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्यए पशु पालन विभागए विद्युत विभागए सिंचाई विभागए कृषि विभागए लोक निर्माण विभागएजल निगमए जिला पूर्ति विभागए सहित ऐसे विभागों की बाढ़ बचाओ राहत कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप के सभी सदस्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी कार्य योजना बनाकर अपर जिलाधिकारी को उपलब्ध कराते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पूर्ण निष्ठा से कार्य करें। भदोही जनपद में गंगा प्रमुख नदी हैंए उन्होंने अपर जिलाधिकारी श्री कुंवर वीरेंद्र मौर्य को निर्देशित करते हुए कहा कि राहत सामग्री का समय से टेंडर प्रक्रिया करा लिया जाए और साथ ही नाव के साथ.साथ स्ट्रीमर की भी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए।

जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता नहर प्रखण्डध्समन्वय अधिकारी ;बाढ़द्ध भदोही को निर्देश दिए कि गंगा में बाढ़ की सम्भावना के दृष्टिगत आपस में सभी अधिकारियों से संपर्क करते रहेंगे। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ व्यवस्था को नियंत्रित रखने में किसी प्रकार की कोई भी कमी नहीं होनी चाहिए। राहत सामग्री आदि व्यवस्थाएं स्थानीय स्तर पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभी से ही संपूर्ण व्यवस्था के साथ गंगा नदी पर सिंचाई विभाग नावए मोटर बोटए गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ क्षेत्र के आसपास वाले स्थान को भी चयनित कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि बाढ़ से जुड़े सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित रहे इसके लिए भी स्थानीय स्तर पर समरसेबलए पंपए वॉटर टैंकरए आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी भदोही को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बाढ़ क्षेत्र वाले प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दे कि सभी चिकित्सा अधिकारी बाढ़ क्षेत्रों में बाढ़ के दौरान क्लोरिन की गोलीए स्वच्छता व्यवहार एवंज न जागरूकताए बाढ़ पूर्व तैयारियों पर स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षणए फागिंग दवाओं का छिड़कावए सम्भावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए गर्भवती महिलाओंए बीमार तथा घायलों को चिकित्सालय ले जाने की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किये जाने पर बल दिया।

मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह एवं अपर जिलाधिकारी वि0धा0 कुंवर वीरेंद्र मौर्य ने कहा कि गत वर्ष जिन क्षेत्रों में बाढ़ आयी थी उसको देखते हुए सूची बना लें उसी हिसाब से ग्रामवासियों को बाढ़ की पूर्व सूचना देते हुए उन्हें सचेत किया जाए। उन्होंने कहा कि वहां पर राशनए पानी बाढ़ शिविर की व्यवस्था और गांव में आने जाने के रास्ते भी ठीक होने चाहिए जिससे की ग्रामवासियों को किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना ना करना पड़े ऐसे गाव चिन्हित कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जहां नाव लगेगी वहां से बस्ती में जाने का रास्ता ठीक होना चाहिए। अगर ठीक नहीं है तो ठीक करा दिए जाएं। जिससे आवागमन बाधित न हो। वैकल्पिक व्यवस्था में भवनए जनरेटरए सोलर लाइट आदि की व्यवस्था पहले सुनिश्चित करें। नाव संचालकों की एक लिस्ट होनी चाहिए जिससे आवश्यकता पड़ने पर नाव की व्यवस्था हो सके। बाढ़ नियंत्रण कक्ष गोताखोर भी चिन्हित कर लिया जाए। स्वयं सेवी संस्थाओं से भी सामंजस्य स्थापित कर लिया जाए जानवरों को भी समय पर वैक्सीनेशन कराया जाए चारा भूसा की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिला स्तर पर एवं तहसील स्तर पर भी कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी ;वि0धा0द्ध कुंवर वीरेंद्र मौर्यए एक्सईएन पीडब्ल्यूडीए उप जिलाधिकारी आकाश कुमारए शिव प्रकाश यादवए भानसिंह समस्त तहसीलदारए पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रभात रायए जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमारए एआरटीओ रामसिंहए अपर मुख्य अधिकारीए समस्त अधिशासी अभियंताए जिला कृषि अधिकारी रत्नेशए सहित बाढ़ स्टेयरिंग ग्रुप के सभी सदस्यगण उपस्थित रहें।

## अवैध बालू की खनन से राज्य सरकार की करोड़ों रुपये की चोरी

● - ग्रामीणों को धमकाया और मारा जाता है ताकि कोई इसकी आवाज न उठा सके

● - विंध्याचल। थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी नदनी के आदमपुर में बालू डंप किया जा रहा है

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर विंध्याचल।** ऐसे इन दिनों नदियों का भौगोलिक संरक्षण को तार-तार कर बालू माफिया तहस नहस कर कर रहे है। लेकिन खनन माफिया पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं किया जा रहा है। वहीं जिला प्रशासन मीरजापुर को खनन माफिया



चैलेंज कर रहे हैं कि हम अवैध डंपिंग करेंगे, अवैध बालू परिवहन डंप से लाखों रुपए का चुना लग रहा है।

खनन माफिया सरकार को लाखों का चूना लगा रहे हैं, वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि अगर शिकायत और अगर हिम्मत दिखाई तो माफियाओं के द्वारा पिटाई की जाती है। जिससे किसी का हिम्मत नहीं की पुलिस या जिला प्रशासन को इस अवैध बालू भंडारण की शिकायत भी कर सकें विंध्याचल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम आदमपुर में बालू का भंडारण किया जा रहा है। वहीं अब बगीचे में भी बालू के बड़े पैमाने पर भंडारण किया गया है। जहां आम और महुआ का समय है लोग बगीचे में जाते हैं तो खनन माफिया डराना धमकाना उनके द्वारा किया जाता है । आखिर जिला प्रशासन मीरजापुर थाना विंध्याचल पुलिस की क्या भूमिका है कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी नदनी आदमपुर में बालू का बड़ा भंडारण किया गया है और उस पर कोई रोक नहीं लग पा रही है।

## मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिये मतदाता जागरूकता अभियान के तहत किया गया पहली बार अभिनव प्रयास

● - एक जून को सभी मतदाता अपने मतदान केन्द्रो पर पहुंचकर करे मताधिकार का प्रयोग - प्रियंका निरंजन

● - मतदान मजबूत लोकतंत्र के लिये बहुत आवश्यक -जिला निर्वाचन अधिकारी

● - मुख्य विकास अधिकारी ने भी लोकतंत्र के पर्व पर निर्भीक होकर मतदान करने हेतु की गयी अपील

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आज कृषि विभाग के द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट प्रियंका निरंजन के एवं मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी स्वीप विशाल कुमार के निर्देशानुसार उप निदेशक कृषि के नेतृत्व में कृषि फार्म पिपराडाढ़ में फसल के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम का लोगो (प्रतीक चिन्ह),भारत निर्वाचन आयोग का लोगो बनाकर जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के सहयोग से कई विद्यालयों के बच्चों एवं अध्यापकों के द्वारा क्राप कटिंग पर बनाकर भारत निर्वाचन आयोग के लोगों, प्रतीक चिन्ह का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा लोगों से अपील किया गया कि एक जून 2024 को सभी लोग अपने मतदान केदो पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा बच्चे बुजुर्ग हो या यूथ, एक जून को पहुंचे बूथ के संदेशों को सभी लोगों तक पहुंचाएं तथा जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाएं। उन्होने मतदान के दिन को लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व बताया। उन्होने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में पूरे देश में विभिन्न चरणो में चुनाव सम्पन्न कराया जा रहा हैं, उसी के क्रम में जनपद मीरजापुर में सातवें चरण एक जून 2024 को मतदान होना निश्चित हैं। उन्होने कहा कि जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने व 75 प्रतिशत प्लस मतदान करने के लिये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत पूरे जनपद में विभिन्न गतिविधियां, कार्यक्रम किये जा रहे है ताकि मतदाता जागरूक हो और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होने कहा कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत यह पहला अभिवन प्रयास है कि क्राप कटिंग को मतदाता जागरूकता से जोड़कर किसानो व खेतो में कार्य करने वाले श्रमिको जागरूक किया जा सकें। उन्होने कहा कि मतदान लोकतंत्र के लिये बहुत आवश्यक है, इसके लिये पूरे जनपद के प्रत्येक विकास खण्डो में जहां-जहां क्राप



कटिंग किये जा रहे है वहां पर हमारे अधिकारी पहुंचकर क्राप कटिंग के दौरान ग्रामीणो व कृषको को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं। उन्होने कहा कि सभी लोगो को यह संकल्प दिलाया जा रहा है कि हम सभी लोग अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें और एक जून को अपने पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान करेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार द्वारा बताया गया कि इसी तरह कार्यक्रम जनपद के समस्त विकास खण्डो विभिन्न तिथियां में आयोजित होने जा रहा है यह एक अभिनव प्रयोग है इससे लोगों में जागरूकता बढ़ेगी तथा लोग प्रेरित होकर के अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला बनाया गया तथा मतदान जागरूकता के गीतों का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। कार्यक्रम में क्वार्डिनेट स्वच्छ भारत मिशन विनोद कुमार श्रीवास्तव ग्रामीण पंचायती राज के द्वारा कार्यक्रम का संचालन इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल वर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

## लोकसभा चुनाव- 2024 की दृष्टि से नुक्कड़ सभा कार्यशाला भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी बरौधा कचार मीरजापुर के सभागार में लोकसभा चुनाव - 2024 की दृष्टि से नुक्कड़ सभा कार्यशाला भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। नुक्कड़ सभा कार्यशाला में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी सरोज कुशवाहा जी का भाजपा जिलाध्यक्ष जी ने पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मान किया तथा अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी मंचासिन जनप्रतिनिधि व पदाधिकारीगणों का स्वागत अभिनन्दन करते हुए आभार व्यक्त किया । साथ में अपने संबोधन में कहा कि आज नुक्कड़ सभा कार्यशाला का आयोजन किया गया है जिसके बारे में जिला प्रभारी आप सभी को विस्तृत जानकारी देंगी । कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता मुख्य अतिथि सरोज कुशवाहा जी ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को अपने अपने कार्यक्रमों की जानकारी पूरी तरह होनी चाहिए। प्रत्येक शक्ति केन्द्रों के नुक्कड़ सभा पर जो भी मुख्य वक्ता लगाए गए हैं उन्हें केन्द्र व प्रदेश सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पूर्ण होनी चाहिए। चाहे वह प्रदेश, क्षेत्र , जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं तथा बड़े - बड़े कार्य हुए हैं के बारे में जनता को बताना है। साथ में बूथ स्तर पर 20 सूत्रीय कार्यो पर विस्तृत जानकारी दी। लोकसभा प्रभारी रविन्द्र नाथ पाठक जी ने कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए बताया कि सभी मंडल अध्यक्ष व जिला के सभी पदाधिकारीगण अपने अपने कार्य को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। चुनाव का समय करीब है, सभी कार्यकर्ता घर घर सम्पर्क कर जनता से मिलें तथा अपने बातों को रखे। उक्त कार्यशाला का संचालन व संयोजक जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तव ने किया।

उक्त कार्यशाला में मुख्य रूप से विधायक नगर पं0 रत्नाकर मिश्र, विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त मनिराम कोल, लोकसभा संयोजक दिनेश वर्मा, लोकसभा विस्तारक भानु प्रताप चतुर्वेदी, पूर्व विधायक सुचिस्मिता मौर्या,



जिला महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल, रविशंकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह, रविन्द्र नारायण सिंह पटेल, निर्मला राय, अमित पाण्डेय, कार्यक्रम सह संयोजक जिला कोषाध्यक्ष संजय यादव, जिलामंत्री हेमन्त त्रिपाठी, लाल बहादुर सरोज, ज्ञान प्रकाश दूबे, प्रणेश प्रताप सिंह, शिव शरण राय के साथ साथ सभी मोर्चा के जिलाध्यक्ष व नुक्कड़ सभा में लगाये गये सभी वक्ता, सभी मंडल अध्यक्ष एवं नुक्कड़ सभा के विधानसभा संयोजक व सह संयोजक तथा मंडल संयोजकगण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे ने दिया।

## गंगा में डूबने से लोगों की रक्षा करने वाले गोताखोर, नाविकों को जिलाधिकारी ने वितरित किया सुरक्षा किट

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** शुक्रवार को (गंगा नदी में डूबने से लोगों की जान बचाने वालें नगर के गैवी घाट के कुछ गोताखोर, नाविकों के द्वारा आज कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, गोताखोर, नाविकों ने जिलाधिकारी से बताया कि उन लोगों द्वारा बाढ़ के दौरान अथवा अन्य सामान्य दिनों में गंगा स्नान करने वाले लोगों के द्वारा कतिपय कारणों से गंगा में डूबने वालों की जान की रक्षा की जाती है, जिसके लिए पुलिस विभाग की तरफ से उन्हें गोताखोर का परिचय पत्र भी दिया गया है ? जिलाधिकारी ने उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने उक्त सभी



मिलने वाले गोताखोर को आपदा राहत के *"नाव-नाविक सुरक्षा योजना"* के तहत लाइफ़ जैकेट सहित अन्य आवश्यक किट, सामान प्रदान किया गया। सुरक्षा किट प्राप्त करने वाले समस्त गोताखोरों ने यह आश्वासन दिया कि घाट पर लगने वाले आगामी मौकों पर जैसे नवरात्रि, मौनी अमावस्या, छट पूजा इत्यादि पर लगने वाले मेलों में उनके द्वारा मुस्तादी से आम जनमानस की रक्षा हेतु घाटों पर पहरा दिया जाएगा एवं किसी भी अप्रत्याशित घटना के दौरान प्रभावित की रक्षा की जाएगी द्य इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि./रा. शिव प्रताप शुक्ल, अपर उपजिलाधिकारी भारत लाल सरोज, जिला आपदा विशेषज अंकुर गुप्ता उपस्थित रहे।

## मौसम हुआ शुष्क, घर घर बच्चें हो रहे है डायरिया के शिकार

● - इस मौसम में चिकित्सकों के संपर्क में रहना जरूरी है

स्वतंत्र प्रभात

**विंध्याचल।** बासंतिक नवरात्र बीतते ही बीमारियों का सिलसिला शुरू हो गया है। इन दिनों घर घर छोटे छोटे बच्चों को डायरिया और निमोनिया का शिकार होना पड़ रहा है।वहीं अभिभावकों को चिंता सता रही है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है। वहीं जगह जगह सरकारी और निजी अस्पतालों में बच्चों के संख्या बढ़ रही है। वहीं बहुत लोगों का कहना है कि मौसम का पारा चढ़ा है ऐसे छोटे और मासूम बच्चों के प्रति सावधानियां बरतने की सख्त आवश्यकता है। गर्मी में बच्चों को शुद्ध पानी समय समय पिलाते रहना चाहिए। वहीं बाजार की वस्तुओं को खाने से बचने की भी आवश्यकता है। गर्मी बढ़ रही है तो महिलाएं भी ठंडी पेयजल का प्रयोग करने लगती है लेकिन ध्यान दें जो मां अपने बच्चों को दूध पिलाती है उन्हें ठंडे जल और ठंडे सामानों से




बचना चाहिए। हर समय चिकित्सकों के संपर्क में रहने की सख्त आवश्यकता है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## अज्ञात कारणों से लगी आग क्षेत्र में मचा हाहाकार कई गांव आग की चपेट में



**कोराव, प्रयागराज।** यमुनापार के कोरॉव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा ओबरी में अज्ञात कारणों से भीषण आग गेहूं के खेत में लग गई और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते कई गावों को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगते ही पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी गति से थी की भगवानपुर,ओबरी,चपरो , सुरैचा सुभाष आदि गांव आग चपेट में आ गए। आग लगने से अनगिनत किसानों के पुआल और भूसा जलकर खाक हो गया और वही कई किसानों की फसल भी जलकर नष्ट हो गई। आपको बताते चले कि ग्राम सभा ओबरी के संजय सिंह अधिवक्ता के दर्जनों से अधिक आम के पेड़ भी जलकर नष्ट हो गए। मौके पर चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और हजारों की सख्या में ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद तब जाकर आग पर काबू पाया गया भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रही वही किसानों मे भय व्याप्त है और किसानों का भारी नुकसान हो जाने की वजह से किसान चिंतित

## यज्ञान्त स्नान के साथ सम्पन्न हुआ विशाल सहस्रचण्डी महायज्ञ

विशाल भण्डारे में, हजारों की संख्या में ग्रहण किया प्रसाद।



**प्रयागराज।** प्रयाग पंचकोसी परिक्रमा के अन्तर्गत आने वाले सिद्धपीठ महर्षि दुर्वासा की अधिष्ठात्री देवी माँ ऐन्द्री धाम जमुनीपुर में तृतीय विशाल सहस्त्र चण्डी महायज्ञ समापन यज्ञान्त स्नान के साथ सम्पन्न हुआ। 18 अप्रैल की शाम को विशाल भण्डारे में महाप्रसाद लेने के लिये श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। वासंतिक नवरात्र के प्रथम दिवस से प्रारंभ तृतीय विशाल सहस्त्र चण्डी महायज्ञ का समापन गुरुवार को यज्ञान्त स्नान के साथ सम्पन्न हुआ।शाम को हुये विशाल भण्डारे में महाप्रसाद लेकर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ अर्जित किया। क्षेत्रीय जनमानस व दूर दराज के श्रद्धालुओं के सहयोग से सम्पन्न महायज्ञ का विशाल भण्डारा भी उन्ही के सहयोग से सम्पन्न हुआ। महाप्रसाद के लिये श्रद्धालुओं का तांता देर रात तक चलता रहा।

## भैंस चोरी कर ले जा रहे पांच आरोपी पकड़े

-बलदेव क्षेत्र के गांव भूडा से कर रहे थे भैंस चुराने का प्रयास

**मथुरा।** थाना बलदेव क्षेत्र के गांव भूडा में ग्रामीणों ने भैंस को चोरी कर लादकर ले जाने का प्रयास कर रहे पांच लोगों को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पांचों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को रात्रि 10 बजे थाना बलदेव क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम भूडा में कृष्ण कुमार पुत्र केशव देव निवासी भूडा नौहरे से उसकी भैंस चोरी कर लादकर ले जाते समय कृष्ण कुमार द्वारा ग्राम वासियों की मदद से मय भैंस व टैम्पो के दीपक कुमार पुत्र भूपेन्द्र सिंह, मुकेश कुमार पुत्र बिजेंद्र सिह, पवन कुमार पुत्र किशोर कुमार, संजीव कुमार पुत्र किशोर कुमार तथा घनश्याम पुत्र श्रीराम को पकड लिया। इनके पास से एक बिना नम्बर की मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

## 20 हजार का इनामी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

-मुठभेड़ के दौरान आरोपी को लगी गोली

**मथुरा।** थाना छाता पुलिस व स्वाट टीम से मुठभेड़ के दौरान हाइवे स्थित ढाबे किनारे खड़े ट्रक को चोरी कर लेने की घटनाओं को कारित करने वाले 20 हजार के इनामिया शातिर अपराधी को पुलिस ने मुठभेड के बाद गिरफ्तार किया है। इस घटना के संबंध में थाना छाता पर मामला दर्ज किया गया था। वांछित 20 हजार के इनामिया अभियुक्त यूसूफ उर्फ बल्लू पुत्र जानू उर्फ जान मोहम्मद निवासी ग्राम बडेड थाना पुन्हाना जनपद नूह हरियाणा को देव दीनबंधु इंटर कॉलेज के सामने दौताना फ्लाईओवर के पहले छाता से कोसी की तरफ एनएच 19 के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा बरामद किया गया है। अभियुक्त यूसूफ उर्फ बल्लू के दाहिने पैर में घुटने मे गोली लगने से घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना छाता त्रिलोकी सिंह, एसआई अभय स्वाट टीम प्रभारी, एसआई जगत सिंह थाना छाता, एसआई उत्तम चौहान थाना छाता मथुरा आदि कार्यवाही करने वाली टीम में थे।

# रोजगार के द्वार खोलेंगे टाटा आईटीआई के नए कोर्स, रोजगार मिलने की संभावना

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप कुशल बनाने के लिए प्रदेशभर में 150 टाटा आईटीआई का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इन आईटीआई में एक और दो वर्षीय छह तरह के कोर्स संचालित होंगे। पहली बार प्रदेश में यह कोर्स चलेंगे। कंपनियों की मांग को देखते हुए इन कोर्स का निर्माण किया गया है। आसार है कि जुलाई से इन कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाए। यहां से पढ़कर निकलने वालों को रोजगार मिलने की संभावना ज्यादा होगी। प्रदेश के हर जिले में आईटीआई है। वहां से प्रत्येक वर्ष हजारों युवा प्रशिक्षित होकर निकल रहे हैं, लेकिन रोजगार पाने वालों का प्रतिशत कम है। नए दौर के मांग के अनुरूप कोर्स न होने के कारण तमाम युवा रोजगार से वंचित हो रहे हैं। प्रदेश के युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षित करने के लिए प्रदेश सरकार और टाटा के बीच पिछले वर्ष समझौता हुआ। इसमें टाटा की ओर से प्रदेश के हर जिले में चार-चार करोड़ रुपये की लागत से दो-दो आईटीआई का निर्माण करवाया जा रहा है।

प्रयागराज में नैनी और कटरा में निर्माण अंतिम चरण में है। ऐसे ही हर जिले की सरकारी आईटीआई परिसर में ही इसका निर्माण हो रहा है। प्रत्येक आईटीआई में पढ़ाने के लिए टाटा की ओर से दो-दो प्रशिक्षक रहेंगे। इसके अलावा आईटीआई के चार-चार शिक्षकों को पिछले दिन नए कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया है। सभी संस्थानों के लिए टाटा की ओर से इलेक्ट्रिक वाहन, कंप्यूटर, रोबोट, मशीन आदि उपकरण प्रैक्टिकल के लिए भेजे गए हैं।

**इन कोर्स की होगी पढ़ाई**

इलेक्ट्रिक वाहन मैकेनिक, एडवांस कंप्यूटर न्यूमेरिक कंट्रोल मशीनिंग और बेसिक डिजाइन आफ वर्चुअल वेरिफिकेशन कोर्स दो- दो वर्ष के होंगे। इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग, आर्टिसन यूजिंग एडवांस टूल और मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस कंट्रोल एंड आटोमेशन कोर्स एक-एक वर्ष के होंगे। 10 वर्ष तक यह कोर्स टाटा के सहयोग से चलेंगे। उसके बाद इसको चलाने की जिम्मेदारी आईटीआई की होगी। वर्तमान में इस तरह के कोर्स बंगलूरू, गुजरात और महाराष्ट्र की कुछ आईटीआई में चल रहे हैं।

# असलहे से लैस दबंगों ने पेट्रोल पंप पर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** गंगानगर के सराय इनायत थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप पर असलहों से लैस दबंगों द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। पेट्रोल पंप मैनेजर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जिसमें यह भी बताया गया कि दबंगों ने मारते-पीटते हुए पेट्रोल पंप कर्मी को कार में बैठाकर ले गए और मारपीट कर रास्ते में छोड़ दिया। तहरीर लेकर सराय इनायत पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना में प्रयुक्त कार व चालक को पकड़कर मामले की छानबीन में जुटी हुई है। सराय इनायत थाना क्षेत्र के रामापुर गांव निवासी अजय कुमार सोनी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि थाना क्षेत्र के खोदायपुर में उनका मेसर्स बब्बू सेठ फिलिंग स्टेशन के नाम से पेट्रोल पंप है। जिस पर बुधवार की रात कार सवार कुछ दबंग आए और पेट्रोल पंप कर्मी को मारने-पीटने लगे। जिससे सभी कर्मचारी भयभीत हो गए। उक्त दबंगों ने असलहे लेकर उसके कर्मचारी को मारते-पीटते हुए कार में बैठा ले गए और मारपीट कर रास्ते में छोड़ दिया। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल मुकदमा लिखने के आदेश दिए। वहीं सराय इनायत पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई और कुछ ही घंटों में घटना में प्रयुक्त कार व चालक को पकड़कर पुलिस अगली कार्रवाई में जुटी हुई है।डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती का




कहना है कि थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत खोदायपुर उर्फ कॉसगांव स्थित पेट्रोल पम्प पर घटित घटना के सम्बन्ध में थाना सरायइनायत पर मुकदमा पंजीकृत किया जा चुका है। घटना में प्रयुक्त वाहन (कार) को बरामद कर लिया गया है व ड्राईवर को पुलिस हिरासत में लेकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# क्षत्रिय सोनार युवक समिति एवं महिला समाज के द्वारा राम जन्मोत्सव

स्वतंत्र प्रभात

श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी महोत्सव का कार्यक्रम क्षत्रिय सोनार युवक समिति एवं महिला समाज में रोहित वर्मा "गुलाब" की अध्यक्षता में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष लोगों मैं ज्यादा उत्साह दिखा क्योंकि इस वर्ष धर्मशाला प्रांगण में श्री राम दरबार का नवीन विग्रह स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वप्रथम आम सभा की बैठक में महामंत्री जी ने राम जन्मोत्सव पर अपने विचार रखें तदोपरांत महामंत्री जी द्वारा वर्ष 2023- 24 का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया सभागार में उपस्थित वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध जनों ने अपने-अपने उद्गार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मध्य में अध्यक्ष महोदय ने विगत वर्षों में हुए कार्यों के बारे में समाज को अवगत कराया एवं पदाधिकारीयों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के कार्यों की सराहना की कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुंदरकांड, छांदा 6हलुआ8 प्रसाद वितरण, भंडार का आयोजन किया गया था।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे अध्यक्ष रोहित वर्मा, महामंत्री इंद्रेश नाथ वर्मा, कोषाध्यक्ष शिवम सोनी, क्रांति जौहरी, रचना वर्मा, रत्ना वर्मा, साधना वर्मा, रिचा वर्मा, मंजू वर्मा, रीना सोनी, प्रीति वर्मा, लवली वर्मा, आराधना वर्मा, लता वर्मा, अशोक कुमार वर्मा शिव शंकर वर्मा इंजीनियर दीनानाथ, राजकुमार सोनी, गोपाल जी वर्मा, बसंत लाल आजाद, राधेश्याम कड़ेल, पंकज सोनी, अनूप वर्मा, राजेश वर्मा, हरीश वर्मा, परमानंद वर्मा, रतन वर्मा डेविड,अजीत सोनी,रविंद्र वर्मा, पप्पू जी, अशोक कुमार वर्मा, सुधीर वर्मा, पंकज सोनार, कामता सोनी, आदि लोग उपस्थित थे।

# भाजपा प्रत्याशी प्रवीणपटेल का जन्म संपर्क अभियानशुरू

● - फूलपुर फूलपुर को आदर्श संसदीय छेत्र बनाउगा।

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** फूलपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से घोषित भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रवीण पटल ने कहा है कि कियदि जनता का आर्शीवाद मिला तो फूलपुर संसदीयक्षेत्र को आदर्श क्षेत्र बनाने का प्रयास करूंगा ।और प्रधानमंत्रीमोदी के विकसित भारत के संकल्प को हर संभव पूरा करने की कोशिश करूंगा।

श्री पटेल अपने क्षेत्र के दर्जनों स्थानो का जनसंपर्क अभियान करते हए यह बात कही। समर्थनमें जुटे लोगों से उन्होंने कहा कि





मैं क्षेत्र काविधायक और आपके परिवार का सदस्य हू ।मेरा क्षेत्र से खानदानी लगाव है ।मैं सेवा भावनासे ही राजनीति में आया और आप लोगोंके आशीर्वाद से तीसरी बार विधायक बना पार्टी ने मझे फूलपुर क्षेत्र के लिए टिकट देकर जो विश्वास किया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

श्री पटेल हनुमान गंज सहसों चिरौरा बाबूगंज फूलपुर धोकरी बीरभानपुर सिकंदरा सराय चंडी सराय चंडी तकियाचौराहा मलावा रहीमांपुर और झूसी में जनसंपर्क किया और विकसित भारतकेलिये जिताने की अपील की। उनके साथ ब्लाक प्रमुख गीता सिंह विपेंद्र पटेल सुमन उपाध्याय संदीप दुबे सूरज शुक्ला पवन शुक्ला सत्यम हिंदू लक्ष्मी कांत मिश्र रविंद्र मिश्र काका मिश्र रविंद्र शास्त्री सुरेश चंद मौर्य राकेश केशेरवानी बबलू विपिन पांडे मनीष तिवारी बीडीसी अवनीश द्विवेदी अनिरुद्ध पटेल आदि सामिल थे।

# आम जन की समस्याओं से रूबरू हो रहे कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह

● - जनसंपर्क अभियान के तहत बारा शंकरगढ़ वासियों की प्रमुख समस्याओं पर की चर्चा।

स्वतंत्र प्रभात

**शंकरगढ़, प्रयागराज।** 52 लोकसभा क्षेत्र प्रयागराज के कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह बारा विधानसभा क्षेत्र के तमाम वार्डो में लगातार भ्रमण कर लोगों की समस्याओं पर गौर कर जनसंपर्क कर रहे हैं और समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास भी। इसी क्रम में गुरुवार को शाम को छः बजे बारा विधान सभा के अंतर्गत जसरा और शंकरगढ़ ब्लाक? कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक लोकसभा के इलाहाबाद सीट के कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समक्ष शंकरगढ़ में संपन्न? हुई ।जिसमे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का परिचय जिलाध्यक्ष अरुण तिवारी ने कराया ।दिनेश कुमार सोनी पीसीसी ब्लाक शंकरगढ़ भी मौजूद रहे। जो करछना के निवासी हैं ।चन्द्र भूषण तिवारी नारीबारी ब्लाक अध्यक्ष जसरा दीपक तिवारी लोकेन्द्रसिंह ब्लाक अध्यक्ष शंकरगढ़ ,राकेस मिश्रा शिवराजपुर ,ब्रम्ह देव सिंह ,जिगना रामकृष्ण मयंक चिल्ला रमेस केसरवानी रामायण त्रिपाठी श्रवण सिंह नगर अध्यक्ष आदि बैठक में शिवराम सिंह व शरद चन्द्र मिश्र ने पूर्व में कार्यकर्ताओं के साथ ब्लाक अध्यक्ष व विधानसभा बारा से कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा किये गये भेदभाव की चर्चा की और कहा कि दोबारा ऐसी पुनरावृत्ति न हो बहुत कष्ट होता है । साथ में रामायण प्रसाद त्रिपाठी,शैलेंद्र सिंह,अनीश खान पंचेश्वर त्रिपाठी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कड़ी धूप में घर जाते बच्चों को देख अभिभावकों में नाराजगी

● - स्कूल का समय बदलने की मांग।

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** करछना तहसील के अंतर्गत मझुआ मे अप्रैल माह की भीषण गर्मी के चलते स्कूली बच्चें काफी बीमार पड़ रहे है। ऐसे में सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे नवनिहाल बच्चों की तबियत खराब होने की आशंका है। देखा जाये तो सरकारी विद्यालय सुबह 8 बजे खुलते है और दोपहर 2 बजे बंद हो जाता है। दोपहर में छुट्टी के बाद कड़ी धूप में बच्चें स्कूल से पैदल घर जाते है। पिछले साल ज्यादातर सरकारी विद्यालय में गर्मी के कारण कई



बच्चें बेहोश हो गये थें। सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों ने स्कूल का समय बदलने की मांग की है। उनका कहना है की भीषण गर्मी में जब तक स्कूल का टाइम नहीं बदले गा तब तक बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे ।बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात करने पर बताया गया की स्कूल का टाइम बदलने को लेकर जिले के अधिकारियों से बात चल रही जल्द से जल्द स्कूल का टाइम बदला जाना चाहिए।

# बिजली विभाग की कारगुजारी जनता पर पड़ रहीं भारी

● - संविदाकर्मियों से करा रहे अवैध वसूली, पीछे करते हैं मदद

स्वतंत्र प्रभात




**मथुरा।** बिजली की कारगुजारी से मथुरा में जनता परेशान है। विभाग में कोई उपभोक्ता की सुनने को तैयार नहीं है। विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों से जेई और अधिकारी वसूली करा रहे हैं। । नौहझील के व्यापारी टोली मोहल्ला निवासी बुजुर्ग विधवा महिला अपने घर का एक किलोवाट का कनेक्शन कराने ऑफिस पहुंची थी। यहां लाइनमैन योगेश संविदा पर तैनात है। वह सीएससी पर बैठा मिला। उसने कनेक्शन की रसीद के नाम पर 1800 रुपये लिए। महिला ने जब इसकी रसीद मांगी तो उसे 1306 रुपये की रसीद दी। महिला ने 494 रुपये फालतू लेने का कारण पूछा तो उसने उसे फटकारा। फिर धमकाकर वहां से भगा दिया। महिला ऑफिस पहुंची तो वहीं भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। घटना से क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में रोष है। उपखंड पर तैनात जेई अशोक शर्मा ने कहा कि बीच में विद्युत सप्लाई ग्रामीण में दी जा रही थी। उस समय 1306 की रसीद थी। अब विद्युत सप्लाई टाउन में होने वाली है, इसलिए 1800 रुपये लिए गए हैं। वहीं 1306 की रसीद क्यों दी गई, इस पर जेई भी चुप्पी साध गए।

# पं. श्याम सुंदर शर्मा ने की बसपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील

● - जो अपने काम न आवे वो कुआं में न जावेः पं. श्याम सुंदर शर्मा

● - टैंटी गांव में बोले पूर्व मंत्री सुरेश नहीं श्यम सुंदर शर्मा चुनाव लड रहा है

● - हमने 35 वर्ष क्षेत्र में फ्री बिजली जलवाई, भाजपा वाले छह महीने जलवादेंः श्याम सुंदर शर्मा




टैंटीगांव में बसपा की चुनावी सभा को संबोधित करते पूर्व मंत्री पं.श्याम सुंदर शर्मा।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** पं. श्याम सुंदर शर्मा ने टैंटी गांव में हुई चुनावी सभा में लोकसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि यह मेरे मान सम्मान और प्रतिष्ठा की लड़ाई है। 72 साल की उम्र में आप लोगों से अपील करता हू कि आप मेरी इज्जत में शामिल रहें और बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह को जिताएं। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान को बदलने की बात कर रहे हैं उन्होंने देश की आजादी में कोई योगदान नहीं दिया। बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता ऐसे किसी भी प्रयास को सफल नहीं होने देंगे।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर सांसद हेमा मालिनी यह बता दें कि टेंटी गांव कहां है तो वह भाजपा वालों को एक लाख रुपये का इनाम दूंगा। मांट क्षेत्र से आठ बार विधायक रहे पूर्व मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि हमने क्षेत्र में 25 साल फ्री बिजली जलवाई। भाजपा वाले छह महीने ही फ्री बिजली जलवा दें। जनता से अपील की कि ऐसे प्रत्याशी को वोट देकर क्या करोगे, जो मरे में आवे नहीं, गिरे में जावे नहीं, ब्याह में आवे न सगाई में जावे, जो अपने काम न आवे वो कूआं में न जावे। पूर्व मंत्री का यह अंदाज लोगों को खूब पसंद आया। उन्होंने कहा कि पहले चरण में यूपी और राजस्थान में 11 सीटों पर मतदान हो रहा है इन सीटों पर भाजपा का खाता नहीं खुलेगा। लोग भाजपा का असली चेहरा देख चुके हैं। बसपा प्रत्याशी सुरेश सिंह ने कहा कि दस साल से मथुरा सांसद विहीन था, सांसद निधि का पैसा भी लौट कर चला जाता था। यह चुनाव मथुरावासी अपनी अस्मिता के लिए लड रहे हैं। आप मुझे दिल्ली भेजिये आपको लगेगा कि आप दिल्ली गए हैं। आपकी सेवा में दिन और रात रहूंगा, मेरी अपील है कि 26 को हाथी के बटन को दबा कर बसपा को जीत दिलाएं। सभा को पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा गोवर्धन सिंह, जिलाध्यक्ष बसपा सत्य प्रकाश कर्दम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरी सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रहलाद सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

# ग्रामवासियों किया मनीष परिहार का स्वागत

● - संघ लोकसेवा परीक्षा पास कर मनीष परिहार ने अपने स्वर्गीय ताऊ का सपना साकार किया



संघ लोक सेवा परीक्षा पास करने के बाद अपने ग्राम कचनऊ में मनीष परिहार अपने परिवार के साथ।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** बलदेव के गांव कचनऊ के किसान परिवार के बेटा मनीष परिहार ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर 734 वीं रैंक हासिल की इस खुशी में परिवार और पूरे ग्राम में जश्न मनाया गया और मिठाई वितरित की गईद्य

शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए मनीष परिहार ने बताया कि उनकी इंटर मीडिएट तक पढ़ाई अपने ताऊ स्वर्गीय कोमल सिंह के पास रहकर की और आंखो में आंसू भरकर भावुक होकर बताया कि उनके ताऊ सोनीपत हरियाणा में एक ईंट के भट्टे पर मुनीम का काम करते थे तथा पिताजी ग्राम में खेती बाड़ी का काम करते हैं ताऊजी का सपना था कि वह यूपीएससी की परीक्षा पास कर उनका नाम रोशन करके देश सेवा करेद्य ग्रेजुएशन आगरा यूनिवर्सिटी से तथा पोस्ट ग्रेजुएशन इग्नू से करते हुए कंपटीशन तैयारी शुरू कर दी इस दौरान सीडीएस की लिखित परीक्षा पांच बार उत्तीर्ण की तथा यूपी पीसीएस की परीक्षा पास कर सब रजिस्ट्रार का पद हासिल किया लेकिन तमाम परीक्षा पास करने के बाद भी नौकरी ज्वाइन नहीं की। 2018 से अपने लक्ष्य यूपीएससी की तैयार में जुट रहे तथा रोजाना 7 से 8 घंटे पढ़ाई करने के बाद महज 25 वर्ष की उम्र में चौथी बार में यूपीएससी की परीक्षा पास कर 734 वीं रैंक हासिल कीद्य अपनी सफलता के लिए अपने दादा नारायण सिंह,पिताजी दिनेश परिहार के साथ पूरे परिवार को सफलता श्रेय दिया। इस दौरान उनकी दादी त्रिवेणी देवी, ताई सुनीता देवी,माता सरिता देवी, बुआ गुड्डी, शीला सुमन, भाभी सपना, पायल, बहिन भावना, पिंकी, प्रियंका, रूपम, सलौनी, भाई उमेश परिहार, सोनेश परिहार एवम समस्त ग्राम वासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

# आज मथुरा में गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा

● - सभा स्थल का भाजपाइयों ने किया निरीक्षण



सभा स्थल पर तैयारियों का जायजा लेते भाजपा के पदाधिकारी।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को वृंदावन के वैष्णो देवी मंदिर के समीप जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा की तैयारी के लिए भाजपा मथुरा प्रभारी अशोक कटारिया के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने शुक्रवार को सभास्थल पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान वहां प्रशासन के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। अशोक कटारिया ने बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मथुरा वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा, महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी आदि इस दौरान मौजूद रहे। दोपहर करीब दो बजे गृह मंत्री का आगमन होगा। इस दौरान राज्यसभा सांसद चौ तेजवीर सिंह, गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, लोकसभा चुनाव प्रभारी श्याम भदौरिया, लोकसभा संयोजक डॉ देवेंद्र शर्मा, सह-संयोजक मुकेश खंडेलवाल, विधानसभा संयोजक राजेश गुप्ता, वरिष्ठ नेता संजय गोविल, महानगर महामंत्री सुनील चतुर्वेदी, क्षेत्रीय मंत्री विनोद चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष श्याम सिंघल आदि पदाधिकारी एवं पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक सवार क्लर्क को अज्ञात बाहन ने रौंदा मौत

स्वतंत्र प्रभात




**अलीगढ़,।** खुर्जा जक्शन क्षेत्र में बाइक पर ड्यूटी समाप्त करके अपने घर लौट रहे शिक्षा विभाग के क्लर्क को अज्ञज्ञत वाहन ने रौंद दिया जिसमें वह गम्भीर रूप् से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गम्भीरावस्था में उपचार हेतु क्लर्क को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना टप्पल के गांव कमालपुर निवासी 46 वर्षीय योगेंद्र सिंह चौधरी पुत्र कालीचरण चौधरी खुर्जा शिक्षा विभाग में क्लर्क थे । हर रोज की तरह बाइक पर सवार होकर अपने गांव से ड्यूटी गये थे। जहां से ड्यूटी समाप्त करके अपने घर आ रहे थे जैसे ही वह खुर्जा जंक्शन के निकट पहुंचे ही थे कि तभी अज्ञात वाहन बाइक को टक्कर मारता हुआ मौके से भाग गया । जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल को निजी अस्पताल ले जाया गया जहां से मेडिकल के लिए रेफर कर दिया । मेडिकल से भी डॉक्टरों ने हालात देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया । परिवरीजन दिल्ली ले जा रहे थे कि रास्ते में दम तोड़ दिया । मृतक के बुआ के बेटे सुरजीत सिंह ने बताया कि डेढ़ वर्ष पूर्व उनके छोटे भाई की भी सड़क हादसे में मौत हो गई थी और आज बड़े भाई की भी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी कमलेश देवी दो बेटी एक बेटा एवं माता-पिता को रोते हुए छोड़कर चला गया परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के सब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम गृह भेज दिया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सड़क दुर्घटना में 19 वर्षीय युवक हुई मौत

**कैरो (लोहरदगा)**-कैरो थाना क्षेत्र अंतर्गत पचागाई गांव में गुरुवार देर शाम हुई मोटरसाकिल दुर्घटना में पचागाई गांव के अजहर अंसारी उम्र करीब 19 वर्ष पिता कलाम अंसारी का देहांत हो गया। जानकारी के अनुसार कैरो की ओर से अपाची मोटरसाइकिल से तेज रफ्तार से जा रहे चल्हो निवासी राजेन्द्र उरांव उम्र करीब 19 वर्ष पिता सोमरा उरांव और भरत तुरी उम्र करीब 20 वर्ष पिता रमेश तुरी अजहर अंसारी जो कि पैदल अपने घर की ओर जा रहा था मोटरसाइकिल से टक्कर मार दिया जिससे उसे गंभीर चोट आई जिसे इलाज के लिए रांची ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृत्यु की सिचना मिलने पर आक्रोशित भीड़ ने मोटरसाकिल चालक व सवार को हाथापाई किये। घटना की जानकारी मिलने पर कैरो थाना प्रभारी नीरज झा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर गाड़ी व लड़को को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई और आगे की करवाई में पुलिस प्रशासन जुट गई हैं।

### मैट्रिक परीक्षा में अन्नदा हाई स्कूल का रहा शत प्रतिशत रिजल्ट, 62 छात्र प्रथम श्रेणी से हुए ऊतीर्ण

निलेश कुमार 457 अंक प्राप्त कर बने विद्यालय टॉपर



**हजारीबाग**- हजारीबाग जिले में संचालित अन्नदा हाई स्कूल के बच्चों ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 89 छात्र मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित हुई थे जिसमे से 62 छात्र ने प्रथम स्थान एवं 24 छात्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की 100त्न छात्रों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय की 03 टॉपर छात्रों में निलेश कुमार 457, सूरज प्रसाद कुशवाहा 451, दिव्यांश सिन्हा 425 व रवि कुमार 425 अंक ला कर विद्यालय टॉपर बने हैं । वही टॉप 10 छात्रों में जगह बनाने वाले मे से अनुराग कुमार 421, देव आनंद 421, दीपक कुमार 420, रितेश कुमार 418 , सागर कुमार 414 , अंकित कुमार 406, सन्नी कुमार 394 व पंकज कुमार यादव 392 अंक लाकर टॉप 10 छात्रों की सूची में जगह बनाया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दशरथ माहातो ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जुलूस देखकर लौट रहे बाईक सवार की सड़क दुर्घटना में मौत



**बरही**- हजारीबाग से रामनवमी का जुलूस देखकर लौट रहे बाईक सवार का सड़क दुर्घटना में शुक्रवार को मौत हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक अपने पल्सर बाईक संख्या जेएच 02 एम 2370 से गुरुवार को अपने घर से हजारीबाग जुलूस देखने गया था। शुक्रवार को जुलूस देखकर वह अपने घर वापस लौट रहा था। इसी क्रम में पटना रोड स्थित पेट्रोल पम्प के पास विपरीत दिशा से आ रही मिनी ट्रक संख्या बीआर 01 जीएन 3501 से टकरा गया। जिससे घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। बाईक सवार युवक की पहचान तिलैया निवासी बिरेंद्र प्रसाद के 34 वर्षीय पुत्र रवि केसरी के रूप में की गई। मृतक अपने पीछे दो छोटी बेटी और पत्नी छोड़ गया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी थाना प्रभारी सुमित साव दल बल के साथ पहुंचकर एम्बुलेंस से शव को अनुमंडलीय अस्पताल लाया एवं शव को अंत्यपरीक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। घटना के बाद पुलिस ने मिनी ट्रक को जब्त कर लिया है।

### जैक परीक्षा में उच्च विद्यालय करियातपुर के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन, काजल कुमारी बनी विद्यालय टॉपर

**बरही**- जैक परीक्षा में उच्च विद्यालय करियातपुर के 292 परीक्षार्थी माध्यमिक परीक्षा में शामिल हुए और सभी अच्छे अंक लाकर उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की काजल कुमारी पिता कारू साव ने 93.60 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी। इसके अलावा शैली कुमारी ने 92.80 प्रतिशत, प्रिया कुमारी 91.80 प्रतिशत, भारती कुमारी 91.40 प्रतिशत, सिमरन कुमारी 91 प्रतिशत, रिंकी कुमारी 90.40 प्रतिशत, प्रिया रानी 90.20 प्रतिशत, रुपा कुमारी 89.80, विंदया कुमारी 89.60, आरती कुमारी 89.20, अनिशा कुमारी 88.20, प्रियंका कुमारी 86.60, सुमन राज 86.08 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस बाबत विद्यालय के प्रधानाध्यापक संदीप कुमार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की बात कही।

## हिरणपुर में हर्षोल्लास पूर्वक निकली रामनवमी की शोभायात्रा, आकर्षण का केंद्र बना रहा अखाड़ा, जुलूस खूब गूँजे जय श्री राम के नारे

स्वतंत्र प्रभात



**हिरणपुर**- रामनवमी के शुभ अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में काफी संख्या में महिला एवं पुरुष की भीड़ देखी गयी। हिरणपुर में हर्षोल्लास पूर्वक निकाली गई रामनवमी की शोभायात्रा संपूर्ण हिरणपुर सहित आसपास के क्षेत्र महावीर झंडा से पटा दिखा रामनवमी जुलूस हिरणपुर मावेशी हाट मंदिर परिसद से शुरू होकर संपूर्ण बाजार क्षेत्र का भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर परिसर में समापन किया गया। वहीं जुलूस को शांतिपूर्वक ढंग से समापन करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा का चाक चौबंद इंतजाम किया गया इस मौके पर हिरणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिलीप टुडू अंचल अधिकारी मनोज कुमार हिरणपुर थाना प्रभारी नविन कुमार अपने जवानों के साथ तैनात रहे एवं जुलूस को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करने के लिए जुलूस के साथ चलते रहे। जगह-जगह पर हिरणपुर वासियों ने जुलूस में घूम रहे हैं भक्तजनों को सरवत कहीं फल का सेवन कर रहे थे। शोभा यात्रा में मनमोहन झांकी भी देखी गई राम सीता हनुमान जी की मनमोहक झांकी लोगों को खूब पसंद आई। बताते चले की प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी हिरणपुर मे रामनवमी का महापर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया।इस वर्ष राम भक्त,हनुमान भक्तों ने सैकड़ों की संख्या में सोभा यात्रा में शामिल हुए।महिलाओं एवं बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सनातनियो के जनसैलाब से पिछले कई वर्षो के सारे रिकॉर्ड टूट गए। जबकि जय श्री राम जय, जय हनुमान के गगन भेदी नारे से पूरा हिरणपुर बाजार गुंजायमान हो उठा। हिरणपुर मवेशी हॉट बजरंगबली मंदिर कॉमेडी द्वारा भव्य रूप से रामनवमी अखाड़ा का आयोजन किया गया वही मुख्य भूमिका में हिरणपुर के युवाओं एवं हिरणपुर के स्थाई लोगों ने शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए हिरणपुर के युवाओं द्वारा लाठी संचालित करने के अलग अलग करतब दिखाए गए जो काफी मनोरम दृश्य था। जिसमें खिलाड़ियों में ऊर्जा एवं उत्साह का संचार देखा गया।

## कैरो प्रखंड मुख्यालय में रामनवमी पर भरत मिलाप सह शोभायात्रा और मेला का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**कैरो लोहरदगा झारखंड**- कैरो प्रखंड मुख्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आस्था का महापर्व रामनवमी दशमी के अवसर पर भरत मिलाप सह शोभायात्रा व मेला का आयोजन किया गया। जो शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पत्र हुई। मौके पर रामनवमी स्थल पर भव्य मेले का आयोजन किया गया। बजरंगी अखाड़ा कैरो के द्वारा संकट मोचन महाबीर मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली गई। वहीं उत्तका का शोभायात्रा मुख्य पथ पर डॉ. नरायण उच्च विद्यालय के समीप भरत मिलाप करते हुए चार जिले से आए विभिन्न अखाड़ों के झांकी व जुलूस का स्वागत किया गया। महाबीर मंडल के लोगों ने गाजे बाजे के साथ जय श्रीराम का नारा लगाते हुए विभित्र महाबीर मंडल के अखाड़े को मिलाते हुई भ्रमण किया और मेला टाड पहुंचकर अस्त्र-शस्त्र का संचालन प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में कैरो, उतका, चाल्हो, सढाबे, हनहट, नरौली, खण्डा, नगजुवा, सेरनगहातु, बरही, मसमनो, सुकरहुटु, खरता, टाटी, बसरी, सिंजो, कुड़ू, हेजला, नगड़ा, गड़ी, सोस, मुरुपिरी एवं गुमला, रांची जिले के विभिन्न गांव के अखाड़ों ने भाग लिया। अस्त्र शस्त्र संचालन प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रमुख अखाड़े को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इससे पूर्व मेले ने मुख्य अतिथि व अतिथि के तौर और उपस्थित गणमान्य लोगों को मेला कमेटी के द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शोभा यात्रा सह मेला में किसी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं इसको लेकर प्रखण्ड सह अंचल थाना प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभित्र स्थलों पर जवानों की तैनाती कर रखी थी। मेला टांड़ सहित विभित्र सामाजिक संगठनों के द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए चना गुड़ पानी का व्यवस्था की गई। मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि रामनवमी सह भरत मिलाप शोभायात्रा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के पिता राजा दशरथ के बचन को निभाने के लिए चौदह वर्षो तक वनवास में रहने और भाई भरत के द्वारा उनके प्रति अटूट प्रेमकी याद में मनाई जाती है आज ही के दिन चौदह वर्षो के कठोर वनवास के बाद जब श्रीराम और भरत का मिलाप हुआ था। उसी की याद में सनातनी भरत मिलाप मनाते हैं। मौके पर नीरू शाँति भगत, राजमोहन राम, कृष्णचैतन्य ब्रह्मचर्य, लखन उरांव, दीपक साहू, महावीर मण्डल के अध्यक्ष विवेक प्रजापति, सचिव शंभु सोनी, शरत कुमार किद्यार्थी, सूरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन,रवि प्रजापति, विपिन कुमार सिंह,मनोज पांडेय, मुखिया वरिंद्र महली, बजरंग उरांव, बुधवा उरांव, ललेश पांडेय, डॉक्टर राकेश प्रसाद, संजय साहू, रामप्रसाद यादव, काली साहू, कृष्णा साहू,अनुज साहू, कैलाश महतो, आनंद साह, गंगा साहू आदि उपस्थित थे।

## अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत शक्तिशाली राष्ट्र

स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण हजारीबाग झारखंड**- अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत को आज एक महाशक्ति के रूप में देखा जाता है और बहुत से देश कम लागत में अपने उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए भारत पर निर्भर करते हैं। देश के अंतरिक्ष के इस सफर में आज, 19 अप्रैल का खास महत्व है। दरअसल यही वह दिन है जब भारत रूस की मदद से अपना पहला उपग्रह आर्यभट्ट लॉन्च कर अंतरिक्ष युग में दाखिल हुआ था,उक्त बातें आज एक परिचर्चा के दौरान हजारीबाग लोक सभा के सशक्त उम्मीदवार मनीष जायसवाल जी का लोक सभा चुनाव संचालन समिति सदस्य मुकुंद साव ने कहा, उन्होंने बताया कि यह भारत का पहला वैज्ञानिक उपग्रह था। देश के पहले सैटेलाइट आर्यभट्ट को यह नाम देश ने महान खगोलविद और गणितज्ञ आर्यभट्ट के नाम पर रखा था। मुकुंद साव ने बताया कि इस उपग्रह को लेकर सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि उपग्रह के लिए एक शौचालय का कायाकल्प किया गया और वहां इसका काम चला। इस उपग्रह को पीन्या में तैयार किया गया था, लेकिन इसका प्रक्षेपण सोवियत यूनियन की सहायता से कॉस्मॉस-3 एच से किया गया था। इसके एवज में 1972 में इसरो के वैज्ञानिक यूआर राव ने सोवियत संघ रूस के साथ एक एग्रीमेंट साइन किया था, जिसके अनुसार सोवियत संघ रूस भारतीय बंदरगाहों का इस्तेमाल जहाजों को ट्रैक करने के लिए कर सकता था. इस उपग्रह के जरिये ही इसरो ने अंतरिक्ष में संचालन का अनुभव प्राप्त किया था।

1975 से शुरू हुए अंतरिक्ष अनुसंधान के इस सफर में आज भारत इतना आगे निकल चुका है कि न सिर्फ वह तीन टन से भी अधिक वजन वाले अपने दूरसंचार उपग्रह छोड़ने की काबिलियत अर्जित कर चुका है, बल्कि चंद्रमा और मंगल ग्रह तक अपने उपग्रह भेजने में लगा है ।2014 में अंतरिक्ष में भेजा गया मंगलयान भी इसरो के लिए एक अविस्मरणीय और महान उपलब्धि रही है,देश परमाणु परीक्षण कराकर भी तथा वर्तमान कालखंड में देश नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और शक्तिशाली बना है ,इसलिए 19 अप्रैल का दिन भारत के लिए अंतरिक्ष में शक्तिशाली के क्षेत्र में स्वर्ण अक्षरों में उल्लिखित है।

## रोजाना सुबह खाली पेट चबा लें एक लहसुन की कली, ब्लड शुगर रहेगा कंट्रोल, वजन भी होगा कम- मुकुंद साव

स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण हजारीबाग झारखंड**- लहसुन खाने से सेहत से जुड़े कई फायदे मिल सकते हैं। इसमें कई पोषक तत्व होते हैं जिनकी मदद से बीमारियों से बचाव में मदद मिलती है। इसलिए इसे खाना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। लहसुन का इस्तेमाल कई घरेलू नुस्खों में भी होता है। इसे रोज खाने से सेहतमंद रहने में मदद मिलती है।उक्त बाते आज एक स्वास्थ्य गोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित केयर के पूर्व प्रशिक्षक मुकुंद साव ने कहा, उन्होंने कहा कि लहसुन से मिलने वाले कई फायदे है, लहसुन में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करता है। यह वजन कम करने और दिल को स्वस्थ रखने में भी मदद करता है।

लहसुन औषधीय गुणों से भरपूर एक बहुत ही महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थ है, जो हमारी सब्जियों से लेकर, सलाद, भर्ता, आचार, चटनी, सॉस आदि खानों का स्वाद बढ़ाने में मदद करता है। इसे कच्चा खाएं या पकाकर इसका स्वाद बेमिसाल ही होता है। हां, लहसुन में कई पोषक तत्व भी पाए जाते हैं, जो इसे स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद बनाते हैं,इसलिए राष्ट्रीय लहसुन दिवस के अवसर पर श्री साव ने तमाम लोगों से अपील किया है कि लहसुन का प्रयोग हमेशा करें,ये शरीर को स्वस्थ रखने में हमेशा मदद करता है गोष्ठी की अध्यक्षता मुकेश सिन्हा ने किया जबकि बतौर मुख्य अतिथि व वक्ता मुकुंद साव, बिराज रविदास,मुखिया बिनोद सिंह,सहित कई गणमान लोग उपस्थित थे बड़े पैमाने पर बच्चियां उपस्थित थी।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल बुंडू के सभी 34 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से हुए ऊतीर्ण

● 86 प्रतिशत लाकर सती कुमारी बनी विद्यालय टॉपर, दीपा बनी द्वितीय और संतोषी बनी तृतीय टॉपर

स्वतंत्र प्रभात

**बरही**- बरही प्रखंड अंतर्गत बुंडू गांव में संचालित मॉडर्न पब्लिक स्कूल बुंडू के कुल 34 विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुआ। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने प्रथम स्थान लाकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। सती कुमारी 86त्न, दीपा कुमारी 84त्न, संतोषी 82त्न, धीरज कुमार 81त्न , प्रियंका 80त्न तथा अनीशा कुमारी, आशीष यादव, दीपक कुमार, लक्ष्मी, सिम्पी, प्रदीप, प्रीति कुमारी ,सीमा कुमारी, सुमन कुमारी, अजीत यादव, बीरेंद्र शर्मा, दीपेश पांडेय, साक्षी कुमारी, संजू कुमारी, अंशु कुमारी, खुशबू कुमारी, पार्वती, मनीषा, बिजंती, क्रांति, कुंती कुमारी, अर्चना कुमारी, अंजली कुमारी, विनीता कुमारी, प्रतिभा कुमारी, रितेश कु यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार यादव ने बच्चों के प्रदर्शन से प्रसन्न होते हुए कहा कि यह विद्यालय लगातार ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को विशेष रूप से लड़कियों को बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने का संसाधन

के रूप में कार्य कर रहा है जो गरीब व वंचित विद्यार्थियों के लिए वरदान है। विद्यालय के शिक्षक आलोक वर्णवाल, सिकंदर यादव, सूरज कुमार, दिलीप कुमार, संदीप पासवान, भारती कुमारी ने विद्यार्थीयों के बेहतर प्रदर्शन पर खुशी जाहिर करते हुए बच्चों को भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## जैक मैट्रिक परीक्षा में भामाशाह बरही के कुल 91 विद्यार्थी हुए प्रथम श्रेणी से पास

● बच्चों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन से विद्यालय परिवार आह्लादित - रजनीश पाण्डेय

स्वतंत्र प्रभात



**बरही**- झारखण्ड अधिविद्य परिषद के द्वारा आयोजित झारखण्ड माध्यमिक परीक्षा के परीक्षाफल की घोषणा कर दिया गया है। इस परीक्षा में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही से कुल 91 विद्यार्थियो ने प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होकर विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय में प्रथम स्थान पर काजल कुमारी पिता कारु साव 93.40%, द्वितीय स्थान शैली कुमारी पिता विशाल सिन्हा 92.80%, तृतीय स्थान प्रिया कुमारी पिता श्रीराम प्रसाद 91.80% ने प्राप्त किया। वही 91% से 100त्न तक 5 विद्यार्थी, 81% से 90% तक 54, 71% से 80% तक 32 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, विद्यालय प्रबंधन सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं न ने प्रथम श्रेणी में विशिष्टता के साथ उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी। साथ ही इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि बच्चों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन से विद्यालय परिवार आह्लादित है।

## कस्तूरबा के मानव और अनिकेत 94.60 प्रतिशत अंक लाकर बने संयुक्तरूप से प्रखण्ड टॉपर

स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण**- चौपारण प्रखण्ड के मॉडर्न पब्लिक स्कूल ,दादपुर और कस्तुरबा गांधी उच्च विद्यालय सिंहपुर के संस्थापक रहे स्व डॉ ललन प्रसाद का सपना आज विद्यालय के शिक्षक साकार करते नजर आ रहे हैं। विद्यालय के बच्चे लगातार चार वर्षो से मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में प्रखण्ड टॉपर बन कर नया कृतिमान रच रहे हैं। शुक्रवार को जैक,राँची द्वारा सत्र 2024 का मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। जिसमें विद्यालय के अनिकेत कुमार सिन्हा और मानव कुमार सिन्हा संयुक्तरूप से 473 अंक ( 94.60 प्रतिशत ) लाकर प्रखण्ड के टॉपर बने। वहीं विद्यालय के अनुज कुमार सिंह और विक्रम कुमार ने संयुक्तरूप से 463 अंक लाकर विद्यालय के सेकेंड और अनुश्री वर्मा 461 अंक लाकर विद्यालय के थर्ड टॉपर रही। प्रखण्ड टॉप करने पर विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की और प्रखण्ड टॉपर अनिकेत को मिठाई खिलाकर उनके हौसले को बढ़ाया । साथ ही विद्यालय परिवार ने विद्यालय के सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष व डॉ ललन बाबू कस्तुरबा गांधी उच्च विद्यालय के संस्थापक सदस्य अरबिंद सिन्हा,मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र सिन्हा, डॉ ललन बाबू कस्तुरबा गांधी उच्च विद्यालय,सिंहपुर के प्रबन्धक चन्दन कुमार, प्राचार्या ममता कुमारी,विद्यालय के शिक्षक अमित सिन्हा,सन्तोष सिन्हा उपस्तिथ थे। सभी ने प्रखण्ड टॉपर अनिकेत के पिता अनुज सिन्हा व उनके माता को भी बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। बतादें कि इससे पहले लगातार तीन वर्षो से विद्यालय के उमेश कुमार गुप्ता वर्ष 2021 में, यश कुमार सिन्हा वर्ष 2022 में और नितेश कुमार गुप्ता वर्ष 2023 के मैट्रिक परीक्षा में प्रखण्ड टॉपर रहे।

## बगरू थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थान में बिजली चोरी रोकने को लेकर छापेमारी अभियान

● लोगों के विरुद्ध बिजली विभाग द्वारा की गई प्राथमिकी दर्ज

● बगरू थाना में तीन खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया

स्वतंत्र प्रभात

**लोहरदगा**- ADGP विजलांस एवं सिक्योरिटी राँची के पत्रांक 24 दिन मंगलवार के अनुपालन के क्रम में गुरुवार को विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ एक सघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस छापामारी दल में मो जीशान सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल, कूडू के अलावा, शाहनवाज अंसारी मानव दिवसकर्मी सुनील कुमार छत्री मानव दिवसकर्मी, बेलाल अंसारी मानव दिवस कर्मी, हुसैन अंसारी , मानव दिवसकर्मी एवं नवल भगत विद्युत आपूर्ति प्रशाखा, किस्को, शामिल थे। छापामारी के क्रम में अवैध रूप से विद्युत उपभोग करने वाले निम्न लोगों पर छतिपूर्ति राशि और बकाया राशि है तथा इन पर प्राथमिकी दर्ज की गई जो इस प्रकार है

1.शेख इस्राईल ग्राम हिसरी छतिपूर्ति राशि 3120रु बकाया राशि 28607रु

2. जमशेद खान, ग्राम हिसरी छतिपूर्ती राशि 3120रु बकाया राशि 27693रु

3. रामलाल, ग्राम हिसरी छतिपूर्ती राशि 2600रु बकाया राशि 22363 रु

भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा 135 एवं 137 के तहत बगरू थाना में लिखित शिकायत करते हुए दर्ज किया गया इन सभी लोगों पर विभाग द्वारा बकाया राशि होने पर लाईन काटे जाने के बावजूद इनेक द्वारा अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पाए गए।

## मैट्रिक परीक्षा में कस्तूरबा विद्यालय बरसोत का रहा शत प्रतिशत रिजल्ट, 63 छात्राएं प्रथम श्रेणी से हुई ऊतीर्ण

● निशा कुमारी 442 अंक प्राप्त कर बनी विद्यालय टॉपर

स्वतंत्र प्रभात



**बरही**- बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत में संचालित कस्तूरबा विद्यालय की बच्चियों ने मैट्रिक परीक्षा 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष विद्यालय से कुल 70 छात्राएं मैट्रिक परीक्षा में सम्मिलित हुई थी जिसमे से 63 छात्राओं ने प्रथम स्थान एवं 07 छात्राओं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की 100त्न छात्राओं ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय की 03 टॉपर छात्राओ में निशा कुमारी 442 अंक 88.40% लाकर विद्यालय टॉपर बनी। वही नैंसी कुमारी 429 अंक 85.80% के साथ दूसरे स्थान, ज्योति कुमारी 426 अंक 85.20% लाकर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त की। विद्यालय की वार्डन नेहा कुमारी ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन फिरोजाबाद हेलीकॉप्टर से पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक

● फिरोजाबाद पहुंचे डिप्टी सीएम बोले- इंडिया गठबंधन को जनता ने नकारा, एक भी रैली और बैठक नहीं कर पाए अखिलेश यादव



स्वतंत्र प्रभात

**फिरोजाबाद**- शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन फिरोजाबाद हेलीकॉप्टर से पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला। वह भाजपा प्रत्याशी के नामांकन में शामिल होने और भाजपा कार्यालय पर सभा को संबोधित करने के लिए आए थे । पुलिस लाइन में उनका हेलीकॉप्टर उतरा। जहां से वह भाजपा कार्यालय के लिए रवाना हुए । सुबह 11 बजे पुलिस लाइन पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का हेलीपैड पर मौजूद भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह, सदर विधायक मनीष असीजा समेत अन्य भाजपा नेताओं ने माला पहनाकर जोशीला स्वागत किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। पत्रकारों के सवालों के जवाब में उन्होंने प्रथम चरण के मतदान को लेकर कहा कि पश्चिम में हमने आम लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से बात की है। भाजपा और मोदी लहर चल रही है। जाति, धर्म संप्रदाय से अलग हटकर लोग बड़ी संख्या में घरों से बाहर निकल रहे हैं और कमल का बटन दबा रहे हैं।

इस बार मतदान प्रतिशत भी अधिक होगा। प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा। इंडिया गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में गठबंधन की एक भी रैली या बैठक नहीं कर पाए हैं। केवल प्रेस कान्फ्रेंस कर केवल औपचारिता पूरी की है। धरातल पर कुछ नहीं है। वह हासिए पर हैं। जनता ने उन्हें और उनके गठबंधन को नकार दिया है। खुद गाड़ी चलाकर ले गए डिप्टी सीएमपुलिस लाइन पर हेलीकॉप्टर से उतरकर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक कार को स्वयं चलाकर ले गए। उन्होंने प्रत्याशी को अपने बगल वाली सीट पर बिठाया। वह पुलिस लाइन से भाजपा कार्यालय के लिए रवाना हुए। जहां जनसभा को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी के नामांकन प्रक्रिया में शामिल हुए।

## लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव मतदान, लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मत- अश्वनी जैन

स्वतंत्र प्रभात



**सिरसागंज**- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वावधान में राम शरण विद्या निकेतन, सिरसागंज में विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा आर्य व जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में मतदान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदान का संदेश प्रदान करते हुए जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को मतदान की शपथ ग्रहण कराई कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने सभी को जागरूक करते हुए बताया कि लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व मतदान एवं लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति मत है।

यह लोकतंत्र का पर्व, देश का पर्व है, मतदान अवश्य करें। प्रत्येक मत महत्वपूर्ण है, इसलिए कोई भी मत छूटना नहीं चाहिए। सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा आर्य ने सभी विद्यार्थियों को अपने माता पिता, रिश्तेदारों, ग्रामवासी, नगरवासियों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन का आभार व्यक्त किया। शपथ में पूर्णिमा चतुर्वेदी, सत्यम गुप्ता एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।


## पुलिस ने एक आरोपी को एनडीपीएस में जेल भेजा

स्वतंत्र प्रभात



**शिकोहाबाद।** थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शुक्रवार को छीछामई नहर पुल के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम जब चेकिंग में व्यस्त थी, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि छीछामई नहर पुल पर एक व्यक्ति संदिग्ध खड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक किलो चरस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गये युवक ने अपना नाम आकाश यादव निवासी अलियापुरा बकेवर इटावा बताया।

# आठवा लोकसभा चुनाव- प्रचण्ड सहानुभूति लहर में बहा विपक्ष



14 जनवरी 1980 को इंदिरा गांधी ने चौथी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप मे शपथ ली।

जनता पार्टी की नाकामी के बाद जनता ने सत्ता एक बार फिर से कांग्रेस को सौंप दी थी।

80 के दशक की शुरुआत में असम और पंजाब में हिंसक घटनाएं बढ़ने लगी थी। बोडोलैंड की मांग के साथ असम के उग्रवादी दलों ने सशस्त्र संघर्ष शुरू किया और पंजाब में खालिस्तान की मांग के साथ पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी गुटो ने हिंसक घटनाओं को अंजाम देना शुरू किया। पंजाब में खालिस्तान मूवमेंट ज्यादा उग्र रूप धारण कर रही थी। उसका मुख्य कारण था पंजाब के उग्रवादियों को पाकिस्तान सीधे-सीधे पैसा, हथियार और अपने इलाके में ट्रेनिंग दे रहा था। 1981 में उग्रवादियों ने पंजाब केसरी के संस्थापक और संपादक लाला जगत नारायण की हत्या कर दी। 1984 आते आते पंजाब में हिंसक घटनाए अपने चरम पर पहुंच गई। आतंकवादी गुटों ने अपना ठीकाना अमृतसर में स्थित पवित्र श्री हरिमंदिर साहिब गुरूद्वारा को बना रखा था। पंजाब में शांति बहाली के लिए इंदिरा गांधी की सरकार ने %ऑपरेशन ब्लू स्टार% लॉन्च किया। यह अपरेशन

3 जून से 8 जून 1984 तक चला और सेना ने आतंकवादियों का सफाया कर पवित्र गुरूद्वारा साहिब को मुक्त करवाया। श्री हरिमंदिर साहिब सिक्खों का सबसे प्रमुख और बड़ा तीर्थस्थल है। सैनिक कार्यवाई में इस पवित्र स्थान को भी बहुत नुकसान पहुंचा था। जिस कारण से सिक्खों के मनों में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के प्रति गुस्सा था। इसी गुस्से का नतीजा था कि 31अक्टूबर 1984 को प्रधानमंत्री के दो सिक्ख सुरक्षाकर्मियों ने उनकी उनके निवास स्थान पर गोलियां मार कर हत्या कर दी। देश में दंगे हुए हजारों लोगों की जाने गई। कांग्रेस पार्टी ने सर्वसम्मति से राजीव गांधी को प्रधानमंत्री बनवाया। सतारूढ पार्टी के अनुरोध पर राष्ट्रपति ने लोकसभा भंग कर दी और 2 महीने के अंदर अंदर इलेक्शन कमिशन से चुनाव करवाने के आदेश दिए। 24 से 28 दिसम्बर के बीच 542 में से 515 सीटों पर असम की 14 और पंजाब की 13 सीटों को छोड़कर तीन चरणों में भारतीय इतिहास के आठवें लोकसभा चुनाव हुए। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए इन चुनावों में उनके बेटे राजीव गांधी के प्रति सहानुभूति की एक ऐसी आंधी चली कि जीत के सारे कीर्तिमान ध्वस्त हो गए। कांग्रेस ने इतिहास का सर्वाधिक प्रचंड बहुमत हासिल कर सरकार बनाई। 542 में से 425 लोकसभा सीटें कांग्रेस की झोली में आई थी। कांग्रेस का वोट प्रतिशत 49.1 रहा। 1980 के चुनाव के बाद जनसंघ पार्टी अब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हो गई थी। जिनका चुनाव चिन्ह था कमल का फूल। इन चुनावों में भाजपा ने 224 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे लेकिन उसे महज 2 सीटों पर ही जीत मिली थी।

आंध्र की हनमकोंडा सीट से पी.वी नरसिंहराव को हराकर सी. जंगा रेड्डी और गुजरात की मेहसाणा सीट से ए.के पटेल जीते थे। भाजपा का वोटों का प्रतिशत 7.74 रहा। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) को इस चुनाव में 22 सीटों के साथ 5.87 फीसदी वोट मिले थे। भारतीय कम्युनिस्ट (भाकपा) 2.71 प्रतिशत वोट पाकर 6 सीटों पर जीती थी। चन्द्रशेखर के नेतृत्व वाली जनता पार्टी को 10 सीटों के साथ 6.89 फीसदी वोट मिले थे। इस पार्टी ने 207 सीटों पर चुनाव लड़ा था लेकिन उसके आधे से ज्यादा उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। चौधरी चरण सिंह के लोकदल को भी मात्र 3 सीटों पर जीत हासिल हुई थी और उसके 171 में 75 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई थी। लोकदल को मिले वोटों का प्रतिशत 5.97 था।

1980 के चुनाव में जनता पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार रहे बाबू जगजीवन राम उस चुनाव के कुछ समय बाद ही जनता पार्टी से अलग हो गए थे और उन्होंने कांग्रेस (जे) के नाम अपनी अलग पार्टी बना ली थी। इस पार्टी से अकेले जगजीवन राम ही चुनाव जीत सके थे। इस चुनाव में पूरे देश को सबसे ज्यादा चौंकाया कांग्रेस के अभेद्य दुर्ग माने जाने वाले आंध्रप्रदेश ने। 1977 में जनता पार्टी की लहर में भी आंध्रप्रदेश पूरी तरह कांग्रेस के साथ रहा था। लेकिन इस चुनाव में जब समूचे देश में इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की आंधी चल रही थी तब आंध्र में एनटी रामाराव की तेलुगुदेशम की लहर चल रही थी। आंध्रप्रदेश की 42 में से 30 सीटें तेलुगुदेशम के खाते में गई और कांग्रेस को वहां मात्र 6 सीटों पर ही जीत मिल सकी। तमिलनाडु में भी क्षेत्रीय ताकतें कुछ हद तक कांग्रेस की लहर को थामने में कामयाब रहीं। वहां अन्नाद्रमुक के खाते में 12 और द्रमुक के खाते में 2 सीटें गईं, जबकि कांग्रेस को 25 सीटों पर जीत हासिल हुई।

इस चुनाव में कांग्रेस की आंधी में विपक्ष के सारे दिग्गज चुनाव हार गए। भाजपा के शीर्ष नेता अटल बिहारी वाजपेयी को ग्वालियर से माधवराव सिंधिया ने पराजित किया। इस चुनाव तक हेमवती नंदन बहुगुणा भी इंदिरा गांधी से अपने मतभेदों के चलते कांग्रेस छोड़ चुके थे। इस चुनाव में वे लोकदल के टिकट पर इलाहबाद से चुनाव लड़े, जहां हिन्दी फिल्मों के सुपर स्टार अमिताभ बच्चन ने उन्हें हरा दिया। जनता पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर को बलिया सीट से अदने से कांग्रेसी जगन्नाथ चौधरी ने हराया। हरियाणा की सोनीपत सीट से लोकदल के चौधरी देवीलाल भी चुनाव हार गए। जॉर्ज फर्नांडीस जनता पार्टी के टिकट पर बेंगलुरु-उत्तर से लड़े, जहां कांग्रेस के सीके जाफर शरीफ ने उन्हें हराया। लोकदल के ही टिकट पर लड़े कर्पूरी ठाकुर, रामविलास पासवान और तारकेश्वरी सिन्हा को भी पराजय का मुंह देखना पड़ा। इसी पार्टी से शरद यादव उत्तरप्रदेश की बदायूं सीट कांग्रेस के सलीम शेरवानी से हार गए। भाजपा का यह पहला चुनाव था। भाजपा के टिकट पर लड़े मुरली मनोहर जोशी, प्रमोद महाजन, राम जेठमलानी, उमा भारती, सुषमा स्वराज और वसुंधरा राजे आदि तमाम दिग्गज चुनाव हार गए। मुरली मनोहर जोशी को अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस के हरीश रावत ने हराया। जेठमलानी फिल्म अभिनेता सुनील दत्त से हारे तो प्रमोद महाजन मुंबई उत्तर-पूर्व से कांग्रेस के गुरुदास कामथ से हारे। सुषमा स्वराज को हरियाणा के करनाल से चिंजीलाल ने, उमा भारती को खजुराहो से कांग्रेस की विद्यावती चतुर्वेदी ने और वसुंधरा राजे को मध्यप्रदेश के भिंड से कांग्रेस के ही कृष्ण सिंह ने हरा दिया।

1984 के लोकसभा चुनाव में बतौर मतदाता करीब 40 करोड़ लोगों थे। इनमें से करीब 25.60 करोड़ लोगों ने वोट डाले यानी मतदान का प्रतिशत 63.6 रहा। 542 सीटों में से 79 सीटें अनुसूचित जाति और 41 सीटें अनसूचित जनजाति के लिए आरक्षित थीं। इन चुनावों में कुल 171 महिलाएं लड़ी थीं जिनमें से 43 जीतीं और 109 को जमानत गंवानी पड़ीं। इससे पहले किसी भी लोकसभा चुनाव में इतनी अधिक महिलाएं नहीं जीती थी। 31 दिसंबर 1984 को राजीव गांधी ने 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वे भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री बने।

(नीरज शर्मा 'भरथल')

## संपादकीय

# आग बरसाता सूरज और आग उगल रहे नेता!



अठारहवीं लोकसभा के लिए होने जा रहा आमचुनाव एक ओर पीक गर्मी के दिनों में संपन्न होने जा रहे हैं नेता तो एअरकंडीशनथ गाडियों में घूम रहे हैं लेकिन कार्यकर्ता और वोटर गर्मी में तप रहे हैं वहीं नेताओं के बिगड़े बोल तपिश और अधिक बढ़ा रहे हैं। हाल ही में जिस तरह राजद नेता तेजस्वी यादव की सभा में मौजूद किसी व्यक्ति ने मंच के सामने से चिराग पासवान की माता के लिए अपशब्दों के इस्तेमाल कर विडियो वायरल की वह राजनीति में आरही गिरावट को बताने के लिए पर्याप्त है। कभी खुद बेल पर चल रहे नेताओं की पार्टी की पुत्री प्रधानमंत्री को जेल में भेजने की बात कह रही है अभी तक के चुनावों में मौजूदा चुनाव सबसे अधिक खराब भाषा और व्यवहार वाले हैं। तमाम मर्यादा टूट रही हैं। वैसे तो हर चुनाव में नेताओं की जुबान लड़खड़ाती रही है, मगर बिहार में इस बार कुछ अधिक हो गया। लालू यादव की बेटी और पाटलिपुत्र से आरजेडी उम्मीदवार मीसा भारती ने सरकार बनने पर पीएम और मोदी को जेल भेजने की बात कही तो लालू ने संविधान और आरक्षण खत्म करने पर आंख निकालने की धमकी दी। लालू के परिवार के करीबी एमएलसी सुनील कुमार ने अपनी ही पार्टी की प्रत्याशी रोहिणी आचार्य को जिताने के बदले हराने की अपील कर दी। कुछ की अनजाने में जुबान में फिसली तो कई ने जान-बूझकर शब्दों की न मर्यादा तोड़ी।यह बेजुबानी गर्मी और बढ़ा रही है।

आपको बता दें कि भारत में सियासी तापमान के साथ ही मौसमी तापमान भी तेजी से बढ़ने लगा है की शहरों इलाकों में तापमान 40 डिग्री छू रहा है वहीं उत्तर भारत के अनेक इलाकों में लू का प्रकोप शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में महाराष्ट्र, उत्तरी गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। उत्तर भारत में कुछ इलाकों में चिलचिलाती गरमी से राहत रहेगी, पर ज्यादातर इलाके दिन के समय तपेंगे। कुछ जगहों पर बादल भी छाए हैं, पर बादल के हटते ही तापमान के सभी जगह तेज होने का अनुमान है। बिहार के करीब एक दर्जन जिलों में लू का माहौल है, पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। उत्तर प्रदेश के भी अनेक जिलों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। तापमान या लू की चिंता इस साल इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि यह चुनावी समय है। बड़े पैमाने पर लोगों का आवागमन होगा और सभाओं का आयोजन होगा। अनेक जगहों पर हजारों लोगों की भीड़ जुटेगी और लोगों को परेशानी होगी। ऐसे में, अगर तापमान 40 या 45 के पार रहता है, तो संकट सताएगा। मौसम प्रतिकूल होने से चुनाव प्रचार के साथ ही मतदान प्रतिशत भी प्रभावित हो सकता है। वैसे यह कोई नई बात नहीं है, विगत दशकों से लोकसभा चुनाव मार्च-अप्रैल-मई में ही होते आए हैं, पर तापमान के मद्देनजर सभी को सावधान रहना होगा। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, मई का महीना तपेगा। चिंता इसलिए भी ज्यादा है कि पिछला साल 2023 वर्ष 1901 के बाद सबसे गरम रहा था। क्या साल 2024 से हम राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस साल गरमियों में कुछ इलाकों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस के पार भी जा सकता है। शहरों को विशेष रूप से जल की व्यवस्था दुरुस्त रखनी पड़ेगी। आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान का अनुमान नहीं लगाया जा सकता, पर आने वाली बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने लगा लिया है। इस साल जून और सितंबर के बीच सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश होने की संभावना है। ध्यान रहे, पिछले वर्ष देश में सामान्य से कम बारिश हुई थी, इसलिए इस बार सामान्य से अधिक बारिश किसी खुशखबरी से कम नहीं है। पूर्वानुमान के अनुसार, देश भर में वर्षा की कुल मात्रा पांच प्रतिशत की त्रुटि आशंका के साथ लंबी अवधि के औसत का 106 प्रतिशत रहेगी। वैसे मई के अंत में मौसम विभाग बारिश से जुड़े सुनिश्चित अनुमान लगाने में सक्षम होगा। फिलहाल, समुद्री तापमान के ढर्रे में अपेक्षित बदलाव और उत्तरी गोलार्ध में बर्फ की मात्रा को देखते हुए सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान लगाया गया है।

एक रिपोर्ट के अनुसार अभी भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मध्यम अल नीनो की स्थिति बनी हुई है। देश में सामान्य से अधिक मानसून की 31 प्रतिशत संभावना है, जबकि सामान्य से कम मानसून की 8 प्रतिशत संभावना है और कमजोर मानसून की केवल दो प्रतिशत संभावना जताई गई है। वास्तव में, हमें मौसम के बारे में समग्रता में सोचना चाहिए। ज्यादा गरमी भी ठीक नहीं और न ज्यादा बारिश, पर जलवायु परिवर्तन का जो हाल है, उसके अनुसार, हमें दोनों ही परिस्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए। साथ ही, एक बार जरूर सोचना चाहिए कि अत्यधिक तापमान या अत्यधिक बारिश की स्थिति से बचने के लिए हम क्या कर सकते हैं। चुनाव के समय में पर्यावरण या मौसम राजनीति का केंद्रीय विषय भले न बना हो,लोगों के लिए यह विषय महत्वपूर्ण होना चाहिए।

यहां यह भी गौर तलब है कि यदि गर्मी ने प्रचंड तेवर अपनाए तो इस का असर मतदान पर होना लाजिमी है। यहां यह भी गौर तलब है कि शहरी वोटर धूप गर्मी से बचने के लिए जाना जाता है यदि गर्मी के कारण वोटर कम निकला तो भाजपा को अधिक नुकसान हो सकता है क्योंकि शहरी वोटर गर्मी में मतदान करने के लिए कम निकलता है। यदि ऐसा होता है तो भाजपा के मतों का प्रतिशत कम हो सकता है। दरअसल भाजपा का वोटर शहरी अधिक है और शहरी मतदाता धूप में निकलने से बचता है। यदि प्रचंड गर्मी के मौसम की मार से आहत मतदाता मतदान के लिए बाहर नहीं निकला तो मतदान का प्रतिशत काफी कम रह सकता है थोडा सा कम मतदान तमाम पूर्वानुमान के आंकड़े बदल सकता है हार जीत के फैसले पर बहुत बड़ा असर डाल सकता है। हालांकि भाजपा इस खतरे को आंक चुकी है। हीटवेव के मुकाबले के लिए सरकारी स्तर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और तमाम राज्य सरकारों को एडवाइजरी जारी की गई है।

मनोज कुमार अग्रवाल
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# मैनपुरी में बसपा किसका बिगाड़ेगी खेल







उत्तर प्रदेश की हॉट सीट में से एक मैनपुरी में बहुजन समाज पार्टी ने अपना प्रत्याशी बदल दिया है। यहां से समाजवादी पार्टी से पूर्व मुख्यमंत्री और सपा मुखिया अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव तो भारतीय जनता पार्टी से योगी आदित्यनाथ सरकार में कैबिनेट मंत्री और कद्दावर नेता ठाकुर जयवीर सिंह चुनाव मैदान में हैं। यदि देखा जाए तो मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों प्रत्याशियों के बीच में है वाकी के प्रत्याशी केवल वोट काटने का ही काम कर सकते हैं। मैनपुरी से पहले बहुजन समाज पार्टी ने गुलशन शाक्य को टिकट दिया था लेकिन अब टिकट काटकर शिवप्रसाद यादव को दिया गया है। इस पर अखिलेश यादव ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि बहुजन समाज पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी के कहने से प्रत्याशी बदला है। मैनपुरी और इटावा लोकसभा सीट पर शाक्य मतदाताओं की अच्छी खासी संख्या है। और यादव के बाद शाक्य मतदाता ही निर्णायक भूमिका में रहता है।

मुलायम सिंह यादव की मृत्यु के बाद 2022 में मैनपुरी लोकसभा सीट पर उपचुनाव कराए गए थे जिसमें समाजवादी पार्टी की डिंपल यादव ने भारतीय जनता पार्टी के रघुराज शाक्य को 288461 मतों से पराजित किया था और 64.08 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। जब कि भारतीय जनता पार्टी के रघुराज शाक्य को 32.32 फीसदी मतों के साथ 332537 मत प्राप्त हुए थे और वह दूसरे नंबर पर रहे थे। यहां बहुजन समाज पार्टी या अन्य किसी पार्टी के लिए कुछ नहीं है। लेकिन बहुजन समाज पार्टी किसी भी दल को मुश्किल में डाल सकती है और इस बार उसने किया भी कुछ ऐसा ही है। इटावा और मैनपुरी सीट पर शाक्य मतदाता कभी समाजवादी पार्टी का ही वोटर हुआ करता था लेकिन समय बदला और वोटरों का मन भी बदल गया। कई बड़े शाक्य नेता जो कभी समाजवादी पार्टी के साथ थे या ये कहें कि समाजवादी पार्टी ने ही उनको नेता बनाया था आज वह भारतीय जनता पार्टी के साथ हैं।

जब बहुजन समाज पार्टी ने गुलशन शाक्य को प्रत्याशी बनाया तो यह जयवीर सिंह के लिए ख़तरे की घंटी हो गई थी। लेकिन बहुमत समाज पार्टी ने अपना प्रत्याशी बदल गुलशन शाक्य के स्थान पर शिव प्रसाद यादव को प्रत्याशी बनाया है। शिव प्रसाद यादव को उस क्षेत्र में लोग जानते हैं वह पूर्व विधायक हैं। यहीं से मैनपुरी सीट पर मुकाबला अब काफी रोचक हो गया है। वैसे तो सपा को यहां से हराना मुश्किल काम था लेकिन यदि यादव वोट कटा तो परिणाम कुछ भी हो सकता है। जयवीर सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी ही उम्मीद से मैनपुरी सीट से उतारा है और यह निश्चित है कि यदि वह यहां से चुनाव जीते तो भारतीय जनता पार्टी में उनका कद कद ऊंचा हो जाएगा। पिछले विधानसभा चुनाव में भी जयवीर सिंह ने सपा से छीन कर मैनपुरी विधानसभा सीट भारतीय जनता पार्टी की झोली में डाली थी। जयवीर सिंह की राजनीतिक काबिलियत पर कोई शक नहीं है। लेकिन इस सीट पर मुकाबला जातीय गणित से ही होता है कोने किसको इसमें मात दे पाता है यह देखने वाली बात होगी।

मैनपुरी लोकसभा सीट की बात करें तो यह 1996 से लगातार समाजवादी पार्टी के पास रही है। या यह कहें कि यादव परिवार के पास रही है। 1996 से यहां से मुलायम सिंह यादव, बलराम सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, तेज प्रताप यादव और डिंपल यादव चुनाव जीत चुकीं हैं। इनमें से सबसे बड़ी जीत तेज प्रताप यादव की हुई थी जब उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के प्रेम सिंह शाक्य को 321249 मतों के अंतर से हराया था। तेज़ प्रताप यादव को उस समय 64.46 फीसदी मत मिले थे जब कि प्रेम सिंह शाक्य को 32.79 फीसदी मतों के साथ 332537 मत मिले थे मैनपुरी लोकसभा सीट में जसवन्तनगर, करहल और किशनी ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं जो हार जीत का फैसला कर देते हैं। यह क्षेत्र यादव बाहुल्य क्षेत्र हैं। लेकिन यहां शाक्य मतदाताओं की मौजूदगी को नकारा नहीं जा सकता। मैनपुरी लोकसभा की पांच विधानसभा सीटों में से तीन सीटें समाजवादी पार्टी के पास हैं जबकि दो सीट भारतीय जनता पार्टी के पास हैं। लेकिन यह भी याद रखना होगा कि पिछले जो लोकसभा के उपचुनाव हुऐ थे उसमें डिंपल यादव पांचों विधानसभा क्षेत्रों में आगे रहीं थीं।

यहां यह भी देखना होगा कि पिछले चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रघुराज शाक्य थे जब कि इस बार उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और कद्दावर नेता जयवीर सिंह हैं जिन्होंने समाजवादी पार्टी से यह सीट छीनी थी। तो कुछ भी हो सकता है। जयवीर सिंह को काफी मेहनत करनी पड़ेगी क्योंकि समाजवादी पार्टी किसी कीमत पर इस सीट पर हार बर्दाश्त नहीं कर सकेगी। जयवीर सिंह भी पुराने नेता हैं कैसे वोट निकाला जाता है वह अच्छी तरह से जानते हैं। और बहुजन समाज पार्टी ने शिव प्रसाद यादव को चुनाव मैदान में उतारकर इस सीट को और दिलचस्प बना दिया है। जब चुनाव परिणाम आएंगे तो सभी की निगाहें इस सीट पर होंगी। पिछले लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के सभी बड़े नेताओं ने इस क्षेत्र में डेरा डाल लिया था और घर घर जाकर कैम्पेनिंग की थी। यहां नज़र यह रहेगी कि शिव प्रसाद यादव कितना वोट काट पाते हैं। हालांकि शिवप्रसाद यादव के आने से केवल समाजवादी पार्टी को ही नुकसान नहीं है। कुछ दलित वोटों का नुक़सान भारतीय जनता पार्टी को भी होने की संभावना है। इस यादव बैल्ट में यदि दूसरी पार्टी का नेता जीतता है तो यह एक बहुत बड़ी बात होती है।

जितेन्द्र सिंह पत्रकार

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

**संपादक**
**राजीव कुमार शुक्ल**
मो. 7499472288

e-Mail- news@swatantraprabhat.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

RNI No. UPHIN/2019/79073

# दैनिक राशिफल 20/04/2024




1.मेष

राजमान व यश में वृद्धि होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा। सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। काफी समय से लंबित कार्यो में गति आएगी। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

2.वृष

शत्रु कोई बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। वाहन व मशीनरी के कार्यो में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। समय पर किसी कार्य का भुगतान नहीं कर पाएंगे। व्यापार-व्यवसाय साधारण रहेगा।

3.मिथुन

दुष्टजनों से सावधान रहें। शारीरिक कष्ट से बाधा तथा हानि संभव है। बेचैनी रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में मातहतों का साथ रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता रहेगी।

4.कर्क

शत्रु सक्रिय रहेंगे। सावधानी आवश्यक है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। चोट व रोग से बचें। कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करे। भूमि व भवन संबंधी कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। यात्रा संभव है।

5.सिंह

विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पस्त होंगे। उनकी एक नहीं चलेगी। किसी मांगलिक-आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। हल्की हंसी-मजाक से बचें। कार्यक्षेत्र में उत्साह व प्रसन्नता बनी रहेगी।

6.कन्या

परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। विवाद से क्लेश संभव है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ अधिक होगी। लाभ में कमी रहेगी। उत्साह की कमी महसूस करेंगे। व्यापार ठीक चलेगा।

7.तुला

सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। थोड़े प्रयास से ही रुके काम बनेंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है।

8.वृश्चिक

सुख के साधनों पर बड़ा खर्च हो सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। अज्ञात भय रहेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचारों की प्राप्ति से प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने की इच्छा प्रबल होगी।

9.धनु

वैवाहिक प्रस्ताव विवाह के उम्मीदवारों का इंतजार कर रहा है। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। अनहोनी की आशंका रह सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। प्रसन्नता बनी रहेगी।

10.मकर

राजभय रहेगा। जल्दबाजी व लापरवाही न करें। विवाद को बढ़ावा न दें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। कुसंगति से बचें। हानि होगी। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यापार-व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

11.कुंभ

स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे। निवेशादि शुभ रहेंगे। उत्साह में वृद्धि होगी।

12.मीन

विवेक से कार्य करें। सुख के साधन जुटेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। आय के नए साधन प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में सहकर्मी विशेषकर महिला वर्ग से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। किसी बात का विरोध हो सकता है। कष्ट व भय बने रहेंगे।

आचार्य कौशलेन्द्र पाण्डेय जी के अनुसार

# ईरानी कब्जे से लौटी महिला बोली- वहां अच्छा बर्ताव हुआ

**● कहा- खाना-पानी की कोई दिक्कत नहीं थी, बाकी क्रू भी जल्द भारत लौटेगा**

स्वतंत्र प्रभात

ईरान के कब्जे में मौजूद जहाज से आजाद होकर देश लौटी भारतीय क्रू सदस्य ऐन टेसा जोसेफ ने विदेश मंत्रालय को धन्यवाद कहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐन ने कहा, "विदेश मंत्रालय के सीधे हस्तक्षेप की वजह से ही मैं इतनी जल्दी आ पाई हूं।"

ईरान में जहाज पर बिताए समय के बारे में बताते हुए ऐन ने कहा, "मुझे उम्मीद नहीं थी कि ऐसा कुछ हो सकता है। जहाज पर हमें किसी भी तरह की परेशानी नहीं हुई। जहाज को कब्जे में लेने वाले लोगों ने हमारे साथ अच्छा व्यवहार किया। हमे खाने-पीने की कोई दिक्कत नहीं थी। हम अपनी मेस में खाना पका सकते थे। बस खाना खाने के लिए हमें अपने केबिन में लौटना होता था।"

गुरुवार (18 अप्रैल) को ईरान के जब्त किए गए शिप से महिला भारतीय कैडेट ऐन टेसा जोसेफ भारत लौट आई थी। वे केरल के कोचीन एयरपोर्ट पर लैंड हुई थी, जहां रीजनल पासपोर्ट अधिकारी ने उनका स्वागत किया था।

**बंधकों से किया गया अच्छा व्यवहार**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐन ने कहा , "मुझे पता था कि युद्ध चल रहा है, लेकिन जहाज को बंधक बनाए जाने की आशंका नहीं थी। भले ही उन्होंने जहाज को जब्त कर लिया, लेकिन उन्होंने चालक दल के साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया। वहां मेरे साथ केरल के चार और लोग है। भारत सरकार शिप पर फंसे बचे लोगों को निकालने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।"

**केरल की रहने वाली है ऐन टेसा जोसेफ**

भारत लौटी ऐन टेसा जोसेफ केरल के त्रिशूर जिले की रहने वाली हैं। वह शिप पर भारतीय क्रू का हिस्सा थीं। इससे पहले जोसेफ के परिवार ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर आरोप लगाया था कि उन्होंने विदेश मंत्रालय को क्रू मेंबर्स को छुड़ाने के लिए जो लेटर लिखा है, उसमें ऐन टेसा का नाम नहीं है। इस जानकारी के बाहर आने के बाद केरल के सीएम विजयन ने जोसेफ के परिवार से बात की थी।

**विदेश मंत्री जयशंकर ने जताई थी खुशी**

ऐन टेसा जोसेफ की वतन वापसी पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने खुशी जताई थी। उन्होंने X पर लिखा था, "इंडियन एम्बेसी ने शानदार काम किया है, खुशी है कि एन टेसा जोसेफ घर पहुंच गई हैं। मोदी की गारंटी देश या विदेश सभी जगह काम करती है।"



दरअसल, इजराइल पर हमले से पहले ईरान ने भारत आ रहे पुर्तगाल के झंडे वाले एक जहाज को ओमान की खाड़ी में होर्मुज पास से जब्त किया था। इसकी जानकारी 13 अप्रैल को दी गई थी। इस पर 25 क्रू मेंबर मौजूद थे जिनमें 17 भारतीय और दो पाकिस्तानी थे। 16 भारतीय अब भी शिप पर है। शिप इजराइली अरबपति का था और भारत आ रहा था।

**शिप पर मौजूद भारतीय क्रू स्वस्थ, जल्द देश लौटेगा**

भारत के विदेश मंत्रालय ने जोसेफ की रिहाई के बाद प्रेस रिलीज जारी किया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार शिप पर मौजूद बाकी 16 भारतीयों के संपर्क में हैं। क्रू के सारे सदस्य स्वस्थ हैं और भारत में अपने परिवारों के साथ संपर्क में भी हैं। इन लोगों की घर वापसी के लिए ईरानी अधिकारियों के साथ बातचीत की जा रही है।

डिप्लोमेटिक चैनल्स के जरिए भारत का विदेश मंत्रालय लगातार ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है। जहाज पर फंसे बचे हुए भारतीयों को छुड़ाने की कोशिश की जा रही है। इससे पहले 14 अप्रैल को विदेश मंत्री जयशंकर ने बताया था कि इस मामले को लेकर उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री से बात की है। उन्होंने कहा था कि भारतीय अधिकारियों को जल्द क्रू में शामिल भारतीय नागरिकों से मिलने की इजाजत दी जाएगी।




## संक्षिप्त ख़बरें

### शारदानगर पुलिस द्वारा वाछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया



**लखीमपुर खीरी** पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में सम्पूर्ण जनपद में वांछित/वांरटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्ग दर्शन में थानाध्क्ष बृजेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में थाना शारदानगर पुलिस टीम द्वारा चकई पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वाछित अभियुक्त का विवरण। पिंकू पुत्र रमाकान्त निवासी ग्राम रैंगवा थाना शारदानगर जनपद खीरी। अभियुक्त के विरूद्ध पंजीकृत अभियोग का विवरण। मु0अ0सं0 62/2024 धारा 376(3)/305 भादवि व 4(2) पास्को एक्ट 3(2)(5) स्ष्ट/स्ञ्ज ष्ह्र थाना शारदागनर खीरी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1. उ0नि0 अम्बेश्वर दत्त त्रिपाठी थाना शारदानगर खीरी 2. हे0का0 राजीव यादव थाना शारदानगर खीरी 3. हे0का0 संजय कुमार थाना शारदानगर खीरी

### नुक्कड़ सभाओं में निवर्तमानसांसद, क्षेत्रीय विधायक ने अबकी बार 400 पार की भरी हुंकार



**कोथावां/हरदोई-** 32- मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालामऊ विधानसभा के कोथावां मंडल के पलिया रायसिंह, जरौआ, कल्यानमन में निवर्तमान सांसद व क्षेत्रीय विधायक ने नुक्कड़ सभा के जरिए मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील की। बता दे शुक्रवार को निवर्तमान सांसद अशोक रावत व क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने अपने भाजपा कार्यकर्ताओं,प्रधानों, जनता के बीच पहुंचकर नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से केंद्र सरकार, राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पार्टी की नीतियों व संकल्प पत्र के बारे में बताया। सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के दृढ़ संकल्प पर चलकर आज भारत विकसित भारत संकल्प की ओर बढ़ रहा है। मोदी का सपना 2047 तक संपूर्ण भारत को विकसित भारत बनाने का जो लक्ष्य है। जो धीरे-धीरे आज साकार होता नजर आ रहा है। लोकसभा प्रत्याशी अशोक रावत ने जनता का हौसला अफजाई करते हुए हाथ उठाकर अबकी बार 400 पार का नारा भी लगवाया। तो क्षेत्रीय विधायक ने मौजूद जनता के बीच अबकी बार 400 पार की हुंकार भी भरी।इस अवसर पर कोथावां मंडल अध्यक्ष अमरिश सिंह, बेनीगंज मंडल अध्यक्ष देव सेन अवस्थी, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र सिंह, भाजपा पदाधिकारियों एवं प्रधान बन्धु सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 21 राज्यों की 102 सीटों पर पहला फेज संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

2024 के लोकसभा महाकुंभ वोटिंग का पहला चरण छिट-पुट घटना के बाद शांतिपूर्ण संपूर्ण हो गया। 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर पहले चरण के मतदान में 5 बजे तक मध्यप्रदेश में 65 त्न,राजस्थान में 50%, बंगाल में सबसे ज्यादा 77% वोटिंग डालने की सूचना है। बता दें कि सीटों के हिसाब से यह सबसे बडा फेज है। इसमे 21 राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग पूरी हो गई है। मतदान शाम 6:00बजे तक चला। इस महा-मत पर्व में दिव्यांगजनों ने भी बड-चढ कर अपने मतों का प्रयोग किया। इसके लिए भले वह अपने परिचितों की गोदी, बैसाखी के सहारे मतदान केन्द्र तक पहुंचे।कुल वोटिंग प्रतिशत 60 फीसदी तक दर्ज किया गया। वोट टर्न आउट ऐप के मुताबिक शाम 5:00बजे तक सबसे ज्यादा मतदान बंगाल में 77.57 त्न फीसदी हुआ। सबसे कम वोटिंग बिहार में 46.32 त्न हुई है। वही 21 राज्यों में वोटिंग का एवरेज 62.8 × है। वोटिंग के दौरान मणिपुर के विष्णु पुर में फायरिंग,बंगाल के कूचविहार में हिंसा और छत्तीसगढ के बीजापुर में ग्रेनेड ब्लास्ट की खबर है। ब्लास्ट में एक असिस्टेंट कमांडेंट और जवान घायल है।





मणिपुर की दो लोकसभा सीटों (मणिपुर इनर और मणिपुर आउटर सीट के कुछ हिस्सों में 26 अप्रैल को भी वोटिंग होगी। उल्लेखनीय है पहले चरण में 1625 उम्मीदवार चुनाव लड रहे हैं। इनमें 1491 पुरूष ,134 महिला कैंडीडेट है। इस पहले फेज के चुनावी दंगल में 8 केंद्रीय मंत्री,एक पूर्व राज्यपाल भी इस बार चुनाव मैदान में है। इस फेज के बाद 26 अप्रैल को दूसरे फेज की वोटिंग होगी। कुल.7 चरण में 543 सीटों पर 1 जून। मतदानखत्म होगा।सभी सीटों के परिणाम 4 जून को आएगें। पहले चरण के मतदान में 18 लाख से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया गया। 16.63 करोड से अधिक वोटर्स ने अपने अधिकार का प्रयोग किया। इनमें 8.4 करोड पुरूष,8.23 करोड महिलाए और 11,371 थर्ड जेंडर शामिल है। इस चरण में 20-29 साल के युवा वर्ग की संख्या 3.51 करोड है,जिन्होने अपने मत का प्रयोग किया। इसके अलावा 35.67 लाख नए मतदाताओ को जोडा गया। जिन्होने पहली बार अपना मतदान किया।

# जेल में बंद दिल्ली सीएम केजरीवाल की डाइट पर सियासी फाइट

स्वतंत्र प्रभात

**दिल्ली।** शराब घोटाले में तिहाड जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की डाइट को लेकर हंगामा मचा है। आप के सांसद संजय सिंह ने तो यह तक कह डाला कि केजरीवाल के खिलाफ गहरी साजिश रचने का आरोप लगाया है। संजय सिंह का बीजेपी पर आरोप है कि केजरीवाल के साथ जेल में किसी भी तरह का हादसा हो सकता है। संजय सिंह का कहना है कि साजिश जेल में केजरीवाल की शुगर लेबल बढने के बावजूद मीठा खाने को दिया जा रहा है। आम आदमी सांसद ने इसे लेकर राष्ट्रपति और चुनाव आयोग से शिकायत करने की बात की है। संजय सिंह ने ने यह भी कहा कि जेल नियमों के मुताबिक किसी भी कैदी के बारे में उसके स्वास्थ्य या खानपान से संबंधित कोई भी जानकारी सार्वजनिक नही की जा सकती है।संजय सिंह ने सवालिया लहजे में कहा कि ईडी ने किस अधिकार से केजरीवाल का झूठा डा इट चार्ट प्रचारित करवाया। क्या किसी बहाने से अरविंद केजरीवाल को जहर देने की साजिश रची जा रही है। क्या साजिश है?उधर बीजेपी के मनोज तिवारी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को कोर्ट के मुताबिक खाना उनके घर से लाया जाता है। उन्हें खाने में मीठी चाय, फल, पूरी हलवा तक खिलाया गया ह। जिससे उनका शुगर लेबल बढ गया है। तिवारी ने कहा कि उन्हें जेल का खाना नही दिया जाता है। उनकी रोजाना बाकायदा डाक्टरों द्वारा मेडिकल जांच की जाती है। आप के संजय सियासी आरोप गढ रहे हैं। मनोज तिवारी ने तो यह तक कह डाला कि केजरीवाल को गाजियाबाद की डालना जेल में शिफ्ट कर दिया जाना चाहिए। वहां पर इनकी अच्छी देखभाल हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि इसी हफ्ते पंजाब के सीएम भगवंत मान केजरीवाल से जेल में मुलाकात करने गए थे। मान का आरोप था कि जेल में उन्हें आतंकवादियों की तरह ट्रीट किया जा रहा है।



# पुलिस ने तमंचा सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शिकोहाबाद।** थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को मुखबिर की सूचना पर असुआ रोड रेलवे लाइन अंडर ग्राउंड पुल के पास से गिरफ्तार किया है। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर किया है। प्रभारी निरीक्षक ने पकड़े गये आरोपी का नाम इजहान निवासी रुकनपुरा बताया है। उन्होंने बताया कि आरोपी को न्यायाय के आदेश पर जेल भेजा गया है। वहीं नसीरपुर पुलिस ने विभिन्न आरोपों में वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया कि बबलू निवासी लखनपुरा और विकास निवासी ग्राम बहोरीडाडा न सीरपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है।



# बालाजी मंदिर से गायत्री मंदिर तक निकाली गई रंग शोभा यात्रा

**शाहाबाद हरदोई।** रामनवमी के उपलक्ष में नगर के प्रमुख मार्गो से एक रंग शोभा यात्रा निकाली गई। यह रंग शोभा यात्रा बालाजी मंदिर चौक से आरंभ होकर मां गायत्री मंदिर दिलेरगंज पहुंची। जहां पर रंग शोभा यात्रा का समापन किया गया। रामनवमी के उपलक्ष में अयोध्या और शाहाबाद में रंग शोभा यात्रा निकालने की परंपरा है। यहां सरदारगंज चौकी के निकट गाजे बाजे के साथ रंग शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात बसंत गुप्ता के नेतृत्व में यह रंग शोभा यात्रा नगर के चौक, सराफा बाजार, घंटाघर, सदर बाजार, बड़ी बाजार, स्टेट बैंक होते हुए दिलेरगंज स्थित मां गायत्री मंदिर पहुंची, जहां पर शोभा यात्रा का समापन किया गया। रंग शोभा यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में युवक एक दूसरे पर रंग फेंक कर खुशी का इजहार कर रहे थे और जय श्री राम के नारे लगाकर वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। डीजे के भक्ति पूर्ण गीतों की धुनों पर रंग शोभा यात्रा में शामिल युवक नृत्य करते हुए देखे गए। इस मौके पर रंगबाजी के दौरान पूरा मार्केट बंद रहा। रंग शोभा यात्रा में पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। रंग शोभा यात्रा में धीरू अवस्थी, दीपक गुप्ता, रचित गुप्ता, रमाकांत मौर्य, कल्लू गुप्ता, गुड्डू गुप्ता, संजय ओमर एवं मनोज गुप्ता आदि शामिल रहे।



# एक लोकसभा चुनाव वो भी था जब देव आनंद ने अच्छे-अच्छों का दहला दिया था

**● देश के भविष्य को लेकर देवानंद की सोच दूरदर्शी थी. एक दौर ऐसा भी आया था जब देवानंद ने इंदिरा और संजय गांधी की खिलाफत कर दी थी. इस दौरान उन्होंने एक बड़ा फैसला भी ले लिया था.**

स्वतंत्र प्रभात

लोकसभा चुनाव 2024 की शुरुआत हो चुकी है. ये चुनाव 19 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं. इस बार भी चुनावों में बॉलीवुड, साउथ इंडस्ट्री, भोजपुरी और बंगाली सिनेमा के जाने-माने अभिनेता फिर से नेता बनने की दौड़ में शामिल हुए हैं. लेकिन क्या आपको पता है कि फिल्म इंडस्ट्री और पॉलिटिक्स का ये रिश्ता अभी-अभी नहीं बना है.

इसकी शुरुआत बहुत-बुहत पहले हो चुकी थी. अमिताभ बच्चन ने तो 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में ही अपनी किस्मत आजमा ली थी. उन्होंने इलाहाबाद से कांग्रेस की टिकट पर न सिर्फ चुनाव लड़ा, बल्कि 2 लाख वोटों से जीता भी.

खैर हम आज जिस अभिनेता की बात करने जा रहे हैं, वो अमिताभ नहीं हैं. हम बात करने जा रहे हैं ऐसे अभिनेता की जिन्होंने अमिताभ के चुनाव लड़ने से भी सालों पहले खुद की एक राजनीतिक पार्टी ही बना डाली थी.

इस राजनीतिक पार्टी का नाम नेशनल पार्टी ऑफ इंडिया था. जिसका गठन देवानंद साहब ने इमरजेंसी के भयानक दौर के तुरंत बाद यानी साल 1979 में किया था. इसके बारे में उन्होंने अपनी ऑटोबायोग्राफी में लिखा भी है.

ये किस्सा तब का है जब जून 1975 में इंदिरा गांधी के पीएम रहने के दौरान इमरजेंसी लगाई गई थी. और उसके तुरंत बाद इस बॉलीवुड स्टार ने बिना किसी डर के न सिर्फ पार्टी बनाई, बल्कि लोकसभा चुनाव लड़ने का टिकट भी दिया.

**जब मनमौजी देवानंद से नाराज हो गए कांग्रेसी**

फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 1976 में देवानंद से कांग्रेस की तरफ से गुजारिश की गई थी कि वो संजय गांधी की तारीफ में कुछ शब्द कहें. देवानंद तो ठहरे मनमौजी उन्होंने साफ इंकार दिया. दौर इमरजेंसी का था तो वही हुआ जो होना था.

तानाशाही का प्रदर्शन करने में कोई कोताही नहीं बरती गई. देवानंद की फिल्मों और गानों को टीवी में दिखाना बंद कर दिया गया. यहां तक कि ऑल इंडिया रेडियो में भी उनके नाम से जुड़ा कुछ भी बताने या सुनाने तक पर बैन लगा दिया गया.

**देवानंद ने कैसे दिया जवाब?**

देवानंद अपनी मर्जी के मालिक थे. उन्हें ये बात बुरी लगी कि कोई सरकार इस तरह से तानाशाह कैसे हो सकती है. उन्हें जवाब देने का मौका भी उसी वक्त मिल गया जब इमरजेंसी खत्म ही हुई थी और देश में 1977 के लोकसभा चुनाव होने वाले थे.

जब संसदीय चुनावों की घोषणा हुई तो देवानंद को जाने-माने वकील रामजेठमलानी की तरफ से न्योता भेजा गया कि वो जनता पार्टी के उस अभियान का हिस्सा बनें जो इंदिरा और संजय गांधी के खिलाफ था.

इस बात पर देवानंद सहमत हुए और उन्होंने जनता पार्टी की ओर से कई नेताओं जैसे कि मोरारजी देसाई और जेपी नारायण के साथ मंच भी साझा किया. कुछ भाषण भी दिए.

**लेकिन देवानंद का मोहभंग यहां से भी हो गया**

जनता पार्टी के चुनाव जीतने के बाद मोरारजी देसाई को पीएम बनाया गया था. लेकिन, आंतरिक कलह इस सरकार को ले डूबी और मोरारजी देसाई को पीएम पद से साल 1979 में इस्तीफा देना पड़ा. देवानंद इस बात से खफा हो गए और उनका इन नेताओं से मोहभंग हो गया.

इसके बाद अगले ही साल यानी 1980 में फिर से लोकसभा चुनाव हुए. मोरारजी देसाई के इस्तीफा देने से लेकर 1980 के चुनावों के बीच का ही ये समय वो समय था जब देवानंद ने 'नेताओं की सबक' सिखाने की ठान ली और इसके लिए उन्होंने अपनी खुद की नई पार्टी नेशनल पार्टी ऑफ इंडिया का गठन कर लिया.

**देवानंद ने अपनी ऑटोबायोग्राफी में बताई हैं ये बातें**

देवानंद की ऑटोबायोग्राफी में 'रोमांसिंग विद लाइफ' में उन्होंने खुद ये खुलासा किया था. उन्होंने लिखा था, "मै नेशनल पार्टी ऑफ इंडिया का अध्यक्ष चुना गया और मैंने इस चुनौती को स्वीकार किया." इसी किताब में आगे ये भी बताया गया है कि ऐसे लोगों को पार्टी से जोड़ा गया जो अपने-अपने स्तर पर काबिलियत रखते थे.

कुछ लोगों को लोकसभा चुनाव लड़ने का टिकट भी दिया गया. इस पार्टी की रैली मुंबई के शिवाजी पार्क में हुई थी, जिसमें इतनी भीड़ आ गई कि बाकी राजनीतिक पार्टियों को ये खतरे की घंटी लगने लगी. इस रैली में सिर्फ देवानंद ही नहीं, जीपी सिप्पी और संजीव कुमार जैसे लोग भी शामिल हुए थे.

**देवानंद देश का भविष्य कैसा चाहते थे?**

इस मामले में देवानंद बहुत दूरदर्शी थे. वो एक ऐसे समाज की स्थापना करना चाहते थे जहां सब लोग बराबर हों. उन्होंने कहा था कि अब समय आ गया है कि भारत की संसद में भारत की जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग ऐसे हों जो बुद्धिमान हों, अच्छी जानकारी रखते हों और उनमें ये खास बात भी हो कि वो अच्छे लोग हों.

देवानंद ने अपनी आत्मकथा में ये भी लिखा है कि कितना अच्छा हो अगर हर गांव में बिजली और पानी की व्यवस्था हो जाए. कितना बढ़िया हो कि प्राचीन सभ्यता और आधुनिक भारत को जोड़ने के लिए एक लंबी छलांग लगाई जाए.

उन्होंने ये भी लिखा, "कितना अच्छा हो अगर सभी को इंग्लिश सिखाई जाए और कार में घूमने वाले लोगों से लेकर किसान, मजदूर और कुली जैसे सारे लोग एक दूसरे से जब मिलें तो प्रेम से एक-दूसरे को देखकर हाथ हिलाएं ".




**पार्टी तो बना ली, लेकिन सफल नहीं हो पाए देवानंद**

देवानंद ने पार्टी तो बना ली. लेकिन वो असफल हो गए. वजह ये रही कि शुरुआत में जो लोग बड़े जोश से उनके साथ रैलियों में और बैठकों में जाते थे. उन्होंने ही चुनाव लड़ने से मना कर दिया. उनके समर्थकों में से एक पंडित जवाहरलाल नेहरू की बहन विजयलक्ष्मी पंडित भी थीं. लेकिन उन्होंने भी चुनाव लड़ने से मना कर दिया.

कुछ पैसे वाले लोगों ने शुरुआत में उन्हें चंदा देने की बात तो की लेकिन बाद में उनकी तरफ से भी माकूल समर्थन मिलता नहीं दिखा. देवानंद ने खुद कहा था कि शुरुआत में जो लोग जोश और हौसला बढ़ा रहे थे जब वो ही ठंडे पड़ गए तो मेरा हौसला भी टूट गया और इस तरह से इस पार्टी का अंत हो गया.

**मुकम्मल लांचिंग ही नहीं हो सकी**

पत्रकार रशीद किदवई ने अपनी किताब 'नेता, राजनेता, नागरिक- भारतीय राजनीति को प्रभावित करने वाली 50 हस्तियां' में लिखा है, ÷उनके समर्थकों में पंडित जवाहर लाल नेहरू की बहन विजय लक्ष्मी पंडित भी थीं. हालांकि उन्होंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया था. देव आनंद के एक और मजबूत समर्थक नानी पालकीवाला ने भी चुनावी राजनीति में उतरने से मना कर दिया. इसके अलावा, कुछ संपन्न लोगों की तरफ से भरोसा दिलाए जाने के बावजूद चंदा मिलने की कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही थी. यही नहीं, 500 से अधिक लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवार तलाशना भी कठिन साबित हो रहा था. देव आनंद के शब्दों में, ÷शुरुआत में उत्साह दिखाने वाले लोगों में धीरे-धीरे नजर आने वाली जड़ता ने मेरा जोश ठंडा कर दियाज और यही (नेशनल) पार्टी के अंत का कारण बना. यह एक बहुत अच्छा विचार था, जिसे उसके शुरुआती चरण में ही नष्ट कर दिया गया.÷